माघ शुक्ल पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 20 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 94, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 16

माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज 15


# डबल इंजन सरकार ने निवेशकों के अनुकूल बनाया माहौल

- प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर किया 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं की शुरुआत
- उप्र और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा कर सभी राज्यों और राजनीतिक दलों को सबक लेने का दिया संदेश

NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4.0**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के बहुप्रतिक्षित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में शामिल हुए और रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं की शुरुआत की। यहां उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश की प्रशंसा करते हुए अन्य राज्यों को यहां से सबक लेने का संदेश दिया। कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले सात साल में डबल इंजन सरकार ने लालफीताशाही को हटाकर निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया है और उनके स्वागत के लिए 'लाल कालीन' बिछाए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और उत्तर प्रदेश से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब उत्तर प्रदेश की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। स्वयं को उत्तर प्रदेश का सांसद बताकर यहां से जुड़ी हर उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि उद्योग जगत के साथियों के लिए उत्तर प्रदेश में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी उतना सोचा नहीं होगा जितनी तेजी से उत्तर प्रदेश अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। मोदी ने कहा कि चुनाव सिर पर होने के बावजूद निवेशक विश्वास के साथ सरकार की नीतियों, योजनाओं, प्रस्तावों के साथ खड़े हैं। कहा कि सात साल पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उप्र. में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा।

पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीना झपटी की ही खबरें आती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि उत्तर प्रदेश को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है जो राज्य की तस्वीर बदलने वाले हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने विभिन्न उद्योग समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी की शुरुआत की और स्टालों को देखा। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह समेत औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी और राज्यपाल आनंदी बेन।

### प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन की खास बातें

- जब भी पर्यटन को निकलें, कुल बजट के 20 प्रतिशत से लोकल वस्तु अवश्य खरीदें
- उत्तर प्रदेश में ना केवल क्राइम कम हुआ बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ
- चुनाव नजदीक होने पर लोग नए निवेश से बचते हैं किंतु उत्तर प्रदेश ने सोच तोड़ दी
- तब की सरकारों की सोच थी कि नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ, तरसा के रखो
- मोदी की गारंटी के साथ ही पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न देने की गारंटी मान रही
- पुरानी सोच को हमने बदला, जीवन आसान होगा तो निवेश-कारोबार भी आसान होगा
- जबतक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिलता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठने वाली
- यही वो समाजिक न्याय है, जिसका सपना जेपी नारायण और लोहिया जी ने देखा था
- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मुफ्त बिजली मिलेगी, अतिरिक्त कमाई भी होगी
- देश-दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर पहुंचना चाहिए भारत में उत्पादित खाद्य पदार्थ

- **इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बोले- आपने जितना कभी सोचा भी नहीं होगा उतनी तेजी से उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर बढ़ रहा**

### रक्षामंत्री ने की मोदी और मुख्यमंत्री योगी की तारीफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है, जो राज्य को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आश्वस्त हूं कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम गढ़ेगा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश को वैश्विक पटल पर आगे ले जाएंगे।

### योगी ने श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर किया स्वागत



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री का आभार जताते हुए आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। योगी ने यहां अपने संबोधन में यूपी की व्याख्या 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' शब्दावली से की।

### जब योगी की नम आंखें बनीं चर्चा का विषय



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगभग 15 मिनट के स्वागत के भाषण के बीच अचानक उनकी नम होतीं आंखे देखकर सभी चौंक गए। प्रधानमंत्री ने भी इस पर गौर किया। पहले ऐसा लगा कि योगी की आंखों में कुछ चला गया है और उन्हें अपनी पलकें तेजी से झपकाते हुए लगभग बंद कर लेनी पड़ रहीं हैं। हालांकि योगी ने न तो अपना संबोधन रोका और न ही वह शब्दों से डगमगाए। इसी बीच उन्होंने अपना भगवा रंग का रुमाल निकाल कर आंखें पोंछ लीं। योगी के इस संकल्प-शक्ति की चर्चा रही, सभी ने प्रशंसा की।

### कांग्रेस के लोग परिवार को ही भारत रत्न देते रहे

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुर्भाग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं।






## किसान नेताओं ने केंद्र का प्रस्ताव ठुकराया



हरियाणा-पंजाब की शंभू सीमा पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते किसान।

- **21 फरवरी को दिल्ली कूच करने का किया एलान**
- **एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग पर अड़े किसान**

चंडीगढ़, एजेंसी

किसान नेताओं ने सरकारी एजेंसियों द्वारा पांच साल तक दाल, मक्का और कपास की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किए जाने के केंद्र के प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि यह किसानों के हित में नहीं है तथा बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी कूच करने का एलान किया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हम सरकार से अपील करते हैं कि या तो हमारे मुद्दों का समाधान किया जाए या अवरोधक हटाकर हमें शांतिपूर्वक विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली जाने की अनुमति दी जाए। किसानों के साथ वार्ता के बाद, तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा एमएसपी पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव दिया था। तीन केंद्रीय मंत्रियों - पीयूष गोयल, अर्जुन मुंडा और नित्यानंद राय की समिति ने रविवार को चंडीगढ़ में चौथे दौर की वार्ता के दौरान किसानों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा था।

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने सरकार के प्रस्ताव को सोमवार को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसमें किसानों की एमएसपी की मांग को भटकाने की कोशिश की गई है और वे स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट में अनुशंसित एमएसपी के लिए 'सी -2 प्लस 50 प्रतिशत फूर्मला से कम कुछ भी स्वीकार नहीं करेंगे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि केंद्र का प्रस्ताव किसानों के हित में नहीं है और हम इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं। पंधेर ने कहा कि हम 21 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे दिल्ली के लिए शांतिपूर्वक कूच करेंगे।

फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा रोक दिए जाने के बाद प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा-पंजाब की सीमा पर स्थित शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं।

## मां ने दो बेटियों का गला घोंटा

संवाददाता, स्वार (रामपुर)

- **अपने पेट में दरांती घोंपकर की जान देने की कोशिश**
- **आरोपी मां रात भर बेटियों के शवों के पास बैठी रही**

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के मझरा खेमवाला में रविवार देर रात छह माह की गर्भवती मां ने अपनी दो बेटियों रोशनी (9) और महक (5) की गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने पेट में दरांती (हंसिया) घोंपकर आत्महत्या का प्रयास किया। देवर अमित उर्फ गुड्डू ने बंद कमरे में भाभी व भतीजियों को जगाने के लिए आवाज दी तो कोई हलचल नहीं हुई। खिड़की की जाली काटकर देखा तब घटना का पता चला। परिजनों ने घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया है।



रोशनी व महक के फाइल फोटो।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि गांव लच्छीवाला के मझरा खेमवाला निवासी अमर सिंह का बेटा अरविंद उत्तराखंड के पिपलिया सुल्तानपुर पट्टी स्थित रेडिको खेतान कंपनी में सुरक्षा गार्ड है। रविवार रात वह ड्यूटी पर था तभी उसकी पत्नी संतोष ने बेटी रोशनी व महक की हत्या कर दी। आरोपी मां रात भर बेटियों के शवों के पास बैठी रही। आत्महत्या करने का भी प्रयास किया। सुबह पति ने फोन किया तो पत्नी का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद उसने भाई अमित को फोन किया तो वह भाभी संतोष के कमरे पर पहुंचा। आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कमरे की खिड़की की जाली काटकर देखा तो बच्चियों के शव बिस्तर पर पड़े थे। महिला भी वहीं पड़ी थी उसके पेट में दरांती घुसी हुई थी। एसपी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से परेशान थी।

## सपा ने आंवला से नीरज मौर्य को बनाया प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**लोकसभा चुनाव**

- **सपा ने 11 और सीटों पर उतारे उम्मीदवार, शाहजहांपुर से राजेश**
- **मुख्तार के भाई अफजाल की गाजीपुर से उम्मीदवारी बनी चर्चा**

**अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी (सपा) ने सोमवार को उप्र से 11 और लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक को प्रत्याशी बनाया है जो चर्चा का विषय है। मुजफ्फरनगर, रालोद के प्रभाव वाली सीटों में से एक है। ऐसे में अब साफ हो गया है कि सपा और रालोद के रास्ते जुदा हैं।

हरेंद्र मलिक को पश्चिम उत्तर प्रदेश में जाटों का बड़ा नेता माना जाता है। मलिक अल्पसंख्यक समाज में भी अच्छी पकड़ रखते हैं। गाजीपुर और मुजफ्फरनगर के अलावा सपा ने आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है।






### चंदा कोचर व उनके पति की गिरफ्तारी अनुचित

**मुंबई।** बम्बई हाईकोर्ट ने ऋण धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ चंदा कोचर तथा पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी को सत्ता का दुरुपयोग करार देते हुए कहा कि दोनों की गिरफ्तारी बिना सोचे समझे व कानून का उचित पालन किए बिना की गई थी।

### रिश्वत लेते ईपीएफओ अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने सोमवार को सॉफ्टवेयर कंपनी से दो लाख रुपये रिश्वत लेते हुए ईपीएफओ के अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। तमिलनाडु के तिरुनेवेली में ईपीएफओ अधिकारी पी. काबिलन ने कंपनी को केंद्र सरकार की योजना में मिली तीन करोड़ रुपये की राशि में से 15 लाख रुपये रिश्वत मांगी थी।

## संभल में मोदी ने किया कल्कि धाम का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, संभल

**नवजागरण**

- **प्रधानमंत्री बोले- यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का अद्भुत पल है**
- **मोदी के नेतृत्व में आस्था का सम्मान व आजीविका की गारंटी दोनों हैं : योगी**

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संभल जिले के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के सांस्कृतिक नवजागरण का एक और अद्भुत क्षण है। आज यूपी में प्रभु राम और प्रभु कृष्ण की भूमि से भक्ति भाव और आध्यात्मिकता की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है।




प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण का चित्र भेंट करते मुख्यमंत्री साथ में आचार्य प्रमोद कृष्णम व अन्य।


आचार्य प्रमोद कृष्णम के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री सोमवार को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी व साधु-संतों के साथ ही भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री सीधे कल्कि धाम के गर्भगृह पहुंचे। उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्माओं ने वैदिक मंत्रों के बीच पूजन कराया। प्रधानमंत्री ने पूजन के बाद कल्कि धाम निर्माण के लिए शिला को स्थापित किया। शिलान्यास के बाद सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले महीने ही 22 जनवरी को देश ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। अरब की धरती पर आबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। अब हम यहां संभल में भगवान कल्कि धाम के शिलान्यास के गवाह बन रहे हैं। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभर कर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम के वैभव को काशी की धरती पर निखरता हुआ देखा है। महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी है। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है। हम विकास और विरासत के मंत्र को भी आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे देश के संत और आचार्य नए मंदिर बनवा रहे हैं वैसे ही मुझे ईश्वर ने राष्ट्र रुपी मंदिर के नवनिर्माण का दायित्व सौंपा है। मैं दिन रात राष्ट्र रुपी मंदिर को भव्यता देने में लगा हूं उसके गौरव का विस्तार कर रहा हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और न ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जैसे शबरी को राम के आने का विश्वास था वैसे ही उन्हें भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन का विश्वास था। प्रधानमंत्री के साथ जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी व सद्गुरु रितेश्वर जी महराज भी मंचासीन रहे।

# एयरपोर्ट पर 10 मिनट प्रधानमंत्री... 24 घंटे तनाव में रहे अफसर

**बरेली, अमृत विचार :** संभल में कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास करके लौटते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरफोर्स के त्रिशूल एयरपोर्ट पर मुश्किल से 10 मिनट के लिए रुके लेकिन उनका इतना भर कार्यक्रम अधिकारियों के लिए तनाव की वजह बना रहा।

रविवार से ही जिले के उच्चाधिकारी प्रधानमंत्री की अगवानी के साथ उनके संभावित सवालों का जवाब देने के लिए तैयारी करते रहे। चूंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले से शहर में मौजूद थे, इसलिए अफसरों को और ज्यादा सतर्क रहना पड़ा। प्रधानमंत्री कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास करने के बाद लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लेने जाने के लिए दोपहर करीब 12 .45 बजे हेलीकॉप्टर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ त्रिशूल एयरबेस पर उतरे। यहां वह करीब 10 मिनट तक रुके। जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने उनकी अगवानी की। इसके बाद अफसरों ने भी उनका अभिवादन किया। इसके बाद वह लखनऊ रवाना हो गए। एयरबेस पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, एडीजी पीसी मीना, आईजी डॉ. राकेश सिंह, डीएम रवीन्द्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चन्द्रभान पीएम का अगवानी करने पहुंचे थे।

## प्रधानमंत्री के उड़ान भरने तक सड़क पर आवाजाही बंद



प्रधानमंत्री के जाने के बाद बाहर निकलतीं अफसर।


प्रधानमंत्री के चेंजओवर के दौरान एयरफोर्स स्टेशन के बाहर रोका गया ट्रैफिक। ● अमृत विचार



### मुख्यमंत्री के लिए कारपेट लेकर पहुंची पुलिस

सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह करीब 8 :50 बजे पुलिस लाइन से संभल जाने के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए। इससे पहले आननफानन यहां उनके लिए इंतजाम किए गए। पुलिसकर्मी बाइक पर कारपेट लेकर पहुंचे जिसे पुलिस लाइन के गेट से हेलीपैड तक बिछाया गया।

## मुख्यमंत्री को विदाई देने पहुंचे अफसर-जनप्रतिनिधि

मुख्यमंत्री के संभल में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में जाने से पहले शनिवार की रात बरेली में विश्राम किए जाने की वजह से शनिवार सुबह से ही अफसर चकरघिन्नी बने रहे। मुख्यमंत्री रविवार रात करीब आठ बजे बरेली पहुंचे थे जिसके बाद उन्होंने देर रात तक अफसरों के साथ अनौपचारिक बैठक कर उनसे बरेली के बारे में फीडबैक लिया था। इसके बाद रविवार सुबह भी जल्दी ही जिले के प्रमुख अफसर सर्किट हाउस पहुंच गए। हालांकि मुख्यमंत्री सुबह अफसरों से ज्यादा मुखातिब नहीं हुए। सुबह करीब साढ़े सात बजे सांसद संतोष गंगवार, मेयर उमेश गौतम, वन राज्यमंत्री डा. अरुण कुमार, विधायक डॉ. एमपी आर्या, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा और डॉ. डीसी वर्मा भी पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने उन्हीं के साथ नाश्ता किया। इस बीच विधायकों की समस्याएं भी सुनीं। इसके बाद वह पुलिस लाइन निकल गए। करीब 8 :50 बजे उनका हेलीकॉप्टर संभल के लिए उड़ गया।



# जनसहयोग से हल करें छुट्टा पशुओं की समस्या

## विधायकों के छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठाने के बाद मुख्यमंत्री ने अफसरों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुबह नाश्ते के दौरान जिले के विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने जिले में छुट्टा पशुओं की समस्या रखी। मुख्यमंत्री ने विधायकों की बात को गंभीरता से सुना। इसके बाद अफसरों को निर्देश दिया कि वे छुट्टा पशुओं की समस्या पर नियंत्रण के लिए जनता का सहयोग लें। नाश्ते के दौरान

### डॉ. आर्य ने दिया सांड़ों को बधिया कराने का सुझाव

छुट्टा पशुओं की समस्या पर बातचीत के दौरान नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य ने मुख्यमंत्री को सांड़ों को बधिया कराने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बधिया कराए जाने के बाद सांड़ों की उग्रता में कमी आएगी और वे लोगों पर हमला नहीं करेंगे। बता दें कि पिछले दिनों अमृत विचार से बातचीत में आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने सांड़ों को बधिया कराने का सुझाव दिया था।

विधायकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले में छुट्टा पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है और उनकी वजह से हादसे भी हो रहे हैं। सरकारी विभागों की ओर से इस समस्या पर काबू पाने के लिए कोशिशें तो की जा रही हैं लेकिन इसके बाद भी समस्या हल नहीं हो रही है। विधायकों ने मुख्यमंत्री को पिछले कुछ दिनों में सांड़ों के हमलों की घटनाओं के बारे में भी बताया। कहा, इस तरह की घटनाओं से लोगों की नाराजगी भी बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री ने विधायकों की बात को गंभीरता से सुना। इसके बाद छुट्टा पशुओं की रोकथाम के लिए जिले में किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली। इसके बाद अफसरों से कहा कि वे पशुओं पर नियंत्रण के लिए जनता का सहयोग लें। लोगों से अपील भी करें कि वे अपने पशु खुले न छोड़ें।

## कष्टों से मुक्ति की आस...



तस्वीर रविवार रात 12 बजे जंक्शन पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट की है जिसे पुलिस भर्ती परीक्षा देकर लौट रहे अभ्यर्थियों ने अपनी ट्रेन आने तक के लिए अपना बसेरा बना लिया था। चिंतित मुद्रा के साथ लटके हुए चेहरे बता रहे थे कि परीक्षा देने के बाद भी मन में कोई फांस अटकी हुई है जो बेरोजगारी की टीस को और बढ़ा रही है। शायद इसी टीस ने सर्दी और थकान होने के बावजूद उन्हें आरामतलब नहीं होने दिया। किसकी परीक्षा कैसी हुई, आपस में गपशप कर समय काटने का यह विकल्प भी मन को नहीं भाया। ● मोहित कुमार सिंह

# 23 हजार बेरोजगारों की उम्मीदों की प्राण प्रतिष्ठा

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : जीआईसी ऑडिटोरियम में देखा गया सजीव प्रसारण, निवेशकों को सम्मानित भी किया गया

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी
### 274 इकाई, 31 हजार करोड़ का निवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की लखनऊ में हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का यहां जीआईसी ऑडिटोरियम में सजीव प्रसारण देखा गया। दस करोड़ से कम निवेश करने वाले 175 निवेशकों को यहां बुलाया गया था जिनमें से 22 को सम्मानित भी किया गया। 274 नए उद्योगों के साथ 31 हजार करोड़ के निवेश और 23 हजार रोजगार के अवसरों की प्राण प्रतिष्ठा के इस कार्यक्रम में सभी शीर्ष अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के साथ उद्यमी और निवेशक भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि नए उद्योग स्थापित होने के बाद बरेली की तस्वीर बदल जाएगी।

जीआईसी ऑडिटोरियम में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में डॉ. अरुण ने कहा कि आने वाले दिनों में बरेली के युवाओं को बरेली में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे और उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा। बरेली में निवेशक कई नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। बरेली में बनने जा रहे आईटी पार्क में पांच सौ युवा इंजीनियरों को मौका मिलेगा। सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि प्रदेश उद्योग की स्थापना की ओर बढ़ रहा है। भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी और उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने कहा कि पहले यूपी में उद्यमी उद्योग लगाना नहीं चाहते थे लेकिन अब बिना किसी दिक्कत के उद्योग लगाकर बेरोजगारों को रोजगार मुहैया करा रहे हैं। मेयर उमेश गौतम ने निवेशकों से बरेली में बदलती अवस्थापना सुविधाओं का हवाला देते हुए ज्यादा से ज्यादा निवेश की अपील की। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कहा कि अगर किसी उद्यमी को कोई समस्या हो तो उन्हें अवगत कराएं। कार्यक्रम में डीएम रविंद्र कुमार, सीडीओ जगप्रवेश, संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला, सहायक आयुक्त कामिनी यादव, पीडी तेजवंत सिंह, डीडीओ दिनेश कुमार यादव, सहायक आयुक्त उद्योग अर्चना पालीवाल, उद्यमी अजय शुक्ला, तनुज भसीन, गौरव मित्तल, मोहित अग्रवाल, राजेश गुप्ता, मुकुंद पांडेय, अमन, विमल रेवाड़ी मौजूद रहे। संचालन उन्मुक्त संभवशील ने किया।

**ये निवेशक हुए सम्मानित :** शिल्पी गुप्ता, ऋषिपाल, डॉ. फैज शमसी, अमन तिवारी, हसन मियां, जतिन, नसीफ अंसारी, फिदा हुसैन, मोबीन अहमद, तनवीर, शालू सक्सेना, हेमंत यादव, नंदकिशोर श्रीवास्तव, विनीत शर्मा, विनीत वर्मा, मो. फरियाद, सुधीश पांडेय, कमल सैनी, जगदीश सिंह, विनय गंगवार, पुत्तू सिंह जीआईसी ऑडिटोरियम में सम्मानित हुए।


सम्मानित उद्यमियों के साथ सांसद संतोष गंगवार, मंत्री डॉ. अरुण, मेयर उमेश गौतम, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीएम रविंद्र कुमार और सीडीओ जग प्रवेश। ● अमृत विचार


जीआईसी में हुए कार्यक्रम में मौजूद उद्यमी। ● अमृत विचार

**मंडल में 41 हजार करोड़ का निवेश :** संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने बताया कि मंडल की 537 परियोजनाओं में 41 हजार करोड़ और बरेली जिले की 274 परियोजनाओं में 31350 करोड़ का निवेश होगा। इन्हें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल किया गया है।

### वन मंत्री ने अपने ही गले में डाला शॉल तो लगे ठहाके



जीआईसी ऑडिटोरियम में एक ऐसा भी वाकया हुआ कि मंच पर मौजूद अधिकारी और जनप्रतिनिधि ठहाके लगाकर हंस पड़े। दरअसल, मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण निवेशकों को शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित कर रहे थे। इस बीच एक निवेशक के आने में देर लगी तो उन्होंने शॉल अपने ही गले में डाल लिया और हाथ जोड़कर खड़े हो गए। बाद में वन मंत्री ने अपने गले से शॉल निकालकर निवेशक को सम्मानित किया।

# बीडीए बोर्ड की बैठक में कल 21 सौ करोड़ का बजट होगा पारित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ नाथ धाम इंटीग्रेटेड टाउनशिप योजना को सैद्धान्तिक स्वीकृति देंगे सदस्य

**अमृत विचार :** बीडीए बोर्ड की 88वीं बैठक बुधवार को होगी। इसमें 21 सौ करोड़ के बजट के साथ विकास के कई प्रस्तावों पर सदस्य मुहर लगाएंगे। नाथ धाम इंटीग्रेटेड टाउनशिप योजना की सैद्धान्तिक स्वीकृति भी बैठक में ली जाएगी।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में बदायूं रोड को विकसित करने के लिए भूमि अधिग्रहण में होने वाले खर्च की धनराशि को भी खोला जाएगा। बदायूं रोड के विकास के लिए बीडीए द्वारा लाई जाने वाली योजनाओं को अफसर पेश करेंगे। ग्रेटर बरेली के लिए लगभग 300 करोड़ रुपये सुरक्षित कर लिये गये हैं। शहर को विकसित करने और नया रूप देने में बीडीए आय-व्यय का जो ब्यौरा पेश करेगा वह अभी तक का सबसे बड़ा माना जा रहा है। नाथ धाम कॉरीडोर के लिए भी धनराशि को मंजूरी दी जाएगी। प्राधिकरण में इंजीनियरों की कमी पूरी करने के लिए संविदा पर इंजीनियर रखने की सहमति सदस्यों से ली जाएगी। अल्प आय वर्ग के आवंटियों को किस्तों में ब्याजदर कम करने का प्रस्ताव पिछली बैठक में पास हुआ था। उसकी पुष्टि इस बैठक में होगी। पिछले साल यानि 2023-24 में बीडीए का बजट दो हजार करोड़ था जो 2024-25 में बढ़कर 2100 करोड़ हो जाएगा।

### नगर निगम कार्यकारिणी आज, मांस की दुकानों का उठ सकता है मुद्दा

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी में लगातार मांस की दुकानें बढ़ रही हैं। इसकी वजह से धर्म से जुड़े लोग परेशान हैं और सड़क किनारे दुकानें लगने से अतिक्रमण भी हो रहा है। इस मुद्दे को मंगलवार को नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में सदस्य उठा सकते हैं। बैठक में कुतुबखाना पुल का नाम महादेव पुल रखने का प्रस्ताव भी लाया जाएगा। मेयर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में बैठक में बढ़ते अतिक्रमण से आवागमन में परेशानी का भी मुद्दा उठाया जाएगा। बैठक में एक पटल पर लंबे समय से जमे कर्मचारियों को हटाने का प्रस्ताव भी लाया जाएगा। इसके अलावा नगर निगम के सभी विभागों का आय व्यय का बजट भी रखा जाएगा। कौन विभाग कौन–कौन काम करेगा और उस पर कितना खर्च होगा के अलावा देनदारी का भी ब्योरा रखा जाएगा।

## किला क्षेत्र में आज कई घरों में गुल रहेगी बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** किला उपकेंद्र से जुड़े लगभग 22 हजार घरों में आज चार घंटे बिजली गुल रहेगी। एसडीओ भगवान दास ने बताया कि उपकेंद्र किला से संबंधित 33 केवी लाइन पर अनुरक्षण संबंधी काम कराया जाएगा।

जिसके चलते 11 केवी फीडरों पर मंगलवार दोपहर 12 से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं सोमवार को भी कई क्षेत्रों में बिजली कटौती से लोगों को परेशानी हुई। नकटिया में कई बार कटौती की गई।

## फिर दावा, 25 से गड्ढा मुक्त होंगी सड़कें

**बरेली, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तापमान बढ़ने पर 25 फरवरी से गड्ढा मुक्त अभियान शुरू करेगा। ठंड की वजह से करीब ढाई महीने से शहर और ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत का काम रुका हुआ है।

पीडब्ल्यूडी एक्सईएन नारायण सिंह के मुताबिक शहर में उनकी दो से तीन सड़कें हैं। इसके अलावा अधिकांश सड़कें नगर निगम के अधीन हैं। पीडब्ल्यूडी के अधीन आने वाली ग्रामीण क्षेत्र की कई सड़कों की मरम्मत का काम दो महीने से अधिक समय से रुका हुआ है। इसके अलावा गन्ना विभाग की करीब एक दर्जन सड़कें भी बनाई जानी हैं। जिनका सर्वे पूरा होने पर काम जल्द शुरू किया जाएगा।

नकटिया, मोहनपुर समेत कई जगहों पर कई महीने से सड़कों का काम अधूरा पड़ा है। पीडब्ल्यूडी की ओर से सिर्फ आरसीसी का काम कराया गया। अधूरी सड़क से लोगों को परेशानी हो रही है। अब डामर सड़क बनने से राहत मिलेगी।

## 28 वार्डों में सफाई व्यवस्था के लिए वर्क आर्डर जारी

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के 30 में से 28 वार्डों में सफाई व्यवस्था निजी एजेंसियों के हवाले हो गई। इसका वर्कआर्डर भी जारी हो गया है। अफसरों का कहना है कि वर्क आर्डर में तो मंगलवार से काम करने को कहा गया है लेकिन काम शुरू होने में कुछ समय लग सकता है। एजेंसियां नालियों से सिल्ट निकालेंगी, सड़क पर झाड़ू लगाएंगी। एजेंसी को वार्ड के हर मोहल्ले में नाली और झाड़ू लगानी होगी। ऐसा नहीं हो पाएगा कि कर्मचारी सप्ताह में चार दिन सफाई कार्य करें। निजी एजेंसियों से सफाई कराने के बाद इन वार्डों में लगे 311 सफाई कर्मचारी अन्य वार्डों में समायोजित किये जाएंगे।

## लोड ट्रक गुजरा तो धंस गई बरेली कॉलेज के सामने सड़क



सड़कों का निर्माण कितनी गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है, इसका एक और उदाहरण सोमवार रात बरेली कॉलेज के सामने दिखाई दिया। एक लोड ट्रक गुजरने के बाद यहां सड़क धंस गई और गहरा गड्ढा हो गया। आसपास के लोगों ने इसके बाद उसके चारों तरफ ईंटें लगा दीं ताकि कोई हादसे का शिकार न हो। यह सड़क कुछ ही समय पहले जल निगम ने बनाई थी, तबसे यह कई बार धंस चुकी है।

# जमाने बाद भी इज्जतनगर रेल मंडल की इज्जत सिर्फ पैसेंजर ट्रेनों से

मोनिस खान, बरेली

▸▸ **एक हजार किमी से ज्यादा लंबा रूट, फिर भी रोज चलने वाली मेल एक्सप्रेस ट्रेनें सिर्फ 14**

**अमृत विचार :** काफी हाथ-पैर मारने के बाद भी इज्जतनगर रेल मंडल अपनी पहचान नहीं बदल पाया। दोहरीकरण, विद्युतीकरण और सौंदर्यीकरण पर पानी की तरह पैसा बहाने के बावजूद प्रमुख स्टेशनों से न जुड़ पाने के कारण यह रेल मंडल अब भी दोयम दर्जे से पीछा नहीं छुड़ा पाया है।

रेल मंडल की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसकी 50 फीसदी से ज्यादा ट्रेनें पैसेंजर हैं। इसके बावजूद नई ट्रेनें शुरू करने के कई प्रस्ताव रेलवे बोर्ड और मुख्यालय में अर्से से लंबित पड़े हैं।

इज्जतनगर रेल मंडल में कुल 158 जोड़ी ट्रेनें दौड़ रही हैं जिनमें से 70 पैसेंजर ट्रेनें हैं। इसके अलावा छह डेमू और चार मेमू ट्रेनें इस बेड़े में शामिल हैं। मंडल में 78 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें हैं लेकिन 1018.11 किलोमीटर रूट वाले इस मंडल में रोज चलने वाली मेल एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या सिर्फ 14 है। 16 ट्रेनें साप्ताहिक हैं, तीन-तीन ट्रेनें सप्ताह में तीन, दो और पांच दिन हैं। पैसेंजर ट्रेनों को रोज चलाने में इज्जतनगर मंडल सबसे आगे है। मंडल पर 35 जोड़ी पैसेंजर, तीन जोड़ी डेमू और दो जोड़ी मेमू ट्रेनें प्रतिदिन ओरिजनेट होती हैं।




इज्जतनगर रेल मंडल के अधिकारियों का मुताबिक कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए काफी समय से कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन फिलहाल कोई खास सफलता नहीं मिली है। कर्नाटक के यशवंतपुर और गुजरात के द्वारका तक ट्रेनें चलाने की कोशिशें अब तक कागजों में ही कैद हैं। रामनगर बांद्रा एक्सप्रेस को सप्ताह में दो दिन चलाने के प्रस्ताव को भी काफी समय बाद भी मंजूरी नहीं मिली है। ट्रेनों के न चलने से यात्री परेशान होते हैं।

### कम ट्रेनें इसलिए समयपालन में आगे

इज्जतनगर रेल मंडल की ट्रेनें समय की पक्की मानी जाती हैं। इस साल भी इज्जतनगर रेल मंडल की ट्रेनों के समय पालन का ग्राफ 98 प्रतिशत से ज्यादा रहा। रेल अधिकारी भी मानते हैं कि यह उपलब्धि मंडल को इसलिए हासिल है क्योंकि मंडल में ट्रेनों की संख्या ही बेहद कम है।

### मार्च तक कनेक्टिविटी बढ़ने के आसार

रेल अधिकारी दावा कर रहे हैं कि पीलीभीत से शाहगढ़ तक अमान परिवर्तन और विद्युतिकरण का काम पूरा हो चुका है। मार्च के अंत तक इस रूट पर सीआरएस निरीक्षण और ट्रायल कराकर ट्रेनों को चलाना शुरू करा दिया जाएगा। मैलानी से कुरैया तक ट्रेन पिछले दिनों चलानी शुरू कर दी गई है। शाहगढ़ रूट पर ट्रेनें शुरू होने के बाद करीब आठ साल से बंद पड़ा यह रेल खंड फिर बहाल हो जाएगा। इस रास्ते लखनऊ तक ट्रेनों को चलाया जा सकेगा।

> ट्रेनों को शुरू करने या चलाने की अनुमति रेलवे बोर्ड और मुख्यालय से मिलती है। फिलहाल मंडल में 158 ट्रेनें चलाई जा रही हैं। कई स्टेशनों के लिए नई ट्रेनें चलाने के प्रस्ताव लंबित हैं। पीलीभीत से शाहगढ़ तक काम पूरा होने के बाद इस रूट पर मार्च तक ट्रेनों को शुरू करने की कोशिश की जा रही है।
>
> – **राजेंद्र सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी, इज्जतनगर रेल मंडल

## जीबीसी में होटल रेडिसन को भी मिला सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** जीआईसी ऑडिटोरियम में हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में आरएमएस ग्रुप ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई है। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने होटल रेडिसन के निदेशक मेहताब सिद्दीकी के प्रतिनिधि तनवीर हसन को सम्मानित किया। मेहताब सिद्दीकी ने बताया कि आरएमएस ग्रुप होटल के विस्तारीकरण में अतिरिक्त 100 करोड़ के निवेश का एमओयू करार किया गया है।






# सपा को बरेली में एक और बड़ा झटका देने की तैयारी में भाजपा

## दो और दिग्गजों के पार्टी बदलने के लिए पक रही है खिचड़ी, दोनों के लिए ब्लॉक प्रमुख पद हो सकता है सियासी सौदे का आधार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दोनों की चल रही है भाजपा के नेताओं से बातचीत

**अमृत विचार :** भाजपा जल्द ही बरेली में भी सपा को चूल हिलाने वाला तगड़ा झटका दे सकती है। दिग्गजों में शुमार होने के साथ सियासत में गुरु-चेले की पहचान रखने वाले सपा के दो नेता भाजपा के संपर्क में हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि इनमें किसी एक के जल्द ही भाजपा में शामिल होने की घोषणा हो सकती है। दिलचस्प यह है कि इन दोनों नेताओं की नजर भविष्य में ब्लॉक प्रमुखी के चुनाव पर है। इसी को देखते हुए नई पारी के लिए गोटियां बिछाई जा रही हैं।

लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ एक तरफ सहयोगी दल सपा का साथ छोड़ते जा रहे हैं, दूसरी तरफ उसका अपना संगठन भी चरमराने लगा है। बरेली में पिछले दिनों फतेहगंज पश्चिमी इलाके के प्रमुख नेताओं में शुमार होने वाले सत्येंद्र यादव सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अब भाजपा की नजर उनसे भी बड़े सपा के दो और दिग्गज नेताओं पर है। इन दोनों को पार्टी में पहचान वरिष्ठ और बेहतर संगठनात्मक क्षमता वाले नेता की पहचान हासिल है। एक अपने बेटे के लिए भाजपा में शामिल होने के इच्छुक हैं तो दूसरे खुद अपने राजनीतिक भविष्य के लिए निर्णय लेना चाहते हैं। दोनों की नजर ब्लॉक प्रमुख के चुनाव पर है। बताया जा रहा है कि भाजपा में इसी मुद्दे पर उनकी बात भी चल रही है।

दरअसल, यूपी में भाजपा शासन में ही 2026 में ब्लॉक प्रमुख का चुनाव भी होना है। पिछली बार भूपेंद्र कुर्मी एकमात्र सपा के प्रत्याशी थे जो शेरगढ़ ब्लॉक में चुनाव जीते थे। माना जा रहा है कि अगले चुनाव में सपा के लिए एक सीट जीतने की संभावना भी मुश्किल से बचेगी। इसी कारण सपा के एक नेता खुद ब्लॉक प्रमुख बनने की महत्वाकांक्षा के कारण भाजपा के संपर्क में हैं तो दूसरे नेता अपने बेटे को ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ाकर उसकी राजनीति की शुरुआत कराना चाहते हैं। कहा यह भी जा रहा है कि गुरु और चेले में किसी एक के भाजपा में जाने के बाद दूसरे का निर्णय बदल भी सकता है।

## सपा : स्वामी के दो खास... एक को आंवला में टिकट का प्रसाद, दूसरा निराश

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर की जलालाबाद सीट से विधायक रहे नीरज मौर्य के साथ बरेली में पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य की भी गिनती स्वामी प्रसाद मौर्य के नजदीकी लोगों में है। स्वामी प्रसाद की सपा प्रमुख अखिलेश यादव से नाराजगी की खबरों के बीच इनमें से नीरज मौर्य को आंवला में टिकट दिया गया है। अगम मौर्य भी आंवला से टिकट पर काफी समय से दावा ठोक रहे थे लेकिन फिलहाल निराशा उनके हाथ लगी है। आंवला संसदीय क्षेत्र में मौर्य मतदाताओं की तादाद भाजपा सांसद धर्मेंद्र कश्यप के सजातीय मतदाताओं के टक्कर की बताई जाती है, लिहाजा नीरज मौर्य को टिकट दिए जाने से तय हो गया है कि चुनाव अगर जातीय आधार पर हुआ तो मुकाबला दिलचस्प होगा।

सपा प्रमुख ने नीरज मौर्य को पहले ही आंवला संसदीय क्षेत्र का प्रभारी बना दिया था, इसलिए उन्हें आंवला से टिकट दिए जाने की संभावना भी जताई जाने लगी थी। अब सोमवार को जारी सपा की दूसरी लिस्ट में उनका नाम होने से साफ हो गया है कि पार्टी पहले ही उन्हें आंवला में टिकट देने का मन बना चुकी थी। लखनऊ निवासी नीरज जलालाबाद सीट से वर्ष 2007 और 2012 में विधायक चुने जा चुके हैं। इसके बाद 2017 में पूर्व सपा विधायक शरद वीर सिंह से चुनाव हार गए थे। स्वामी प्रसाद मौर्य के खास माने जाने वाले नीरज राजनीति में उनका अनुसरण करते रहे हैं। स्वामी प्रसाद के भाजपा में शामिल होने के बाद वह भी भाजपाई हो गए थे। 2022 में स्वामी प्रसाद मौर्य सपा में आए तो नीरज भी सपा में शामिल हो गए थे।

स्वामी प्रसाद के कोटे में सपा ने उन्हें जलालाबाद सीट पर शरदवीर सिंह का टिकट काटकर उन्हें 2022 का चुनाव लड़ाया था। लेकिन वह भाजपा प्रत्याशी हरिप्रकाश वर्मा से चुनाव हार गए थे। इसके बाद सपा ने नीरज मौर्य को आंवला लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बना दिया था। बिथरी और आंवला सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके अगम मौर्य समेत कई और ने भी आंवला से लोकसभा चुनाव का टिकट मांगा था। इससे पहले अगम को बिथरी का टिकट स्वामी प्रसाद की पैरवी पर ही मिला था। अगम पहले बसपा में थे। सपा में आने के बाद उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया था। मौर्य बिरादरी के मतदाताओं के बलबूते बसपा के टिकट पर 2014 के लोकसभा चुनाव में सिनोद शाक्य और 2004 में सुधीर मौर्य मुख्य मुकाबले में रहे थे।


- जलालाबाद के पूर्व विधायक नीरज मौर्य बनाए गए प्रत्याशी


- तैयारी में जुटे अगम को झटका, आंवला से ही किया था दावा

### आंवला क्षेत्र में 18.5 लाख वोट

आंवला लोकसभा क्षेत्र में करीब 18 .5 लाख मतदाता हैं। इसमें बदायूं के शेखूपुर, दातागंज और बरेली की फरीदपुर, बिथरी चैनपुर और आंवला समेत पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में इन सभी सीटों पर भाजपा जीती थी।

> आंवला में हमारी पहचान बन गई थी लेकिन जो हुआ वह अच्छा हुआ। फिलहाल सपा में हैं, आगे भी यही रहेंगे। देखते हैं आगे क्या होता है।
> – अगम मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष

### दो चुनाव जीत चुकी है सपा, इसलिए उम्मीदें जिंदा

लोकसभा चुनाव 1989 और 1991 में भाजपा के लगातार दो बार जीतने के बाद 1996 के चुनाव में उसे झटका लगा और सपा के सर्वराज सिंह जीते। हालांकि दो ही साल बाद हुए 1998 के चुनाव में फिर भाजपा जीत गई। इसके बाद 1999 का चुनाव सपा ने जीता। 2004 में जनता दल (यू) के टिकट पर सर्वराज फिर संसद पहुंचे। पिछले दो चुनावों से भाजपा का इस सीट पर कब्जा है। इस बीच 2009 का चुनाव मेनका गांधी ने जीता था। दो बार चुनाव जीत चुकने के कारण ही सपा इस सीट को लेकर आशान्वित हैं।

## मंत्री जी, हमारे भविष्य से हुआ खिलवाड़ दोबारा कराएं पुलिस भर्ती परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार को ज्ञापन देकर परीक्षा से पहले ही पेपर लीक होने को अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने परीक्षा से पहले ही वायरल हुई आंसर की की कॉपियां भी उन्हें सौंपीं और मांग की कि वह परीक्षा दोबारा कराने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखें।

- अभ्यर्थियों ने वनमंत्री डॉ. अरुण को दिया ज्ञापन

पुलिस भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी को चार पालियों में हुई थी। रविवार शाम अंतिम पाली की परीक्षा के बाद कई अभ्यर्थियों ने वन मंत्री से मिलकर उन्हें ज्ञापन दिया। अभ्यर्थियों ने कहा कि परीक्षा की तैयारी करने के लिए वे काफी समय से दिन-रात एक कर रहे थे लेकिन अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहली दो पालियों का पेपर आंसर की के साथ धड़ल्ले से वायरल हुआ। इसके बाद भी बाद की दो पालियों की आंसर की वायरल होने से नहीं रुक पाई। अभ्यर्थियों के साथ यह भारी अन्याय है। वन मंत्री ने अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया कि सरकार इस मामले में जांच करा रही है।

## फाइनेंसर ले गया वाहन, गाड़ी मालिक के पास आया 1.82 लाख का रोड टैक्स

**बरेली, अमृत विचार :** किश्तें जमा नहीं करने पर मालिक से फाइनेंसर ने वाहन वापस ले लिया। अब करीब सात साल बाद वाहन मालिक के पास एक लाख 82 हजार रुपये से अधिक का रोड टैक्स पहुंचा है। इससे परेशान वाहन मालिक ने सोमवार को आरटीओ से शिकायत की। आरटीओ ने पीड़ित को पुलिस में रिपोर्ट लिखाने को कहा गया है। क्योलड़िया निवासी राममूर्ति लाल सोमवार को नकटिया स्थित आरटीओ पहुंचे। बताया कि उन्होंने लोन लेकर साल 2013 टाटा कंपनी का एक लोडर खरीदा था, लेकिन किश्तें जमा नहीं होने पर कंपनी के फाइनेंसर साल 2017 में उनका वाहन खींचकर ले गए। वाहन मांगने पर मारपीट की। अब उन्हें उनके वाहन का 1.82 लाख रुपये का रोड टैक्स जमा नहीं करने का नोटिस पहुंचा तो वह हैरान रह गए।

## नए एसडीओ को सुभाषनगर एसडीओ का चार्ज

**बरेली, अमृत विचार :** एक महीने बाद सुभाषनगर उपकेंद्र पर उन्नाव से आए एसडीओ अभिषेक कपासिया को चार्ज दिया गया है। रिश्वत के मामले में जेई और एसडीओ को निलंबित किया गया है। अधिकारी जल्द ही जेई की तैनाती की बात कह रहे हैं। 25 जनवरी को सुभाषनगर उपकेंद्र पर तैनात जेई सूरज पाल गुप्ता और संविदा कर्मी लाइनमैन नरेंद्र कुमार रावत को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में एसडीओ आरजे वर्मा को निलंबित कर दिया गया था।

## मेडिकल स्टोर पर पकड़ीं नशे की प्रतिबंधित दवाएं

- नारकोटिक्स और ड्रग विभाग किला पुल के नीचे मारा छापा
- मेडिकल स्टोर के साथ गोदाम से भी नशीली दवाएं बरामद

**बरेली/सीबीगंज :** नारकोटिक्स व ड्रग विभाग की लखनऊ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर किला पुल के नीचे किला मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर नशीली व प्रतिबंधित दवाइयां पकड़ीं । मेडिकल स्टोर स्वामी मुन्ना मंसूरी से पूछताछ के आधार पर टीम ने सीबीगंज के गांव महेशपुर में गोदाम पर छापा मारकर करीब दो छोटा हाथी नशीली दवाएं जिनमें गोलियां, कैप्सूल व सीरप बरामद किए जिनकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। टीम एक अन्य जगह भी जांच कर रही है। टीम की छापामारी से मेडिकल स्टोर कारोबारियों में हड़कंप मच गया। तमाम मेडिकल स्टोर संचालक दुकानें बंद कर चले गए।

इंस्पेक्टर सीबीगंज राधेश्याम ने बताया कि नारकोटिक्स और ड्रग विभाग द्वारा बरामद दवा का मिलान किया जा रहा है। तहरीर के आधार पर मेडिकल स्टोर स्वामी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



सीबीगंज थाना में रखीं गईं बरामद की नशीली दवाएं। ● अमृत विचार

## नकली जेवरात गिरवी रखने पहुंचे दो ठग दबोचे

**बरेली/बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी में एक सराफ की दुकान पर दो ठग नकली जेवरात गिरवी रखने पहुंचे। सराफ ने जब जेवर चेक किए तो नकली निकले। इस पर सराफ ने अन्य दुकानदारों की मदद से दोनों को पकड़ लिया और पुलिस बुलाकर हवाले कर दिया। दोनों युवकों के पास से 17 हजार रुपये नकद और नकली जेवरात मिले हैं। पुलिस ने सोमवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस गिरफ्त में आए ठगों की पहचान मीना बाजार, बहेड़ी निवासी तारिक और जीशान के रूप में हुई है। जीशान वर्तमान में इंद्रा नगर हल्द्वानी में रहता है और तारिक गिरोह का सरगना है। रविवार को दोनों सराफ महेंद्र रस्तोगी की दुकान पर नकली जेवर गिरवी रखने पहुंचे थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पांच दिन पहले विष्णु गंगवार की दुकान पर आठ हजार रुपये में और योगेंद्र की दुकान पर 10 हजार रुपये में नकली जेवर गिरवी रखे थे। इसकी वजह से दोबारा पहुंचने से सराफ को शक हो गया।

## निदा खान की कोर्ट में अपील- मुआवजा नाकाफी और बढ़ाएं

विधि संवाददाता, बरेली

- जिला जज के न्यायालय में अर्जी दाखिल कर की फरियाद

**अमृत विचार :** निदा ने घरेलू हिंसा मामले में सिविल न्यायालय की ओर से तय किए गए मुआवजे को नाकाफी मानते हुए जिला जज न्यायालय में अपील की है। न्यायालय ने शीरान और उनके परिजनों को नोटिस जारी कर सुनवाई को 23 फरवरी की तिथि नियत की है।

भूपेंद्र भड़ाना एडवोकेट ने बताया कि घरेलू हिंसा मामले में 17 जनवरी को सिविल न्यायालय का निर्णय निदा के पक्ष में आया था, मगर निदा ने एकमुश्त मुआवजा तीन लाख रुपये को काफी कम मानते हुए इसके खिलाफ अपील दायर कर 10 लाख रुपये मुआवजे की याचना की है। इसके अलावा 15 हजार रुपये प्रतिमाह की जगह 25 हजार रुपये दिलाने, स्त्रीधन की कीमत या नया सामान दिलाने का आदेश देने की मांग की है। सुरक्षा के बाबत भी स्पष्ट आदेश की याचना की गई है।

निदा ने अपील में उल्लेख किया है कि घरेलू हिंसा का मुकदमा आठ साल पहले वर्ष 2016 में दायर किया गया था।

निदा ने शीरान रजा खान के उस लिखित कथन का जिक्र भी किया है जो उन्होंने 25 अगस्त 2018 को कोर्ट में दाखिल किया था। उसमें उन्होंने कहा था कि वह विश्व प्रसिद्ध दरगाह आला हजरत का सदस्य है।

वह इस्लामिक धर्मशास्त्र की शिक्षा ग्रहण कर रहा है। मुस्लिम रीति रिवाज पर विश्वास करने वाले ऐसे संस्कारी परिवार का वारिस है, जिसकी मिसाल धार्मिक रूप से भारत के अलावा पूरे विश्व में दी जाती है। उच्च शिक्षा ग्रहण करने के साथ अपने अधीनों को भी पढ़ा रहा है। उसने हवाई जहाज के टिकट भी दाखिल किए थे जो उसकी संपन्नता का सुबूत हैं।

## सेना की कैंटीन में नौकरी लगवाने के बहाने ठगी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 25 हजार लेकर मांग रहा था और रकम, खुफिया रिपोर्ट पर कार्रवाई

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के एक युवक को सेना में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले रहीमा थाना बिनावर बदायूं निवासी मोहम्मद मुश्ताक उर्फ सुरेंद्र ठाकुर को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 25 हजार रुपये लेने के बाद और भी रुपयों की मांग कर रहा था। इस मामले में मिलिट्री की खुफिया रिपोर्ट भी पुलिस को दी गई थी।

सुभाषनगर निवासी सुधांशु ने कैंट पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 दिन पहले उनकी मुलाकात मोहम्मद मुश्ताक उर्फ सुरेंद्र ठाकुर से वीरांगना चौक के पास कैंट में हुई थी। आरोप है कि मुश्ताक ने उससे सेना में खुद की अच्छी पकड़ बताते हुए नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। उसने सेना की कैंटीन में 30 हजार प्रति माह की नौकरी लगवाने का झांसा दिया।

बेरोजगार होने के कारण सुधांशु झांसे में आ गया। आरोपी ने कहा कि चार से पांच लोगों को रुपये और कागजात के साथ लेकर मिलना। जिस पर सोमवार को तीन बजे के करीब वह सभी दस्तावेज और 25 हजार रुपये नकदी लेकर कैंट में एक स्कूल के पास पहुंचा।यहां पर मुश्ताक ने रुपये और कागजात ले लिए। उसके बाद उसने 25 हजार रुपये और लाने और अन्य पांच लोगों को रुपये व कागजात लेकर आने को कहा।

जिस पर उसे शक हुआ और तो आरोपी से रुपये वापस मांगे लेकिन वह मौके से भाग गया और अपना मोबाइल फोन नंबर भी बंद कर लिया। इसके बाद उन्होंने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं मिलिट्री इंटेलीजेंस लखनऊ और बरेली की टीम ने भी आरोपी के खिलाफ ठगी करने के मामले में इनपुट दिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## छेड़छाड़, मारपीट में मामले में पुलिस ने की 151 की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीओ के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने दर्ज की छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में एक महिला से घर में घुसकर दो भाइयों ने छेड़छाड़ की। विरोध पर महिला के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले में 151 की कार्रवाई कर दी। बाद में सीओ के आदेश पर छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई।

सुभाषनगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया कि दो भाई केहर और लोचन काफी समय से उसे परेशान कर रहे हैं। 10 फरवरी को दोनों उसके घर में घुस आए और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर मारपीट की। शोर-शराबा के बाद लोगों को एकत्र होता देख आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने दबाव में छेड़छाड़ और घर में घुसकर मारपीट करने की बजाय 151 की कार्रवाई कर दी। इसके बाद दोनों भाइयों ने 12 फरवरी को घर में घुसकर छेड़छाड़ की।

पीड़िता ने सीओ प्रथम संदीप सिंह से शिकायत की। सीओ के आदेश पर पुलिस ने छेड़छाड़ समेत मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी उसके बाद भी पीड़िता को धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने जान का खतरे की आशंका भी जताई है।

## ऑनलाइन हाजिरी से खफा कर्मचारियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र हुए सैकड़ों कर्मी, कलेक्ट्रेट पहुंच एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- पांच सूत्री मांगें पूरी नहीं होने पर 28 फरवरी को लखनऊ कूच करने की चेतावनी भी दी

**अमृत विचार:** पंचायती राज निदेशक के सफाई कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश का विरोध शुरू हो गया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर उदित पवार को सौंपा। मांग पूरी नहीं होने पर 28 फरवरी को लखनऊ जाने की चेतावनी दी।

जिलाध्यक्ष रामलाल कश्यप ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मियों को ऑनलाइन उपस्थिति से मुक्त रखने, विभागीय सेवा नियमावली बनाने के अलावा पुरानी पेंशन बहाली की जाए। ऑनलाइन हाजिरी उचित नहीं है। ग्राम पंचायत में एक या अधिक राजस्व ग्राम होते हैं। इनकी ग्राम पंचायत से दूरी चार-पांच किलोमीटर होती है। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत, पंचायत घर पर सफाई कर्मियों को ऑनलाइन उपस्थिति लगाने आने में काफी परेशानी होगी। यदि सफाई कर्मियों की ऑनलाइन उपस्थिति आवश्यक हो तो समस्त विभागों के फील्ड कर्मचारियों की उपस्थिति ऑनलाइन होनी चाहिए।

रविंद्र कश्यप, कमलेश सागर, रनवीर पटेल, संतराम दिवाकर, सूरजपाल वाल्मीकि, सतीश गंगवार, जोगेंद्र सिंह, रामगोपाल गंगवार, आदि शामिल रहे।


ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट जाते सफाई कर्मी। ● अमृत विचार

## फिक्स बिल वाले उपभोक्ताओं को चिह्नित कर रहा विभाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मीटर की जांच करने के साथ बदलने को चलाया जा रहा अभियान
- मीटर में शंट लगाकर उपभोक्ता कर देते हैं छेड़छाड़

**अमृत विचार:** मीटर रीडर और लाइनमैन से मिलीभगत कर कई उपभोक्ता मीटर में शंट लगाकर छेड़छाड़ कर देते हैं।

इससे हर माह उनका फिक्स बिल आता है। अब ऐसे उपभोक्ताओं को विभाग की तरफ से चिह्नित कर उनके मीटर की जांच की जा रही है। गड़बड़ी मिलने पर मीटर मौके पर ही बदला जा रहा है। एसडीओ गौरव शर्मा ने बताया कि शाहदाना क्षेत्र में मीटर में छेड़छाड़ करने के संदेह में मीटर बदलने का अभियान तेज कर दिया है।

> मीटर चेक करने को लेकर टीमें अभियान चला रही हैं। मीटर में गड़बड़ी होने पर तुरंत मीटर बदल दिया जाता है। हर माह फिक्स बिल आने वाले उपभोक्ताओं को भी चिह्नित करने का काम शुरू कर दिया गया है। –अंबा प्रसाद, अधीक्षण अभियंता

### चिप लगाकर बिजली चोरी के पकड़े जा चुके हैं मामले

मीटर में चिप लगाकर बिजली चोरी के कई मामले पकड़े जा चुके हैं। बहेड़ी के रिछा में दो साल पहले बिजली विभाग और विजिलेंस टीम ने एक राइस मिल में 260 किलोवाट के कनेक्शन पर चिप लगाकर मीटर बंद करके की जा रही बिजली चोरी पकड़ी थी। उसके बाद राइस मिल पर 3 करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया गया था। बहेड़ी में केला पकाने वाले एक गोदाम में मीटर में चिप लगाकर बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया था। इसके साथ ही सेंथल कस्बे में पिछले साल एक निजी अस्पताल के मीटर में चिप लगाकर बिजली चोरी करने का भंडाफोड़ हुआ था।

## इंजन फेल होने से पांच घंटे की देरी से पहुंची सरयू यमुना एक्सप्रेस

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर 14649 सरयू-यमुना एक्सप्रेस पांच घंटे की देरी से पहुंची, जिससे यात्री परेशान हो गए। ट्रेन रोजा में मवेशी टकराने की वजह से देरी से पहुंची। विकास यादव ने एक्स पर पोस्ट की कि सरयू यमुना एक्सप्रेस करीब डेढ़ घंटा से रोजा स्टेशन पर ही खड़ी है। डीआरएम मुरादाबाद के हैंडल से जवाब आया कि रोजा में मवेशी ट्रेन से कट गया जिसकी वजह से इंजन फेल हो गया है।

## देहात को दक्षिणी और उत्तरी जोन में बांट तैनात किए दो एसपी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए देहात क्षेत्र को दो जोन दक्षिणी व उत्तरी में विभाजित कर दिया गया। शासन से अनुमति मिलने के बाद नवागत आईपीएस मानुष पारीक की भी तैनाती कर दी गई है। दोनों एसपी को तीन-तीन सर्किल की जिम्मेदारी दी गई है।

अब एसपी देहात मुकेश चन्द मिश्र को उत्तरी जोन के बहेड़ी, नवाबगंज और हाईवे सर्किल की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं आईपीएस मानुष पारीक को दक्षिणी जोन के मीरगंज, आंवला और फरीदपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मानुष पारीक मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं और 2020 के आईपीएस अधिकारी हैं। वह गाजियाबाद फिर गोरखपुर में कमान संभाल चुके हैं। अब बरेली में तैनात किया गया है।


एसपी मानुष पारीक।

## जोशी गली के लोग लगाएंगे बैनर ...कोई नेता न आए यहां वोट मांगने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गंदगी से परेशान जोशी गली के लोग ने कहा- न पार्षद सुनते हैं न नगर निगम के अफसर

**अमृत विचार :** गंदगी से परेशान जोशी गली के लोग लोकसभा चुनाव से पहले यह बैनर लगाने की तैयारी कर रहे हैं कि कोई नेता उनके यहां वोट मांगने न आए। इन लोगों का कहना है कि उनकी गली में हर रोज सीवर का डिप भर जाता है और गंदगी सड़क पर फैल जाती है। नालियां टूट चुकी हैं। कई बार घरों में भी सीवर के पानी की सप्लाई आने लगती हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी न पार्षद सुन रहे हैं न नगर निगम के अफसर।

वार्ड 61 में प्रेमनगर की जोशी गली के लोग पार्षद से काफी नाराज हैं। चार फुट चौड़ी गली में डामर की सड़क है। पानी-सीवर की लाइन भी है लेकिन नालियां टूटी होने से पानी सड़क पर भरा रहता है। सुबह हर रोज सीवर का डिप भरता है तो सड़क पर गंदगी फैल जाती है। गली के पिछले हिस्से में घरों की सफाई होती है तो पानी किसी और के घर के आगे इकट्ठा हो जाता है। इस पर लोगों में आपस में झगड़े होते हैं। नगर निगम की भी तत्परता का यह हाल है कि दो महीने तक गली की स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी रहने के बाद दो दिन पहले ही बदली गई है। गली में रहने वाली महिलाएं कहती हैं कि पार्षद वोट मांगने घर-घर आए लेकिन लेकिन समस्या किसी की नहीं सुनते। उनका पूरा समय वार्ड में ही अपना अपार्टमेंट बनवाने में खर्च हो रहा है। नगर निगम में भी कोई सुनवाई नहीं होती। घर के आगे खुद गंदगी साफ करानी पड़ती है। गुस्साए लोगों ने कहा कि वे लोग विचार कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले गली के बाहर बैनर लगा दें कि नेताओं का आना मना है।


जोशी गली में सीवर का पानी भरे होने से परेशान महिलाएं। ● अमृत विचार

### बोले... झूठे वादों से ठगे गए


पानी की लाइन के सीवर की लाइन से जुड़ जाने से अक्सर गंदा पानी आने लगता है। यह बड़ी समस्या है। कई साल बाद भी इसका हल नहीं हो पाया है। – राधा


गली के पीछे के लोग सफाई करते हैं तो कूड़ा घर के आगे इकट्ठा हो जाता है। सुबह दुर्गंध फैलती है। आपस में लड़ाई हो जाती है। नालियां भी टूटी हुई हैं। – नीलम


पार्षद सब काम अपने लिए कर रहे हैं। जनता के काम कराने में पीछे रहते हैं। वार्ड के सभी लोग अब पछता रहे हैं कि पार्षद का चयन गलत हो गया है। – विशेष


पार्षद ध्यान दें तो समस्या हल हो सकती है। निगम के अफसर भी नाली बनवाने और सफाई कराने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। टूटी सड़क बननी चाहिए। – सूर्यप्रकाश

# नहीं आ रहीं शिकायतें, बिजली विभाग में संभव योजना फेल

## अधिकारी कार्यालय में करते रहते हैं उपभोक्ताओं का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शिकायतों के समाधान कराने के लिए लागू किए गए संभव समाधान दिवस में अब उपभोक्ताओं ने आना बंद कर दिया है। अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता हर सोमवार को उपभोक्ताओं का इंतजार करते रहते हैं।

गलत और रीडिंग से अधिक बिजली बिल आने, समय से कनेक्शन नहीं मिलने समेत उपभोक्ताओं की अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए मुख्यालय की तरफ से संभव समाधान दिवस की शुरुआत पिछले साल की थी। इसमें अधिशासी अभियंताओं को हर सोमवार को दो से तीन बजे तक अपने कार्यालय में उपभोक्ताओं की शिकायत सुनना था। जबकि शाम 4 से 6 बजे तक अधीक्षण अभियंता द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायत सुनने का समय निर्धारित है। अब संभव समाधान दिवस में उपभोक्ताओं ने आना बंद कर दिया है। सोमवार को बिजली अधिकारी अपने कार्यालय में उपभोक्ताओं का इंतजार करते रहे लेकिन उपभोक्ता शिकायत लेकर ही नहीं पहुंचे।


कार्यालय में उपभोक्ताओं का इंतजार करते अधिशासी अभियंता।

- **प्रत्येक सोमवार को शिकायत सुनने का समय है निर्धारित**
- **अधिशासी अभियन्ता के पास सिर्फ दो उपभोक्ता पहुंचे**

> उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने पर उसका निस्तारण करा दिया जाता है, लेकिन अब संभव समाधान दिवस में शिकायत लेकर आने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में गिरावट आई है। संभव अवधि में बहुत कम उपभोक्ता शिकायत लेकर आ रहे हैं।
>
> – **अशोक कुमार चौरसिया**, अधीक्षण अभियंता

शहरी क्षेत्र के प्रथम डिवीजन में अधिशासी अभियन्ता के पास सिर्फ दो शिकायतें आईं। वहीं दूसरे, तीसरे और चौथे डिवीजन में भी कोई उपभोक्ता शिकायत लेकर नहीं पहुंचा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता भी अपने कार्यालय में उपभोक्ताओं का इंतजार करते रहे।

### जनप्रतिनिधियों और उपभोक्ताओं से मिलेंगे बिजली अधिकारी

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग में आज से बिजली सेवा एवं जनसंपर्क अभियान की शुरुआत होगी। इसमें बिजली अधिकारी और कर्मचारी जनप्रतिनिधियों और उपभोक्ताओं से मिलकर उनकी समस्याएं सुनकर समाधान कराएंगे। मुख्य अभियंता ने सोमवार को बैठक कर अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। पावर कारपोरेशन मुख्यालय के आदेश पर 20 से 29 फरवरी तक बिजली सेवा एवं जनसंपर्क अभियान चलाए जाने को लेकर निर्देश दिए हैं। अभियान में कई बिंदुओं को शामिल किया गया है। बिजली अधिकारी बिजली बिल बनने में आ रही परेशानी, गर्मी में फाल्ट और ट्रिपिंग के साथ अन्य मुद्दों पर जनप्रतिनिधि और उपभोक्ताओं से मिलने उनके घर जाएंगे। जिसमें वह जनप्रतिनिधि और उपभोक्ताओं की तरफ से बताई गई समस्याएं सुनकर समाधान कराएंगे। मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने बताया कि बिजली सेवा एवं जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की जाएगी। अभियान सफल बनाने के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# सामूहिक विवाह: तीन स्तर पर जांच के बाद माने जाएंगे पात्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पिछले दिनों बलिया में फर्जी शादियां सामने आने पर शासन ने जारी किया आदेश**

**अमृत विचार:** बलिया जनपद में सामूहिक विवाह में धांधली सामने आने के बाद शासन सख्त हो गया है। पात्रता के लिए अब आवेदक की तीन स्तर पर जांच होगी। जांच के लिए सचिव, एडीओ के साथ हर ब्लॉक में एक जिला स्तरीय अधिकारी को नोडल नामित किया जाएगा। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

दरअसल, गरीब बेटियों के हाथ पीले कराने को सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चला रही है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शादी पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें कन्या के खाते में 35 हजार रुपये भेजने के साथ-साथ 10 हजार रुपये का उपहार दिया जाता है। इसके अलावा शादी समारोह पर छह हजार रुपये खर्च होते हैं।

फरवरी के पहले सप्ताह में बलिया जनपद में सामूहिक विवाह में धांधली पकड़ी गई। कई फर्जी जोड़ों को योजना का लाभ देने का पता चलने पर शासन में खलबली मच गई। आगे इस तरह से धांधली की गुंजाइश न रहे इसके लिए आवेदनों का सत्यापन तीन स्तर पर करने का निर्णय लिया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा का कहना है कि बलिया की घटना को लेकर शासन गंभीर है। जिले में पिछले महीने 20 और 21 जनवरी को सामूहिक विवाह हुए थे। ऑनलाइन आवेदनों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। कुछ जिलों में हाल ही में सामूहिक विवाह होने हैं। वहां खासतौर पर इसको लेकर कवायद चल रही है।

## आंवला व सिटी स्टेशन पर विकास कार्यों का 26 को शिलान्यास

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत भारत योजना के तहत विकसित किए जा रहे स्टेशनों के विकास कार्यों का शिलान्यास 26 फरवरी को करेंगे। इज्जतनगर मंडल के सिटी स्टेशन और मुरादाबाद मंडल के स्टेशन आंवला पर कार्यों का भी ऑनलाइन शिलान्यास किया जाएगा। प्रधानमंत्री बरेली सिटी श्मशान भूमि पर निर्माणाधीन अंडरपास का भी शिलान्यास करेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी में अधिकारी जुटे हुए हैं। मुरादाबाद मंडल में आंवला के अलावा बालामऊ, बुलंदशहर, गढ़मुक्तेश्वर, कोटद्वार, सेवहरा स्टेशन शामिल हैं। वहीं इज्जतनगर रेल मंडल में बरेली सिटी के अलावा गुरसहायगंज, पीलीभीत, कन्नौज, टनकपुर, काशीपुर स्टेशन शामिल हैं।

## संरक्षा से जुड़े पदों पर आउटसोर्सिंग बंद की जाए

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर रेल कारखाना पहुंचे पीसीएमई को एनई रेलवे मेंस कांग्रेस ने सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंडल मंत्री रजनीश तिवारी ने कहा कि संरक्षा से जुड़े पदों पर आउटसोर्सिंग बंद कर सभी रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए। इसके अलावा विभागीय खेलकूद शुरू किए जाएं। इस दौरान अखिलेश पांडेय, अनवारुल हसन, सुभाष दुबे, अब्दुल शेख आदि मौजूद रहे।

# आयकर अधिनियम में संशोधन को वापस लें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **संयुक्त व्यापार मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से लागू होने वाले नए नियमों का किया विरोध**

**अमृत विचार:** आयकर अधिनियम में नए वित्तीय वर्ष 2024-25 से एमएसएमई से जुड़ी लघु एवं सूक्ष्म इकाइयों के लिए 45 दिन में पूर्ण भुगतान किए जाने वाले नियमों में व्यापारियों ने संशोधन की मांग की है।

संयुक्त व्यापार मंडल ने वित्तमंत्री को पत्र भेजा है। इसमें जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने एमएसएमई से जुड़ी इकाइयों के लिए आयकर अधिनियम 43 बी में संशोधन कर 43-बी(एच) के माध्यम से अधिकतम 15 दिन के भीतर भुगतान करना अनिवार्य किया है। यह अव्यवहारिक है। इससे व्यापारियों को कारोबार करना मुश्किल हो जाएगा। महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि एमएसएमई से जुड़ी सूक्ष्म इकाइयां को अपना माल विक्रय करने को बड़ी-बड़ी इकाइयों से प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। इतना ही नहीं माल को बेचने के लिए छूट समेत कई अतिरिक्त सुविधाएं देनी होती हैं। समय अवधि के साथ माल वापसी तक का अनुबंध करना पड़ता है। तब व्यापारी उससे माल खरीदता है। व्यापारी को उधार में माल की बिक्री करनी होती है। 15 दिन या अनुबंध की स्थिति में 45 दिन में भुगतान पूर्ण न होने पर शेष देय राशि को वित्तीय वर्ष की आय में जोड़कर आयकर की गणना की जाएगी। इससे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। मोनू ने कहा कि कारोबारियों के हित में आयकर नियमों में किए गए इस प्रावधान को वापस लिया जाना चाहिए ताकि व्यापारी बिना किसी के भय के कारोबार कर सकें।

# विजिलेंस दरोगा पर कार्रवाई के लिए जांच रिपोर्ट का इंतजार

**बरेली, अमृत विचार:** विजिलेंस दरोगा का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के कई दिन बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है। सीओ का कहना है कि मुख्यालय को मौखिक सूचना दे दी गई है। इंस्पेक्टर द्वारा जांच रिपोर्ट अभी नहीं दी गई है।

पशुपतिनाथ विहार में बसपा नेता तौफीक प्रधान के आवास पर बिजली चोरी के मुकदमे की विवेचना करने पहुंचे पावर कॉरपोरेशन की विजिलेंस के विवेचक सत्येंद्र कुमार का एक वीडियो करीब एक सप्ताह पूर्व सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में विवेचक बोल रहे थे कि बसपा नेता हो इसलिए बिजली चोरी का मुकदमा लिख दिया। भाजपा नेता होते तो रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती। सीओ विजिलेंस मीनाक्षी शर्मा ने इंस्पेक्टर से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की। इंस्पेक्टर ने अभी तक रिपोर्ट नहीं दी है। सीओ ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्यालय भेजी जाएगी। आगे की कार्रवाई मुख्यालय स्तर से ही की जाएगी।

# उलझ रही है पारिवारिक रिश्तों की डोर, आसानी से सुलझ भी नहीं रही

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** समय के साथ रिश्तों में भी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। पति-पत्नी के रिश्ते जीवन भर एक-दूसरे के सुख में साथ देने की गारंटी हैं, लेकिन छोटी-छोटी बातें बड़े विवाद का रूप ले रही हैं, इससे रिश्तों की डोर कमजोर होती जा रही है। विश्वास की नींव पर खड़ी होने वाली पति-पत्नी के रिश्तों की इमारत को मोबाइल तो कहीं प्रेम प्रसंग का शक खोखला कर रहा है। ऐसे मामले कोर्ट और थानों में पहुंच रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं।

जनवरी से अब तक करीब 500 से अधिक दंपतियों की काउंसिलिंग हुई है, इसमें कुछ तो एक साथ रहने को राजी हो गए हैं, लेकिन जो अलगाव की जिद पर अड़े हैं, उनकी प्रक्रिया चल रही है। औसतन 20 से 25 मामलों की रोजाना काउंसिलिंग की जा रही है। इसमें पारिवारिक न्यायालयों से लेकर कोतवाली और थानों पर आने वाले मामले भी हैं।

**पीएलवी दिखाती हैं उम्मीद की किरण:** घरेलू हिंसा के मामलों में रिश्तों को टूटने से बचाने के लिए काउंसिलिंग होती है। न्यायालयों से काउंसलर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय आते हैं। काउंसिलिंग के लिए आने वाले पत्नी-पत्नी या अन्य संबंधित लोगों को विधिक परामर्श देने के लिए पीएलवी (पैरालीगल वालंटियर) साधना कुमारी, प्रभा गंगवार हैं। दोनों महिलाएं विधिक सलाह देकर रास्ता दिखाती हैं।


परामर्श देतीं पीएलवी।

- **बड़े विवाद का रूप ले रहीं छोटी-छोटी बातें, काउंसिलिंग से जोड़े जा रहे रिश्ते**
- **काउंसिलिंग को रोज पहुंच रहे 25 मामले, रिश्तों की कड़वाहट को कम कर रहे काउंसलर, पीएलवी**

### पिछले वर्ष 324 मामलों का निस्तारण

वर्ष 2023 में चार लोक अदालतें लगाई गईं, इसमें 11 फरवरी को 109 में से 78, 21 मई को 165 पारिवारिक मामलों में से 113, 9 दिसंबर को 121 में से 70, 9 सितंबर को 97 में से 63 मामलों का निस्तारण कराया जा चुका है। आंकड़ों के अनुसार एक वर्ष में 492 में से 324 मामलों का निस्तारण कराया गया। इसमें एक साथ रहने को भी दंपती राजी हुए तो कुछ अलग भी हुए। इस वर्ष नौ मार्च को लोक अदालत होनी है।

**केस-1** एक महिला फोन पर मायके बात करती थी। इसपर पति को आपत्ति थी। दोनों में विवाद होने लगा। मामला थाना पहुंच गया। सुलह के लिए मामला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में काउंसलर के पास पहुंचा, जहां पर काउंसिलिंग के बाद दोनों एक साथ रहने को राजी हो गए।

**केस-2** नौ साल की एक बालिका ने पिता से भरण पोषण के लिए वाद दायर किया। उसकी मां की मौत हो चुकी है। दोनों बहनें ननिहाल में रहती हैं। वहां की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इस वजह भरण पोषण, पढ़ाई लिखाई के लिए बालिका ने कानून का सहारा लिया है। वह पिता के साथ जाने को राजी नहीं है।

**केस-3** एक महिला पति को तलाक देकर प्रेमी के साथ रह रही है। उसकी बेटी इंटर की छात्रा है। महिला चाहती है कि बेटी उसके साथ रहे, लेकिन लड़की पिता को छोड़कर नहीं जाना चाह रही है। मामले में काउंसिलिंग शुरू हुई है। उसने काउंसिलिंग टीम को बताया कि मां मारती-पीटती हैं।

**केस-4** नवाबगंज की एक महिला की शादी को छह साल हो गए हैं। कोई संतान नहीं है। पति, सास परेशान करते हैं। ताने मारते हैं। घरेलू हिंसा से परेशान हो महिला ने मदद के लिए कानून का सहारा लिया है। काउंसिलिंग में महिला ने कहा कि उसे बच्चे नहीं हो रहे हैं तो उसमें उसका क्या दोष है।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी. मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
आँवला IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गड्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab
डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडेन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient
उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना। ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व सीनियर कंसल्टेंट- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME: 10:00 AM TO 5:00PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, शहीद भगत सिंह के बराबर, पीलीभीत बाई पास, बरेली

## सार-संक्षेप

### हिंदू जागरण मंच ने मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती



**बरेली, अमृत विचार :** हिंदू जागरण मंच ने राजेंद्र नगर के शिवाजी चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई। कार्यकर्ताओं ने दीपोत्सव कर मिष्ठान वितरण किया। आरएसएस के महानगर संघ चालक सतपाल ने शिवाजी के व्यक्तित्व का अनुसरण करने पर बल दिया। कहा कि 9 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र के राजघराने में जन्मे शिवाजी महाराज बचपन से ही काफी तेज प्रवृत्ति के थे। बड़े होकर उन्होंने हिंदू समाज की रक्षा हेतु अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। माता जीजाबाई अपने पुत्र पर गर्व करती थीं। दुर्गेश कुमार गुप्ता ने कहा कि छत्रपति शिवाजी ने अपनी कुशल रणनीति से औरंगजेब की नाक में दम कर दिया। नितेश कपूर, प्रीतिपाल, प्रद्युमन, सतीश मामा, केपी गोस्वामी, जितेंद्र अग्रवाल, संजय शर्मा, मनोज राठौर, रंजन दीक्षित, सिद्धार्थ सक्सेना, गोपाल शर्मा, नरोत्तम दास, रामकुमार पाल, परविंदर, डा. नागेश, राकेश भारती, सोमपाल शर्मा, अजय यादव आदि उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली




**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय और तृतीय के शिविर में सोमवार को स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशार्थ गौतम एवं डॉ. बृजवास कुशवाहा ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए। जागरूकता रैली बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट से आनंद आश्रम, विकास भवन होते हुए गांधी उद्यान तक गई। स्वयंसेवकों ने वाहन चालकों को जागरूक किया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट जरूर पहनें। इस अवसर पर दोनों इकाइयों के स्वयंसेवक बृजेश, अंकित, मयंक, बादल, योगेंद्र, दीपक, सार्थक, विनय, शिवांश आदि मौजूद रहे।

### रजवी दारुल उलूम के 63 छात्रों की होगी दस्तारबंदी

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान की सरपरस्ती में मंगलवार को सिटी स्टेशन रोड पर मदरसा रजवी दारुल उलूम जश्न ए दस्तार (दीक्षांत समारोह) का आयोजन किया जाएगा। आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि सभी कार्यक्रम मुफ्ती फुरकान रजा की निगरानी में किए जाएंगे। कार्यक्रम ईशा की नमाज के बाद शुरू होगा। तकरीर और नात के बाद 63 छात्रों की दस्तारबंदी की जाएगी। उन्हें मुफ्ती, कारी और मौलवी की डिग्री दी जाएगी।

### रक्तदान से नहीं होता है कोई नुकसान



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई प्रथम के शिविर में सोमवार को बीसीए विभाग में आईएमए ब्लड बैंक की मेडिकल ऑफिसर डॉ. पारुल ने स्वयंसेवकों को रक्तदान के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक खून 18 से 40 वर्ष के युवा के शरीर में ही पाया जाता है। इसलिए युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से कोई नुकसान नहीं होता है। रक्तदान के बाद रक्त बनाने वाली सेल्स और अधिक सक्रिय हो जाती हैं और शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ जाता है। रक्तदाता के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ वह पहले से और अधिक युवा दिखता है। प्रत्येक तीन महीने पर रक्तदान अवश्य करें। बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. रोमा सक्सेना, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव यादव और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# बरेली कॉलेज : परास्नातक की परीक्षाएं होने तक आज से 1:30 बजे तक ही पढ़ाई

## नौ जिलों में 115 केंद्र बनाए गए, बरेली कॉलेज में पहले दिन 1391 छात्र देंगे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर और बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा मंगलवार से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय ने नौ जिलों में परीक्षा के लिए 115 केंद्र बनाए हैं। बरेली कॉलेज में परीक्षा में पहले दिन 1391 छात्र शामिल होंगे। इससे पहले डेढ़ बजे तक ही कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

बरेली कॉलेज की परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने बताया कि नए परीक्षा भवन और 10 कक्ष परीक्षा के लिए निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा के लिए दस सदस्यीय टीम बनाई गई है, जिसमें प्रो. संगीता सिंह को एसएस, क्षमा द्विवेदी, रेनू चौधरी और कविता को एएस बनाया गया है। परास्नातक के अलावा नर्सिंग की परीक्षा का भी केंद्र बनाया गया है, लेकिन उसके सिर्फ बीस छात्र परीक्षा में शामिल होंगे।

परीक्षा की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम भी परीक्षा में चेकिंग करेगी। दोपहर 1:30 बजे तक कक्षाएं संचालित होने के बाद परिसर को खाली करा लिया जाएगा ताकि परीक्षा के दौरान कोई दिक्कत न हो।



कैंट में केंद्रीय विद्यालय से परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### 41 बंदी और कैदी जेल में देंगे यूपी बोर्ड की परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** विभिन्न जेलों में बंद 41 बंदी और कैदी यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। इन सभी के लिए सेंट्रल कारागार इज्जतनगर में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जेल प्रशासन ने परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। यूपी बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च तक होनी है। जेल में हत्या समेत विभिन्न मामलों के बंदी और कैदी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। वे रोजाना दो से तीन घंटे पढ़ाई कर रहे हैं। इन बंदियों और कैदियों की परीक्षा की जिम्मेदारी सेंट्रल जेल बरेली को सौंपी गई है। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. अभिनव भारद्वाज को परीक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें जेल प्रशासन ने पूरी सुविधा मुहैया करा दी है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में कुल 41 बंदी और कैदी परीक्षा देंगे। सेंट्रल जेल परीक्षा केंद्र पर बरेली के 16, शाहजहांपुर के सात, मुरादाबाद के तीन, रामपुर के नौ, बिजनौर के चार, पीलीभीत के दो परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसमें हाईस्कूल के 26 और इंटरमीडिएट के 15 परीक्षार्थी हैं।

> बरेली समेत अन्य जिलों की जेलों के कुल 41 बंदी और कैदी यूपी बोर्ड की परीक्षा देंगे। इसके लिए जेल प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। कैदी और बंदी परीक्षा की तैयारी में लगे हैं।
> – विजय रॉय, सेंट्रल कारागार बरेली

### सीबीएसई: 10वीं संस्कृत की एक छात्र ने दी परीक्षा हिंदी में 1620 बैठे

**बरेली, अमृत विचार :** सोमवार को सीबीएसई के 10 वीं की संस्कृत और 12 वीं के छात्रों ने हिंदी कोर की परीक्षा दी। कुल 22 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। 10 वीं संस्कृत में सिर्फ एक पंजीकृत छात्र ने परीक्षा दी वहीं 12 की हिंदी कोर में पंजीकृत 1621 छात्रों में 1620 छात्रों ने परीक्षा दी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही सुरक्षा बल तैनात रहा। सुबह 10:30 से 1:30 बजे तक चली परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर अभिभावक बच्चों का इंतजार करते दिखे। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्रों ने बताया कि हिंदी के पेपर की उन्होंने खूब तैयारी की थी, इसका लाभ भी मिला। कई सवालों को समझने में हालांकि काफी समय लगा लेकिन ओवरआल पेपर ठीक रहा। कुछ परीक्षार्थी अपने प्रदर्शन से असंतुष्ट दिखे। सीबीएसई के सिटी समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को 10 वीं में 29 पंजीकृत छात्र उर्दू की परीक्षा देंगे। इसके लिए कृष्णा पब्लिक स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# यू डायस पर डाटा अपडेट नहीं करने वाले प्रधानाध्यापकों का वेतन रोकने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिथरी के 12 और फरीदपुर के 14 स्कूलों के ने नही भरा पोर्टल पर डाटा
- अब दोबारा 21 फरवरी को शाम 5 बजे तक पोर्टल पर डाटा भरने के आदेश

**अमृत विचार:** यूडायस के तहत छात्र मॉड्यूल में डाटा पूरा करने में निरंतर लापरवाही बरतने वाले प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध बीएसए ने कार्रवाई कर वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक 14 फरवरी को शाम 5 बजे तक यूडायस पोर्टल पर छात्र माड्यूल में बच्चों डाटा भरने के निर्देश दिए गए थे लेकिन जिले के आलमपुर, बहेड़ी, नगर क्षेत्र, भदपुरा, भुता, फरीदपुर, सहित विभिन ब्लॉकों के कुल 85 स्कूल के प्रधानाध्यापकों ने डाटा अभी तक नहीं भरा है।

सोमवार को बीएसए ने तत्काल वेतन रोकने के साथ प्रधानाध्यापकों व प्रभारी प्रधानाध्यापकों को कड़ी चेतावनी देते हुए हर हाल में 21 फरवरी को शाम 5 बजे तक शत प्रतिशत बच्चों का डाटा पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि सभी प्रधानाध्यापकों को पहले भी निर्धारित समय में डाटा पूर्ण करने को कहा गया था। दोबारा प्रधानाध्यापकों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही पाए जाने पर प्रधानाध्यापकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बिथरी और फरीदपुर के सर्वाधिक प्रधानाध्यापकों पर हुई कार्रवाई

आलमपुर के 6, बहेड़ी के 3, नगर क्षेत्र के 10, भदपुरा के 2, भोजीपुरा के 6, भुता के 5, फरीदपुर के 14, फतेहगंज का 1, मझगवां के 2, मीरगंज के 5, नवाबगंज के 5, रामनगर के 3, दमखोदा के 11 और बिथरी चैनपुर के 12 स्कूल।

## बरेली कॉलेज में मार्च में रोवर्स और रेंजर्स का होगा प्रादेशिक समागम

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में 5, 6 और 7 मार्च को रोवर्स और रेंजर्स का प्रादेशिक समागम होगा। इसमें उच्च शिक्षण संस्थानों से लगभग 15 टीमें भाग लेंगी। इस दौरान स्मारिका भी रिलीज होगी। कॉलेज में इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

स्काउट गाइड के जनपदीय अधिकारी और विशिष्ट अतिथि इसमें शामिल होंगे। कार्यक्रम का संयोजन रेंजर्स लीडर प्रो. नीरजा अस्थाना कर रही हैं। प्रो. नीरजा अस्थाना ने बताया कि अंतर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता की तैयारियां चल रही हैं। जल्द ही बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## कौशल विकास के प्रशिक्षण के लिए 20 से होंगे पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (स्किल हब) चार के तहत बरेली कॉलेज में युवाओं को सोलर परियोजना, योग एवं वैलनेस आदि का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने मुताबिक कॉलेज को इस प्रशिक्षण के लिए चुना गया है। प्रशिक्षण के लिए युवाओं को महाविद्यालय के इग्नू ऑफिस में जाकर अपने दो फोटो और आधार कार्ड और आई कार्ड के साथ अपना पंजीकरण कराना होगा।

योजना की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में भी सहायता की जाएगी। पंजीकरण 20 फरवरी से शुरू होंगे। छात्र पंजीकरण के दौरान सावधानी बरतें और दस्तावेज भी ध्यानपूर्वक लगाएं ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो।

## स्कूलों में अब पहुंची कंपोजिट ग्रांट मुश्किल होगा उपभोग कर पाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों का शैक्षिक सत्र समाप्त होने में करीब 40 दिन का समय ही बचा है। अगले माह में परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं होनी हैं। ऐसे में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों को मिली 50 फीसदी कंपोजित ग्रांट का 31 मार्च तक उपभोग करना बड़ी चुनौती होगा।

ग्रांट का उपभोग नहीं किया गया तो ग्रांट लैप्स हो जाएगी। जिले में 2432 स्कूलों की प्रबंध समितियों के खाते में कंपोजिट ग्रांट भेज दी गई है। शिक्षकों का कहना है कि पूरा सत्र अब खतम होने के कगार पर है। परीक्षा के बीच इस ग्रांट का उपभोग कैसे कर पाएंगे।

### पंजीकृत बच्चों के आधार पर स्कूलों में पहुंची ग्रांट

एक से 30 तक बच्चों की संख्या पर 5000 रुपये, 30 से 100 बच्चों पर 14500, 100 से 250 बच्चों पर 25000, 250 से 1000 बच्चों पर 37500 रूपये और 1000 से अधिक बच्चों वाले स्कूलों को 50000 रुपये ग्रांट उपलब्ध कराई गई है। इस धनराशि से स्कूलों में स्वच्छता, शौचालय, शुद्ध पेयजल, शिक्षण सहायक सामग्री, फर्स्ट एड बाक्स, अग्निशमन यंत्र, विद्युत उपकरण, कंप्यूटर शिक्षण, अनुरक्षण कार्य, रंगाई-पुताई, स्टेशनरी, चटाई, टाट-पट्टी व अन्य कार्य कराए जाने है। स्कूलों की दीवारों पर निपुण भारत के लोगो भी तैयार कराए जाएंगे।

> इस बार स्कूलों को कंपोजिट ग्रांट बहुत देर से भेजी गई है। ज्यादातर स्कूल शत प्रतिशत ग्रांट का उपभोग नहीं कर पाएंगे। कई स्कूलों में शिक्षक अपने खर्च पर ही अधिकतर कार्य करा चुके हैं।
> –मुकेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ

> मार्च में बच्चों की वार्षिक परीक्षांए होनी हैं। ऐसे में ग्रांट का शत प्रतिशत उपभोग हो पाना मुश्किल है। इसके अलावा पीएफएमएस के माध्यम से मजदूरी, दिहाड़ी आदि तमाम कार्यों के लिए इस धनराशि का उपभोग करना भी शिक्षकों के लिए बेहद कठिन है।
> –भानु प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष, यूटा

## पीएम-उषा में रुविवि को मिले सौ करोड़ आज प्रधानमंत्री का होगा ऑनलाइन संबोधन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पीएम उषा के तहत 100 करोड़ रुपये का अनुदान मिलने पर बैठक करते कुलपति।

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति ने बैठक कर आगे की तैयारियों पर की चर्चा

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय को पीएम-उषा (प्रधानमंत्री- उच्चतर शिक्षा अभियान) के तहत 100 करोड़ रुपये का अनुदान मिलने पर सोमवार को कुलपति प्रो. केपी सिंह ने समिति कक्ष में संकायाध्यक्षाओं और विभागाध्यक्षों की बैठक की। इसमें अनुदान के भविष्य में उपयोग के बारे में चर्चा की गई। बताया गया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुदान प्राप्त करने वाले देश के 78 विश्वविद्यालयों के साथ ऑनलाइन संबोधन होगा।

बैठक में कुलपति ने उत्कृष्टता के एक वैश्विक संस्थान में बदलने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस अनुदान से अत्याधुनिक अनुसंधान, बहु-विषयक सहयोग और अकादमिक प्रगति को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, विश्व स्तरीय संकाय को आकर्षित करने और विभिन्न विषयों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करेगा। इस अनुदान से वैश्विक मान्यता प्राप्त करने और बौद्धिक विकास का केंद्र बनने की दिशा में विश्वविद्यालय की यात्रा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एक वैश्विक संस्थान में विश्वविद्यालय के परिवर्तन से न केवल इसकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी बल्कि यह क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी योगदान देगा। अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार सामाजिक चुनौतियों का समाधान करेंगे। इससे उद्यमिता के अवसर पैदा होंगे और छात्रों के लिए रोजगार क्षमता बढ़ाएंगे।

इस अवसर पर प्रो. एसके पांडेय, प्रो. आलोक श्रीवास्तव, प्रो. तूलिका सक्सेना, प्रो. एके सिंह, प्रो. रश्मि अग्रवाल, प्रो. संजय गर्ग, प्रो. विनय ऋषिवाल, प्रो. संजय मिश्रा, प्रो. पीबी सिंह, प्रो. जेएन मौर्य, प्रो. शोभना सिंह, डॉ. अमित सिंह, कुलसचिव अजय कृष्ण यादव, आनंद मौर्या, सुनीता यादव मौजूद रहे। बैठक में कई महाविद्यालयों के प्राचार्य भी जुड़े।



स्नातक और परास्नातक की मुख्य परीक्षा के संस्थागत और व्यक्तिगत के फार्म भी जमा हो रहे हैं, जिसकी वजह से बरेली कॉलेज में विद्यार्थियों की लाइनें लग रही हैं। ● अमृत विचार

### एनएसएस के सात दिवसीय शिविर की शुरुआत




**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का हरुनगला बस्ती के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन फराह बेगम प्रधानाचार्य और डॉ. फौजिया खान ने किया। डॉ. फौजिया खान ने अपने अनुभव साझा किए। प्रधानाचार्य ने कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलते हुए ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर समाज, देश और संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रिंकू कुमार, डॉ. विकास पटेल, स्वयंसेविकाएं पूजा सिंह, दीक्षा मौर्य, ज्योति शर्मा, वर्षा पटेल, रुचि, हिमानी, कविता, वंदना इत्यादि रहे।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

## बच्चों में हड्डी से जुड़ी समस्याओं को हल्के में न लें माता-पिता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बच्चों में टेढ़े पैर, रीढ़ की हड्डी, हाथ की टेढ़ी हड्डी की समस्या अधिक
- डॉ. तुषार अग्रवाल 14 व 15 मार्च को देंगे निशुल्क परामर्श

**अमृत विचार :** हड्डी से संबंधित कोई भी रोग बेहद कष्टदायी होता है। हड्डी की समस्या जरूरी पोषक तत्वों की कमी या जन्मजात भी हो सकती है। हड्डी रोग विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों में भी हड्डी के रोग बढ़ रहे हैं। हड्डी के कई ऐसे जन्मजात रोग हैं जिससे बच्चों का पूरा जीवन बोझिल हो जाता है।

मुंबई के बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. तुषार अग्रवाल ने इस विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों में हड्डी से जुड़े रोगों के संकेत या शंका होने पर अभिभावकों को जल्द से जल्द शिशु हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। अधिक समय बीतने के बाद उपचार मुश्किल भरा हो सकता है। डॉ. तुषार बताते हैं कि कई बार लोग जानकारी के अभाव में यह मान लेते हैं कि बच्चों में हड्डी का जन्मजात रोग ठीक नहीं होता, लेकिन ऐसा नहीं है। जानकार विशेषज्ञ से उपचार कराने पर अच्छा परिणाम मिलता है।

### समय से हड्डी का उपचार बहुत जरूरी

टेढ़े हाथ-पैर और रीढ़ की हड्डी की समस्या बढ़ते बच्चों में देखी जाती है। फ्रैक्चर के अलावा हड्डियों व जोड़ों में होने वाला संक्रमण भी बड़ी समस्या है। समय पर उपचार नहीं किया गया तो घुटने टेकना, झुके पैर, कूल्हे की कुरूपता (कोक्सा वारा) जैसी विसंगतियां होने लगती हैं। तीन से 11 साल के बच्चों में एक असामान्य स्थिति सिर से जांघ की हड्डी में रक्त की आपूर्ति को बाधित करती है जिससे हड्डी खराब हो जाती है।

### बड़ों की तरह अपनी व्यथा व्यक्त नहीं कर सकते बच्चे

डॉ. तुषार अग्रवाल का कहना है कि बच्चे अपनी व्यथा बड़ों की तरह व्यक्त नहीं कर सकते। बच्चों में हड्डी से जुड़े रोगों का उपचार विशिष्ट शिशु हड्डी विशेषज्ञ की निगरानी में होना जरूरी है। पहले की अपेक्षा अब कई अत्याधुनिक तकनीक विकसित हुई हैं, जिससे कई असाध्य रोगों का उपचार आसान और सफल हो रहा है।

### दुर्लभ जन्मजात सिंड्रोम हड्डियों पर सबसे अधिक डालते हैं प्रभाव

डॉ. तुषार के अनुसार हड्डी से संबंधित जन्मजात रोग बच्चों ही नहीं माता-पिता की भी मुश्किलें बढ़ा देते हैं। सेरेबल पाल्सी, स्पाइनल बिफिडा, आर्थोगिपोसिस, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी आदि रोग न्यूरोमस्कुलर स्थितियां हैं। इनसे बच्चों को बेहद परेशानी भरा जीवन व्यतीत करना पड़ता है। इसके अलावा बच्चों की कम लंबाई की परेशानी जन्मजात सिंड्रोम के चलते होती है जो बच्चों की हड्डी और जोड़ को सबसे अधिक प्रभावित करती है।

### बरेली में देंगे निशुल्क परामर्श

डॉ. तुषार अग्रवाल 14 व 15 मार्च को बरेली के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल में बच्चों में हड्डी और रीढ़ से जुड़ी समस्याओं के लिए निशुल्क परामर्श देंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए 9081800900 और 8006460900 पर कॉल किया जा सकता है।

## वेब ऑफ साइंस पर वर्कशॉप हुई

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शोध निदेशालय की ओर से रिसर्च एंड फैकल्टी मेंबर्स की वेब ऑफ सांइस (क्लैरिवेट एनालिटिकल) की ऑनलाइन वर्कशॉप हुई। डॉ. सुभाश्री नाग की ओर स आयोजित वर्कशॉप में 44 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की। इसमें शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार, डॉ. ललित कुमार पांडेय, डॉ. सुभाष चंद्र, डॉ. छवि शर्मा भी शामिल हुए। इससे पहले 23 जनवरी को डॉ. सुभरा दत्ता ने स्कोपस और 6 और 7 फरवरी को कनिष्का जिंदल ने निंबस पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित कराई थी।

# आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त
ताकत व रुकावट
प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध
YouTube पर Search करें
गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223



# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने के जुर्म में तीन को उम्रकैद की सजा

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दस साल पहले 16 साल की किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी गांव मढ़ोली, फतेहगंज पश्चिमी निवासी दीपक, हरिओम और राजकुमार को कोर्ट ने दोषी पाया। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट राम दयाल की कोर्ट ने प्रत्येक को आजीवन कारावास और 75-75 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की आधी रकम पीड़िता के माता-पिता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया था कि 13 मई 2014 को दिन में बेटी घर पर अकेली थी। वह और पत्नी दावत में गए थे। दीपक, हरिओम व राज कुमार बेटी को बहला फुसलाकर दिल्ली ले गये। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आरोपी सलवार सूट दिलाने के बहाने टैंपो में बैठाकर ले गए थे। वहां से दिल्ली घुमाने जबरदस्ती ले गए। वहां किराये के कमरे में रखकर तीनों ने दुष्कर्म किया। शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किये थे।

## दस साल के बच्चे से युवक ने किया कुकर्म

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में दस साल के बच्चे के साथ मोहल्ले के युवक ने कुकर्म किया। बच्चे ने अपने साथ हुई घटना मां को बताई तो पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी घर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। एक व्यक्ति के मुताबिक उनका दस साल का बेटा सोमवार को 11 बजे स्कूल से घर आया। उसके बाद बच्चों के साथ खेलने की बात कहकर घर से चला गया। आरोप है कि दोपहर करीब 12 बजे मोहल्ले का रहने वाला हुसैन उसे अपने साथ एक गोदाम में ले गया और वहां उसके साथ कुकर्म किया। बेटा घर डरा हुआ पहुंचा। परिजनों ने पूछा तो काफी देर तक कुछ भी नहीं बताया। मां ने उसे अकेले में ले जाकर पूछा तो उसने आपबीती सुनाई।

## हत्या के मुख्य आरोपी के खुलेआम घूमने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** फरीदपुर क्षेत्र स्थित गांव भूरे खां गौटिया निवासी मोहम्मद सैफ की 10 लाख रुपये न देने पर हरदोई में हत्या कर दी गई थी। परिजनों का आरोप है कि मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहा और जान से मारने की धमकी दे रहा है। परिजनों ने सोमवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। जनसुनवाई कर रहे अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

भूरे खां गौटिया निवासी जाकिर बी के बेटे मोहम्मद सैफ की हरदोई में हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आरोपी तस्लीम को जिला हरदोई से गिरफ्तार कर शव हरदोई कोतवाली क्षेत्र में नाले से बरामद किया था। आरोप है कि तस्लीम ने पूछताछ में साथी शाकिर, मुनीश उर्फ शाहिद और राशिद कुरैशी का भी नाम बताया था। जिसमें पुलिस ने शाकिर और मुनीश को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि, मुख्य आरोपी राशिद अभी फरार है। आरोप है कि राशिद पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने कुछ दिन पहले अपने साथियों के साथ मिलकर घर पर धावा बोला।

## स्कूटी फिसलने से युवक की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन्स निवासी अभिषेक एन लाल (30) की स्कूटी फिसलने से हल्द्वानी में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अभिषेक हल्द्वानी के एक होटल में नौकरी करता था। वह शनिवार को किसी काम से रामनगर गया था। शाम को वापस आते वक्त डांठ कटघरिया के पास उसकी स्कूटी फिसल गई और वह बुरी तरह घायल हो गया। सोमवार को निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

# बैंक अधिकारी बताकर दिया झांसा, बुजुर्ग महिला के खाते से पांच लाख रुपये उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी के आदेश पर साइबर क्राइम थाना में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** प्रेमनगर निवासी ऑर्किटेक्ट की बुजुर्ग मां से साइबर ठगों ने बैंक अधिकारी बनकर खाते से पांच लाख रुपये उड़ा लिए। ठग ने बैंक खाते में मोबाइल नंबर अपडेट करने का झांसा दिया था। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

डीडीपुरम निवासी आर्किटेक्ट पवन भट्ट ने बताया कि उनकी मां कमला भट्ट (70) का एक्सिस बैंक में खाता है। उनकी मां के फोन पर 30 दिसंबर 2023 को एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताकर बैंक में मोबाइल नंबर अपडेट करने का झांसा दिया। इसके बाद एप के माध्यम से अपना मोबाइल नंबर अपडेट करके पांच लाख रुपये बैंक खाते से निकाल लिए। उन्होंने थाना पुलिस से शिकायत की। इसके बाद उन्होंने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर साइबर क्राइम पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


# नदी में उतराता मिला 10 दिन से लापता महिला का शव

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** दस दिन पहले लापता 28 साल की मंदबुद्धि महिला का शव सोमवार को मनकरी गांव के पास बैगुल नदी में उतराता मिला है। ग्राम चिटौली के महीपाल ने सोमवार को पुलिस को बताया कि उनकी 28 वर्षीया बहन ओमवती पत्नी वेदराम निवासी ग्राम बहरोली थाना मीरगंज पिछले कुछ दिनों से मायके में रह रही थी। वह दस फरवरी की सुबह साढ़े आठ बजे किसी को कुछ बताए बिना कहीं चली गई थी।

काफी तलाश करने पर भी जब उसका कोई पता नहीं लगा तो उसने अगले दिन थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी भी दर्ज करवाई थी। सोमवार सुबह मनकरी के कुछ ग्रामीणों ने गांव के पास बह रही बैगुल नदी में महिला का शव उतराता देखा। जानकारी मिलने पर महीपाल और परिवार के अन्य सदस्य भी पहुंच गए। गांव वालों ने शव नदी से बाहर निकाला। महीपाल ने मृतका की पहचान अपनी बहन ओमवती के रूप में की। पुलिस को दी गई तहरीर में महीपाल ने बहन ओमवती को दिमागी परेशानी के चलते बैगुल नदी में कूदकर आत्महत्या कर लेने की बात कही है।


RMCH BAREILLY Excellence towards profession
# रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

* इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचे छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था


# मकान मालिक को धमकाने के मामले में कोर्ट में पेश हुआ सद्दाम

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र के खुशबू एन्क्लेव में फर्जी कागजात से किराए पर मकान लेने व मकान मालिक को अतीक-अशरफ का नाम लेकर धमकी देने के मामले में माफिया सद्दाम को बदायूं पुलिस ने बरेली कोर्ट में पेश किया। पुलिस सद्दाम को रिमांड पर लेने की तैयारी में है। माफिया अशरफ का साला सद्दाम केंद्रीय कारागार दो बरेली में अशरफ से अवैध मुलाकात प्रकरण में गिरफ्तार हुआ था, उसे बरेली से बदायूं जेल में ट्रांसफर किया गया था।

कोतवाली क्षेत्र के आजम नगर के रहने वाले मोहम्मद हसीन ने 6 मार्च 2023 को बारादरी थाने में सद्दाम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उनके भाई मोहम्मद तसलीम का एक मकान फाईक एन्क्लेव स्थित खुशबू कालोनी में है। वह परिवार के साथ आजमनगर में रहते हैं। सद्दाम किराए पर मकान लेने पहुंचा था और अपना नाम मुश्ताक बताया था। एग्रीमेण्ट भी मुश्ताक के नाम से तैयार कराया गया था।

जनवरी 2023 में किराया लेने गए तो छत पर ले जाकर धमकाते हुए कहा कि उसका नाम सद्दाम है। वह प्रयागराज का रहने वाला है। दोबारा किराया मांगा तो हत्या कर देगा। साथ ही माफिया अशरफ और अतीक का नाम लेकर भी धमकाया। सोमवार को बदायूं पुलिस ने उसे बरेली कोर्ट में पेश किया। बारादरी पुलिस अब उसका रिमांड लेगी। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### महायज्ञ में कराया गया मुंडन और अन्न प्राशन



**बरेली, अमृत विचार :** महानगर कॉलोनी में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन मुंडन, अन्न प्राशन, विद्यारंभ, यज्ञोपवीत सहित दीक्षा संस्कार कराए गए। सोमवार को विशिष्ट साधना अभियान के तहत शांति कुंज के मार्गदर्शन में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से महानगर के मोदी मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी कार्यक्रम विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुए। इसके बाद शाम को सत्संग सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम में संयोजक बलवीर सिंह, सुधीर उपाध्याय, डा. दीपमाला शर्मा, दिनेश पांडेय, राजेश गंगवार, आरके सिंह, अमर सिंह परमार, अजय शर्मा, प्रदीप गंगवार, एमके गर्ग, शिवेन्द्र भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

### ईवीएम बंद कर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग



**बरेली, अमृत विचार :** पैनी नजर सामाजिक संस्था के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सोमवार को ईवीएम बंद कर बैलेट पेपर से चुनाव कराने के संबंध में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। संस्था अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने कहा कि 2014 से लगातार चुनाव में गड़बड़ियां की जा रही हैं। निरंतर सबूत भी दिए जा रहे हैं। इसके बावजूद चुनाव आयोग ईवीएम से ही चुनाव कराने पर अड़ा है। कहा कि सरकार के जन विरोधी कानूनों के विरोध में लगातार धरना-प्रदर्शन हो रहे हैं। दो साल पहले 13 महीने धरने के बाद किसान फिर से विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। विरोध में उठने वाली आवाजों को सरकार दबा रही है। कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव बैलट पेपर से होना चाहिए। सरकार को भरोसा है कि जनता उन्हें ही वोट दे रही है तो बैलेट से भी वही रिजल्ट आएगा जो ईवीएम से आता है।

# कोल्हू वालों को अच्छा मुनाफा दे रहा है गुड़

## कोल्हुओं पर तैयार गुड़ उतराखंड, ओड़ीसा, बिहार, गुजरात समेत जा रहा है कई राज्यों में

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचारः** गुड़ जिले के कोल्हू संचालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाकर उनके जीवन में मिठास घोल रहा है। उत्तराखंड, ओड़ीसा, बिहार, गुजरात समेत कई राज्यों में यहां का गुड़ जाता है। दावा है कि बिना केमिकल तैयार किया जा रहा यह गुड़ न सिर्फ जायके में बेहतरीन है, बल्कि सेहत के लिहाज से भी बहुत मुफीद है।

जिले में करीब 350 कोल्हू हैं। नवंबर से कोल्हुओं का संचालन शुरू होता है और मार्च तक गुड़ बनाने का काम चलता है। चीनी मिलों से ज्यादा दाम वह भी नकद मिलने के चलते बड़ी संख्या में किसान कोल्हुओं पर गन्ना बेच रहे हैं। कोल्हुओं पर सामान्य गुड़ के साथ मेवा, मूंगफली, काली मिर्च व अन्य चीजें मिलाकर गुड़ तैयार किया जाता है। गुड़ की वैरायटी व क्वालिटी के हिसाब से कीमत 30 रुपये से 300 रुपये तक है। दावा है कि यहां गुड़ बनाने में किसी तरह के केमिकल, चूना या सेलखड़ी का प्रयोग नहीं किया जाता। शुद्ध सरसों का तेल डाला जाता है, जिससे गुड़ मुलायम रहता है। इसके अलावा हल्का सा लाल रंग लगाया जाता है ताकि गुड़ देखने में खूबसूरत लगे।



नवाबगंज के एक कोल्हू पर तैयार गुड़।

- **सामान्य गुड़ के अलावा मेवा, सोंठ-काली मिर्च, नारियल, तिल मिलाकर भी गुड़ तैयार किया जा रहा है**

### कोल्हुओं पर तैयार की जाती हैं कई वैरायटी

जिले में कोल्हुओं पर सोंठ, काली मिर्च, काजू-बादाम, नारियल, तिल, मूंगफली, चना-अलसी मिलाकर भी विशेष गुड़ तैयार किया जाता है। सादा गुड़ की कीमत 30 से 35 रुपये प्रतिकिग्रा है। वहीं अलग-अलग वैरायटी वाला गुड़ 100 रुपये से 300 रुपये किलो के भाव से बिकता है। नवाबगंज, बहेड़ी में करीब दो दर्जन कोल्हू विशेष गुड़ तैयार करते हैं। इसे थोक मंडी के अलावा फुटकर में भी बेचते हैं। इसकी बाहर के राज्यों में अच्छी मांग है।

### रोजाना बनता है करीब 42 हजार क्विंटल गुड़

एक दिन में एक कोल्हू पर औसतन 100 क्विंटल गन्ने की पेराई होती है। एक क्विंटल गन्ने में करीब 12 किलो गुड़ तैयार होता है। इस हिसाब से प्रतिदिन एक कोल्हू पर करीब 120 किलो गुड़ तैयार होता है। इस तरह जिले में 350 कोल्हुओं पर करीब 42 हजार क्विंटल गुड़ तैयार होता है।

"हमारे कोल्हू पर गुड़ की कई वैरायटी हैं। मेवा, मूंगफली को मिलाकर तैयार गुड़ अलग- अलग रेट में बिकता है। राजस्थान, पंजाब समेत कई राज्यों में इसकी सप्लाई है। ऑर्डर पर भी गुड़ तैयार करते हैं। थोक के साथ फुटकर भी बिकता है। मेवा, नारियल, मूंगफली, सोंठ के गुड़ की पैकिंग कराके लोग रिश्तेदारों को भेजते हैं।
**-अविनेश गंगवार,** कोल्हू संचालक

"एक क्विंटल गन्ने में 12 किलो गुड़ तैयार हो जाता है। सारा खर्च निकालकर करीब 20 रुपये प्रति किलो की बचत होती है। इसे बेचने में भी ज्यादा परेशानी नहीं होती है। व्यापारियों से फोन पर ही सौदा हो जाता है और वे घर से ही गुड़ उठाकर ले जाते हैं। उत्तराखंड समेत अन्य कई राज्यों में गुड़ की अच्छी डिमांड हैं।
**- रामू, गरगइया,** नवाबगंज

"जिले के कोल्हुओं पर बिना किसी केमिकल के गुड़ तैयार किया जाता है। यही वजह है कि अन्य राज्यों में भी यहां के गुड़ की डिमांड बढ़ रही है। पहले उत्तराखंड समेत कुछ एक राज्यों में गुड़ जाता था। अब ओड़ीसा, गुजरात से भी डिमांड आ रही है। इससे कोल्हू संचालकों की बल्ले-बल्ले है।
**-मनीष शुक्ला,** सहायक आयुक्त चीनी

# दस से तीस रुपये तक महंगा होगा आलू भंडारण का भाड़ा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **कोल्ड स्टोरों की तैयारी शुरू पहले से परेशान किसानों पर और पड़ेगी मार**
- **लखनऊ में हाल ही में हुई कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन की बैठक में लिया गया निर्णय**

**अमृत विचार :** खाद, बीज, पेट्रोल और डीजल पर महंगाई की मार से किसान पहले से परेशान हैं। सुविधाएं मुहैया कराने के बजाए किसानों के सामने मुसीबत खड़ी करने वाली स्थितियां पैदा की जा रही हैं। कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारण पर अब उन्हें अधिक जेब ढीली करनी पड़ेगी।

हाल ही में लखनऊ में कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन की बैठक में आलू भंडारण के दाम बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद 10 से 30 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ाया जाना तय हुआ है।

आगरा, अलीगढ़ समेत कई जिलों में आलू भंडारण शुल्क में वृद्धि की जा चुकी है। 25 फरवरी से जिले में दाम बढ़ाए जा सकते हैं। अब तक आलू 250 से 270 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किराये पर रखा जा रहा था, उसके लिए किसानों को अब 290 रुपये चुकाने होंगे। जिले में 28 कोल्ड स्टोर हैं। जहां 1 फरवरी से लेकर 30 नवंबर तक आलू भंडारण होता है। करीब आठ हजार हेक्टेयर में किसान आलू की खेती करते हैं। जिससे 1.45 लाख एमटी उत्पादन होता है।

### उत्पादन और भंडारण क्षमता में हुआ इजाफा

जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने बताया कि जिले में गत वर्ष आलू का उत्पादन सवा लाख मीट्रिक टन था। इस बार करीब बीस हजार मीट्रिक टन उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। इस बार भंडारण की क्षमता भी बढ़ी है। कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के अध्यक्ष हरि प्रकाश अग्रवाल का कहना है कि कोल्ड स्टोर का शुल्क कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के राष्ट्रीय स्तर पर तय होता है। लगातार महंगाई बढ़ रही है। इसे देखते हुए जल्द मामूली शुल्क बढ़ाया जा सकता है।

## कंस के अत्याचार बढ़े तो कृष्ण को करना पड़ा अंत

**भमोरा/देवचरा, अमृत विचार :** कंस के अत्याचार बढ़ने पर श्री कृष्ण को उसका वध करना पड़ा। यह प्रवचन मंदिर ठाकुर महाराज, देवचरा में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास सोमदत्त शास्त्री ने व्यक्त किए। श्रीमद भागवत कथा में सोमवार को कथा व्यास पंडित सोमदत्त शास्त्री ने उद्धव-गोपी संवाद, कंस वध और रुक्मणि विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि मथुरा से श्रीकृष्ण के जाने के बाद उनके वियोग में गोपियों को समझाने उद्धव पहुंचे। मगर उद्धव गोपियों को नहीं समझा पाए। श्रीकृष्ण ने द्वारिका का निर्माण किया। कथा व्यास ने तमाम प्रसंगों से रुक्मणि विवाह को सुनाया। महंत बाबा श्रीधरदास ने बताया कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन 21 फरवरी को पूर्णाहुति से होगा. उस दिन भंडारे में क्षेत्र के दर्जनों गांव के श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। श्रीमद भागवत कथा में प्रेमकुमार उपाध्याय, ह्रदेश गुप्ता, संतोष श्रीवास्तव, आदेश मिश्रा देवेश उपाध्याय, दीपक शर्मा राज गुप्ता, दिनेश शर्मा, रामबाबू श्रीवास्तव समेत सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# विचलित मानवता का पथ प्रदर्शक है राम का आचरण

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** आनंद आश्रम में श्रीराम जन्म की संगीतमय कथा सुनकर श्रोता मुग्ध हो गए।

अध्यात्म की गूंज संस्था की ओर से आयोजित श्रीराम कथा में सोमवार को कथावाचिका यशुमति ने बताया कि श्रीराम ने अपने उत्कृष्ट आचरण से अखिल विश्व को मानवता, प्रेम तथा पारिवारिक एवं सामाजिक मर्यादा का संदेश दिया। उनका आचरण सत्य से विचलित मानवता को युग-युगांतर तक सही मार्ग दिखाता रहेगा। कथावाचिका ने बताया कि गोस्वामी तुलसी दास महाराज कहते हैं कि जब राम जन्म की स्थिति योग, लग्न, ग्रह, वार, सभी अनुकूल हो गए, जड़-चेतन हर्ष विभोर हो गए। राम जी की लीलाओं का मधुर वर्णन करते हुए हुए उन्होंने कहा कि बालक राम के रोने की बहुत ही प्यारी ध्वनि सुनकर सब रानियां उतावली होकर दौड़ी चलीं आईं। दासियां हर्षित होकर जहां-तहां दौड़ीं। सारे पुरवासी आनंद से भर उठे। राजा दशरथ की खुशी का कोई ठिकाना ही नहीं था। कथावाचिका ने राम जन्म के उपलक्ष्य पर संगीतयम बधाई गाकर पूरा वातारण राममय कर दिया। भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे।



कथावाचिका यशुमति।



आनंद आश्रम में कथा सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार


# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर

पत्रांक : के.जी.बी.वी./एस.एस.ए./8594-600/2023-24 दिनांक : 17.02.2024

**के.जी.बी.वी. में चयन हेतु काउन्सिलिंग विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या-2805/68-5-2023-2/2020 दिनांक 01.012.2023 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जनपद के कस्तूरबा गांधी अवासीय बालिका विद्यालयों में शैक्षिक स्टॉफ व लेखाकार के पदों पर संविदा के आधार पर चयन हेतु दिनांक 17.06.2023 को दैनिक समाचार पत्रों हिन्दुस्तान व दैनिक जागरण में विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। प्रकाशित विज्ञप्ति के सापेक्ष आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की मेरिट की गणना सन्दर्भित शासनादेश के अनुसार निम्नवत् आधार पर की गयी है :-

| क्र.सं. | परीक्षा/उपाधि का नामगुणवत्ताअंक | गुणवत्ताअंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 3 | स्नातकउपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 4 | प्रशिक्षणउपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100 |
| 5 | भारांक-के.जी.बी.वी. में शिक्षक के रूप में कार्यरत् रहने का अनुभव | प्रत्येकपूर्ण अध्यापनवर्ष के लिए 02 अंक अधिकतम 30 अंक तक, जो भी कम हो। |

प्रकाशित विज्ञप्ति के सापेक्ष शैक्षिक गुणांक के आधार पर शैक्षिक स्टॉफ व लेखाकार के पदों पर चयन हेतु विषयवार व वर्गवार अनन्तिम चयन मेरिट निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | पदनाम | विषय | वर्ग/श्रेणी | विज्ञापित पदों की संख्या | चयन की अनन्तिम मेरिट | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | उच्चतम | न्यूनतम |
| 1 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | सामाजिक विज्ञान | अनारक्षित | 6 | 62.60 | 52.58 |
| | | | अनारक्षित ई.डब्लू.एस. | 1 | 48.30 | 48.30 |
| | | | अनुसूचित जाति | 3 | 52.14 | 49.22 |
| 2 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | अंग्रेजी | अनारक्षित | 1 | 62.31 | 62.31 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 51.64 | 51.64 |
| | | | अनुसूचित जाति | 2 | 50.03 | 47.38 |
| 3 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | गणित | अनारक्षित | 5 | 56.03 | 54.68 |
| | | | अनारक्षित ई.डब्लू.एस. | 1 | 53.51 | 53.51 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 51.65 | 51.65 |
| | | | अनुसूचित जाति | 2 | 51.66 | 49.62 |
| 4 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | विज्ञान | अनारक्षित | 7 | 54.63 | 52.50 |
| | | | अनारक्षित ई.डब्लू.एस. | 1 | 47.25 | 47.25 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 2 | 52.23 | 51.77 |
| | | | अनुसूचित जाति | 4 | 50.36 | 48.18 |
| 5 | पूर्ण कालिक शिक्षिका | हिन्दी/संस्कृत | अनुसूचित जाति | 4 | 51.46 | 46.13 |
| 6 | अंश कालिक शिक्षिका | कला/संगीत/ गृह विज्ञान | अनारक्षित | 3 | 62.45 | 52.58 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 49.10 | 49.10 |
| | | | अनुसूचित जनजाति | 1 | 0.00 | 0.00 |
| | | | अनुसूचित जाति | 3 | 51.45 | 47.37 |
| 7 | अंश कालिक शिक्षिका | कम्प्यूटर | अनारक्षित | 7 | 48.58 | 44.28 |
| | | | अनारक्षित ई.डब्लू.एस. | 1 | 0.00 | 0.00 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 2 | 42.33 | 41.84 |
| | | | अनुसूचित जाति | 1 | 41.65 | 41.65 |
| 8 | अंश कालिक शिक्षिका | शारीरिक शिक्षा | अनारक्षित | 4 | 51.41 | 49.07 |
| | | | अनारक्षित ई.डब्लू.एस. | 1 | 45.96 | 45.96 |
| | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 48.37 | 48.37 |
| 9 | अंश कालिक शिक्षिका | उर्दू | अनारक्षित | 5 | 51.14 | 47.72 |
| | | | अनुसूचित जनजाति | 2 | 0.00 | 0.00 |
| 10 | लेखाकार | - | अनारक्षित | 2 | 28.96 | 28.60 |
| | | | अनुसूचित जाति | 2 | 21.42 | 21.42 |

नोट :- कुल विज्ञापित 77 पदों के सापेक्ष 72 अभ्यर्थियों के चयन की अनन्तिम चयन मेरिट व सूची जारी की जा रही है। कला/संगीत/गृह विज्ञान में अनुसूचित जनजाति वर्ग तथा कम्प्यूटर शिक्षिका में अनारक्षित ई.डब्लू.एस. वर्ग में कोई पात्र आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

उक्तानुसार मेरिट के अन्तर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की अनन्तिम चयन सूची shahjahanpur.nic.in पर अपलोड है, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा देखा जा सकता है। उक्त अनन्तिम चयन सूची के अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग दिनांक 26.02.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से राजकीय इण्टर कालेज, शाहजहाँपुर में आयोजित की जायेगी। अनन्तिम चयन सूची के अभ्यर्थी उपरोक्त काउसिलिंग में अपने समस्त शैक्षिक, प्रशिक्षण, वर्ग/श्रेणी के प्रमाण पत्र, उच्च प्राथमिक स्तर की टी.ई.टी. तथा के.जी.बी.वी. में शिक्षक के रूप में कार्यरत् रहने तथा वर्श 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित रहने से सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र सहित समस्त अभिलेख मूलरूप सुरक्षित जिपर फाइल में तथा 01 सेट उक्त अभिलेखों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियों, मूल आधार कार्ड तथा 01 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रतिभाग सुनिश्चित करें। अनन्तिम चयन सूची के अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथि दिनांक 26.02.2024 को काउंसिलिंग में प्रतिभाग न करने की स्थिति में उनका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा भविष्य में चयन हेतु उनका कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। उक्तानुसार अपलोड अनन्तिम सूची अभ्यर्थियों के काउंसिलिंग में मूल अभिलेखों को प्रस्तुत करते हुए प्रतिभाग करने तथा अभ्यर्थियों के प्रत्यावेदन निस्तारण के पूर्णतया अधीन है। काउन्सिलिंग में प्राप्त प्रत्यावेदनों का निस्तारण जनपदीय समिति द्वारा नियमानुसार किया जायेगा। काउंसिलिंग के उपरान्त विशयवार/वर्गवार अभ्यर्थियों के चयन की अन्तिम सूची सक्षम स्तर से अनुमोदन के उपरान्त जारी की जायेगी।

**(रणवीर सिंह)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शाहजहाँपुर।**


## हेड मोहर्रिर ने सभासद से की अभद्रता, सांसद ने जताई नाराजगी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में एक पक्ष की सिफारिश में पहुंचे सभासद से हेड मोहरिर ने अभद्रता की। मामला सांसद संतोष गंगवार के पास पहुंचने पर उन्होंने एसएसपी से वार्ता कर हेड मोहर्रिर को हटाने को कहा है।

सभासद अजय गंगवार उर्फ गुड्डू सोमवार को मारपीट के एक मामले में पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की सिफारिश में कोतवाली पहुंचे। हल्का इंचार्ज दरोगा के कहने पर वह उस व्यक्ति को लेने पहुंचे। सभासद का आरोप है कि वह जैसे ही मोहर्रिर कक्ष में पहुंचे तो हेड मोहर्रिर सतीश कुमार ने अभद्रता की। दोनों के बीच कहासुनी हो गई। सभासद के समर्थन में भाजपा नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता, राजीव शुक्ला, सभासद खुर्शीद अहमद, राजीव कुमार, आशीष गुप्ता आदि भी कोतवाली पहुंच गए। कोतवाल श्रवण कुमार ने हेड मोहर्रिर से खेद व्यक्त करा कर मामले को निपटाने का प्रयास किया। इसी दौरान इन लोगों ने नगर में मौजूद सांसद से संतोष गंगवार से शिकायत कर दी। उन्होंने एसएसपी से बात कर उसे हटाने को कहा।

# रोजगार मेले में 60 युवाओं का चयन

**संवाददाता, मीरगंज**

**अमृत विचार :** रोजगार मेले में कुल 139 युवाओं ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 60 का चयन किया गया। चयनित युवाओं को विधायक ने आफर लेटर दिए।

कौशल विकास मिशन एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. डीसी वर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख गोपाल कृष्ण उपस्थिति रहे। मेले में कुल सात कंपनियों ने प्रतिभाग किया और 139 प्रशिक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया। विभिन्न कंपनियों ने 60 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस दौरान पीएम मोदी का लाइव प्रसारण भी देखा गया। इस मौके पर बीडीओ कुलदीप कुमार कुशवाह, जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी, विश्व बैंक महिला टीकम शरण, कौशल विकास स्टाफ, सेवायोजन स्टाफ, रमेश कुर्मी, राजू भारती, सोनू कुर्मी, नरेंद्र नेहरू, मुकेश कश्यप, हरीश लोधी, गुड्डू वर्मा, सहित तमाम प्रधान आदि उपस्थित रहे।



रोजगार मेले में कंपनियों की ओर से दिए गए ऑफर लेटर। ● अमृत विचार

## दबंगों ने युवक से मारपीट कर की फायरिंग

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** दबंगों ने एक युवक की लाठी-डंडों से पिटाई की, दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग की, घायल ने थाने पर पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र के गांव कादरगंज निवासी रणजीत सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह उसकी लड़की घर से खेतों को जा रही थी, रास्ते में गांव के ही बबलू, राजवीर, दीपेंद्र आदि ने उसके साथ गाली गलौज की। उसने इसकी जानकारी अपने पिता को दी तो वह उन लोगों से शिकायत की। जिस पर आरोपी आग बबूला हो गए और रणजीत सिंह के ऊपर हवाई फायर कर दिया। फायरिंग की आवाज सुनकर गांव के तमाम लोग वहां पहुंच गए जिनको देखकर उक्त लोग वहां से फरार हो गए। घायल अवस्था में थाने पहुंचे रणजीत सिंह ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# एसडीएम से शिकायत करने पहुंचीं समूह सखियां- रिश्वत मांगती हैं बीएमएम

**संवाददाता, मीरगंज**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बने स्वयं सहायता समूह की समूह सखियों ने सोमवार को एसडीएम मीरगंज को प्रार्थना पत्र दिया। उन्हें बताया कि ब्लॉक मीरगंज में तैनात बीएमएम आए दिन उन्हे प्रताड़ित करती हैं। समूह में योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत की मांग करती हैं। महिलाओं ने बताया कि वह ढाई माह बाद ऑफिस आईं और महिलाओं को एक- एक कर अपने ऑफिस में बुलाया और कमिशन के लिए दबाव बनाया। समूह सखी महिलाओं ने बीएमएम का किसी अन्य ब्लॉक में ट्रांसफर करने की मांग की। सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है, लेकिन बीएमएम उसमें पलीता लगा रहीं हैं। समूह की महिलाओं ने बीएमएम के संग कार्य नहीं करने की चेतावनी दी है। महिलाओं ने बताया कि मंगलवार को समाधान दिवस में जिलाधिकारी से भी शिकायत करेंगे। इस दौरान शब्बो, राधा, प्रेम कुमारी, राजकुमारी सोमवती, ममता, पुष्पा, अखिलेश, माया, नीरज, ओमवती, सर्वेश, प्रेमवती सहित कई दर्जन महिलाएं मौजूद रहीं। इस संबंध में बीएमएम संगीता से संपर्क करना चाहा तो हो नहीं सका।



एसडीएम से शिकायते करने पहुंचीं समूह सखियां। ● अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा एक बैनामा व जमीन के कुछ कागजात जोकि नवादा जोगियान थाना बारादरी जिला बरेली के हैं, कहीं खो गये हैं। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **माया देवी पत्नी स्व. झाझन लाल निवासी ग्राम नत्थू रम्पुरा थाना भुता तहसील व जिला बरेली। मो 9548789636**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एम.बी.बी.एस. मेडिकल रजिस्ट्रेशन वर्ष 1998 मेडिकल कौन्सिल इण्डिया रजि. नं. 17681 व एम.बी.बी.एस. मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट उत्तर प्रदेश मेडिकल कौन्सिल रजि. नं. 046796 एवं अल्ट्रासाउण्ड ट्रेनिंग प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **डा. दरख्शा तय्यब पत्नी ए अब्बास अंसारी नि. जगतपुर, बरेली।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे नाम से कोई भी राजनैतिक, सामाजिक धार्मिक या सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में कोई भी संस्था पंजीकृत नहीं है। मैं किसी भी सरकारी या अर्द्ध सरकारी पद पर न तो पूर्व में कभी और न ही वर्तमान में कार्यरत हूँ। **मो. नसीम कुरैशी पुत्र स्व. मोहम्मद इब्राहिम निवासी 42/43 कटी कुईयाँ, पुराना शहर थाना बारादरी जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# सड़क को चौड़ा करने के लिए तोड़े जा रहे हैं मकान

## पीडब्ल्यूडी ने अतिक्रमण बताते हुए लगाए हैं निशान, खुद अपने घरों पर लोगों को चलाना पड़ रहा है हथौड़ा

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** भुता- फरीदपुर मार्ग के चौड़ीकरण की प्रक्रिया चल रही हैं। रोड के किनारे बसे गांव मझौआ हेतराम, रहपुरा, मल्लपुर के निवासियों के मकान दुकान जो सड़क के सीमांकन में आ रहे हैं उनको लोगों ने बुलडोजर के भय से खुद ही तोड़ना शुरू कर दिया है।

दरअसल अफसरों ने निशान लगाने के दौरान निर्देश दिए थे, कि स्वयं कब्जा हटा ले वरना बुल्डोजर से हटाया जाएगा, चूकि मशीन से घरों को गिराने में जो बचा हुआ हिस्सा है वह भी क्षतिग्रस्त हो जाता इसलिए लोग स्वयं अपने आशियाने पर हथौड़ा चला रहे हैं।फरीदपुर में अप्रैल 2023 को कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद से विधायक प्रोफेसर डॉक्टर श्याम बिहारी लाल ने विकास के लिए फरीदपुर खुदागंज मार्ग को बनाने के लिए बजट की मांग की। मार्ग निर्माण की स्वीकृति के बाद कैबिनेट मंत्री ने शिलान्यास किया था। सड़क चौड़ीकरण में सबसे ज्यादा नुकसान उन लोगों को हो रहा है, जिनके आधे मकान तक अतिक्रमण पाया गया है, क्योंकि आधा गिराने के बाद बचे हुए आधे को सुधारने के बाद वह किसी काम का नहीं रह जाएगा। वहीं उन लोगों को थोड़ी राहत है, जिनके मकान में एक दो फीट ही अतिक्रमण के जद में आए है, वे लोग उतना हिस्सा गिराकर वहीं से सुधार करवा ले रहे हैं। हालांकि स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि वह सड़क चौड़ीकरण के हिसाब से ही फिर से निशान लगवाए ताकिकुछ लोगों का मकान बच सके।




सड़क की सीमा में आ रहे मकानों को खुद तोड़ रहे हैं ग्रामीण। ● अमृत विचार



गरीबों के पूरे जीवन की कमाई लग जाती है मकान बनाने में, अब उसे खुद ही तोड़ना हो रहा है। परिवार सड़क पर आ गया कहा रखूंगा बच्चों को कोई आर्थिक मदद मिल जाए तो शायद कुछ हो सके।- **वाहिद खान,** मझौआ हेतराम



जितनी गांव के बाहर सड़क चौड़ी हो रही है उतनी ही गांव में होती तो शायद कुछ मकान बच जाते। मगर सड़क बनाने वाले तो पूरे- पूरे मकानों पर निशान लगा गए मजबूरी में खुद गिराना हो रहा है।- **अली दाद,** मझौआ हेतराम

भुता -फरीदपुर मार्ग पर चौड़ीकरण में गरीबों का ख्याल रखते हुए सरकारी भूलेख में दर्ज सड़क के अनुसार चौड़ीकरण किया जाए, इसके अलावा रोड के पूर्व साइड में दोनों समुदाय के धार्मिक स्थल हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए चौड़ीकरण किया जाए। - **रुखसाना बेगम**, प्रधान

किसी की निजी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा पीडब्ल्यूडी की जमीन पर जो अतिक्रमण किया है वही हटाने के लिए ग्रामीणों को कहा गया है। इसलिए वो खुद हटा भी रहे हैं।
- **आमोद गौतम,** जेई लोक निर्माण विभाग

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से कटकर मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । नगर के मोहल्ला मुगलान निवासी अर्जुन ( 22 ) रविवार रात किसी काम से बहगुल नदी के पुल की ओर गया था । उसी दौरान रेलवे लाइन से गुजर रही किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। रेलवे लाइन पर पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारियों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर बिलपुर को दी तो स्टेशन मास्टर ने थाना पुलिस को सूचना दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराई और परिजनों को सूचना दी । परिजनों के रो-रो कर बुरे हाल हो गए । इंस्पेक्टर क्राइम श्यामवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम लिए भेजा गया है ।

## समाधान दिवस में गेहूं विक्रय के होंगे पंजीकरण

**नवाबगंज :** तहसील परिसर में मंगलवार को होने वाले समाधान दिवस में गेहूं विक्रय करने वाले किसानों के निशुल्क पंजीकरण के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। तहसील परिसर में खाद्य विभाग के क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों के केंद्र प्रभारी कृषक पंजीकरण का कैम्प लगाएंगे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूँ)**

पत्रांक : 424/न.पा.परि.दातागंज/2023-24 दिनांक : 15.02.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा 15वाँ वित्त आयोग/15वाँ वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो की ई-निविदायें दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 28.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। कार्य विवरण निम्न प्रकार है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद बदायूँ**

**अध्यक्षा**
**नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद बदायूँ**



**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनैना बाजपेई पुत्री श्री आदर्श वाजपेयी पत्नी श्री हिमांशु मिश्रा निवासी गढ़वाखेरा पोस्ट कजरी निरंजनपुर पूरनपुर, पीलीभीत उ.प्र. (262122) ने एक किता सम्पत्ति खाता संख्या- 1171 कोतवाली रोड पूरनपुर जिला-पीलीभीत को चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री दिनांक 28.11.2005 को वही संख्या- 01 जिल्द संख्या 1427 पृष्ठ संख्या 171-204 क्रम संख्या 6041 सं.र. पूरनपुर में हुई उक्त मूल रजिस्ट्री का विवरण व नजरी नक्शा का विवरण अंकित है। कहीं खो गया है। जिसकी सूचना 18.02.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त ऋण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

सुशान्त सक्सेना, एडवोकेट
कार्यालय- बगिया, चैम्बर नं. 01
बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट,
बरेली मो. 9837205613
सूचीबद्ध अधिवक्ता
चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाइनेन्स कम्पनी लिमिटेड


## बंदी के दिन खोली दस दुकानों के काटे चालान

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** जिला श्रम परिवर्तन अधिकारी बी राम और परिवर्तन अधिकारी आरके चतुर्वेदी की संयुक्त टीम सोमवार की साप्ताहिक बंदी का पूर्ण रूप से पालन करने के लिए दोपहर नगर पंचायत धौराटांडा पहुंची जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया ।

दुकानदार अपनी दुकान बंद करते दिखे उसके बाद भी कई व्यापारी अपनी दुकान खोले बैठे रहे। जिस पर जिला श्रम परिवर्तन अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए दस दुकानदारों के चालान काटे गए हैं। उन्होंने बताया के जिला अधिकारी के आदेश का पूर्ण रूप से हर हाल में पालन कराया जाएगा । अगर व्यापारी नहीं मानते हैं तो लगातार कार्रवाई की जाएगी, इसलिए सभी दुकानदारों को चाहिए के बंदी का पूर्ण रूप से पालन करें और अपने प्रतिष्ठान सोमवार को अवश्य बंद रखें। इसके अलावा नाबालिग बच्चों से दुकानों पर कार्य करने वाले मालिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष तौफीक अहमद ने कहा कि हम लगातार व्यापार हित में कार्य कर रहे हैं शासन के आदेश अनुसार जो साप्ताहिक बंदी है उसका सभी व्यापारी अवश्य पालन करें जिले के आए अधिकारियों के साथ प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष सतीश कश्यप, कैसर इदरीसी समेत अन्य लोग रहे।


**न्यायालय चकबन्दी अधिकारी प्रथम बरेली वाद सं. धारा 20235412131102O194 धारा 9 ए(2) यू.पी. सी.एच. एक्ट** ग्राम खमरिया सानी तहसील मीरगंज जिला बरेली ओमप्रताप बनाम सरकार प्रतिवादी सुन्दर लाल व श्यामबिहारी लाल व मोहन लाल व मिश्री लाल व गेंदन लाल पुत्रगण खन्नामल व मो. उमर व मो. जफर पुत्रगण बेचे व खलील पुत्र ख्वाजा सभी निवासी ग्राम खमरिया सानी तहसील मीरगंज जिला बरेली चूंकि ओमप्रताप पुत्र बुद्धसेन ने आप प्रतिवादी के नाम एक वाद अंतर्गत धारा 9 ए (2) यू.पी. सी.एच. एक्ट रकवा दुरूस्ती/भूचित्र संशोधन के दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि दिनांक 27.02.2024 को स्वयं अथवा मारफत किसी वकील के जो मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो, जो मुकदमा में जवाब देही कर सके मय कागजात अदालत हाजिर हो वर्ना आपकी गैर हाजिरी में मुकदमा का फैसला होगा। आज तारीख 19.02.2024 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय चकबन्दी अधिकारी, प्रथम बरेली।**



**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांक 676/मु.अभि./नि.वि./2023-24 दिनांक : 19.02.2024

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं. 3890/नौ-5-149 सा/ 2019 नगर विकास अनुभाग- 05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| नाला सफाई हेतु पुनः ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं.- 01 से 30 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 22-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 22-02-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 27-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 27-02-2024 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evulation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम, बरेली**


## एक नजर

### ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार घायल

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर होघायल हो गया ।जिसे पुलिस ने इलाज के लिए भेजा ।फरीदपुर के मोहल्ला भरे खां गौटिया निवासी आजाद सोमवार शाम करीब 4 बजे बाइक से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी की ओर आ रहा था । रास्ते में उचसिया गांव के समीप पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल आजाद को गंभीर हालत में बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है ।

### पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने किया श्रमदान

**आंवला, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के 5वें दिन स्वयंसेवी नुक्कड़ नाटक, श्रमदान आदि में शामिल हुए। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने साक्षरता एवं स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली और साक्षरता के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवियों में खुशी, अंशिका, अनामिका, ममता, कसक, सपना, निधि, नैना, भावना आदि ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साक्षरता के प्रति लोगों को जागरूक किया।

### रिछा चौकी के पास से हैरो चोरी

**देवरनियां, अमृत विचार :** रिछा चौकी क्षेत्र में 15 दिन में तीन चोरिया होने के बाद भी पुलिस सक्रिय नहीं हुई, अभी तक किसी भी मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं । सिधौरा निवासी यशपाल की हैरो रिछा चौकी के पास शुक्रवार रात खड़ी थी, जिसे कोई चुरा ले गया। उन्हें शनिवार सुबह चोरी का पता चला। उन्होंने चोरी तहरीर रिछा चौकी पर दी। चार दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। कुछ दिन पूर्व सिधौरा के एक किसान की ट्रॉली चोरी और दमखोदा निवासी गुडडू की पुल पर खड़ी जेसीवी से बैट्री चोरी हुए थे । चौकी इंचार्ज श्रीचन्द्र यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### ई-रिक्शा की बैटरी और भगौने चोरी

**शिवपुरी, अमृत विचार :** सिरौली क्षेत्र में चोर बेखौफ है, पुलिस डकैती और विभिन्न चोरियों का आज तक खुलासा नहीं कर सकी है। वहीं बीती रात चोरों ने एक गोदाम से बैटरी ओर भगौने चुरा लिए ।सिरौली के गांव शिवपुरी निवासी हरीओम शर्मा ने बताया कि बीती रात चोर उसके गोदाम में घुस गए और ई-रिक्शा की चार बैटरी, 6 बड़े भगौने चोरी करके ले गए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### उधार दिए रुपये मांगने पर महिला को पीटा

**नवाबगंज , अमृत विचार :** उधारी के रुपये को लेकर एक महिला ने दूसरी को पीट दिया। घायल महिला ने पुलिस से शिकायत की है। क्षेत्र के ग्राम गजरौला निवासी . नेमचंद की पत्नी रामवती ने बताया कि उसने अपनी रिश्तेदार गां की ही एक महिला को पांच हजार रुपये उधार दिए थे और वापस नहीं दे रही थी । जिस पर दोनों में कुछ दिन पूर्व कहासुनी हो गई थी। जिसे लेकर वह उससे रंजिश मानती है। रविवार की सुबह आरोपी महिला ने उसे लाठी डंडों से पीट दिया, घायल महिला ने थाने में शिकायत की।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूँ)**

पत्रांक : 423/न.पा.परि.दातागंज/2023-24 दिनांक : 13.02.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा 14वाँ वित्त आयोग/15वाँ वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो की ई-निविदायें दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 28.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। कार्य विवरण निम्न प्रकार है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद बदायूँ**

**अध्यक्षा**
**नगर पालिका परिषद दातागंज, जनपद बदायूँ**



**कार्यालय ग्राम पंचायत नवदिया मोतीराम, वि.खं. भदपुरा, बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नवदिया मोतीराम की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त चर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 20.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 22.02.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | होरीलाल के घर से मैकूलाल के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण कार्य। | 162.8 मी. | 4,12,000/- |
| 2. | अरविन्द कुमार के घर से बेचे लाल के घर तक सी.सी. और नाली निर्माण। | 38.75 मी. | 1,34,000/- |

प्रधान- प्रवेश कुमारी सचिव- प्रिन्स चौहान



**कार्यालय ग्राम पंचायत जासपुर, वि.खं. भदपुरा, बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जासपुर की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त चर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 20.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 22.02.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | निसार के घर से अजीम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण । | 68 मी. | 2,31,614/- |
| 2. | ब्रजलाल के घर से कुंवर पाल की जगह तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य। | 80 मी. | 3,65,010/- |

प्रधान- कृष्णा देवी सचिव- राजू सिंह



**कार्यालय ग्राम पंचायत मझारा, वि.खं. आलमपुर जाफराबाद, बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मझारा की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त चर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, पाइप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्रचार-प्रसार सामग्री आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 26.02.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से सामग्री अनुमन्य दरों में क्रय हेतु स्वतंत्र होगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लागत |
|---|---|---|
| 1. | होली चौक से पुलिया तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 3.80 लाख |
| 2. | राजेश्वर के घर के पास पुलिया से जीवन के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 5 लाख |
| 3. | जूनियर हाई स्कूल की बाउन्ड्रीवॉल मरम्मत कार्य | 2 लाख |
| 4. | दो आंगनबाड़ी केन्द्र का कार्य | 24 लाख |

प्रधान-विकल दिवाकर सचिव-विश्वजीत



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सिन्धौली-शाहजहांपुर**

पत्रांकः सी-4870/लेखा/क्षे.पं./2023-24 दिनांकः 16.02.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

क्षेत्र पंचायत सिन्धौली के अन्तर्गत केन्द्रीय वित्त (टाईड/अनटाईड फण्ड) एवं पंचम राजय वित्त के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो को कराये जाने हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से मोहबन्द निविदायें दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार अपनी निविदा विकास खण्ड पर रखे टेन्डर बॉक्स में डाल सकते हैं व पंजीकृत डाक से भी अपनी निविदा उक्त दिनांक व समय तक प्रेषित कर सकते है। जो कि दिनांक 26.02.2024 को अपरान्ह 01:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष (जो उपस्थित होना चाहते हैं) खोली जायेगी। इच्छुक पंजीकृत निविदादाता जो कि आयकर, वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो निविदा प्रकाशित होने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 24.02.2024 पूर्वान्ह 11:00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय सिन्धौली से निविदा फार्म शुलक रू. 500.00 (पांच सौ) मात्र नकद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक व समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते विकास खण्ड पर निविदा प्रकाशन के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. | 04. | 05. | 06. | 07. |
| 01. | ग्राम गनपट हरैया में मेन रोड से सुरेश चन्द्र के घर तक नाला निर्माण 65 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 1.68 | 500.00 | 3700.00 | 03 माह |
| 02. | ग्राम नगला शाहजहां में केशव के घर से तालाब तक नाला निर्माण 100 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 2.95 | 500.00 | 60000.00 | 03 माह |
| 03. | ग्राम बिलन्दपुर में दिनेश के मकान से लिहूटा तालाब तक नाला निर्माण 140 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 5.59 | 500.00 | 11200.00 | 03 माह |
| 04. | ग्राम कमलापुर में राम औतार के मकान से तालाब तक नाला निर्माण 300 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 5.64 | 500.00 | 11300.00 | 03 माह |
| 05. | ग्राम करौदा में प्रा. वि. करौंदा से सकरिया नाला तक नाला निर्माण 155 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 3.79 | 500.00 | 7600.00 | 03 माह |
| 06. | ग्राम कमलापुर में सन्तकुमार के मकान से तालाब तक नाला निर्माण 180 मी.। | केन्द्रीय वित्त (टाईड फण्ड) | 4.10 | 500.00 | 8200.00 | 03 माह |
| 07. | ग्राम कठपुरा मेनरोड से कुबेरपुर तक खडन्जा निर्माण 470 मी.। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 7.99 | 500.00 | 16000.00 | 03 माह |
| 08. | ग्राम कोरोकुईया में आसिफ के मकान से ईदगाह तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 170 मी.। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 9.98 | 500.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 09. | ग्राम भित्तिया अख्त्यारपुर में विमलेश शर्मा के मकान से अशोक सिंह के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य 75 मी.। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 4.19 | 500.00 | 8400.00 | 03 माह |
| 10. | ग्राम ईटरोडा में मेन रोड से विवेक के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 34 मी.। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 1.75 | 500.00 | 3500.00 | 03 माह |
| 11. | ग्राम कमलापुर में सन्तराम के घर से मीनादेवी के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 100 मी.। | केन्द्रीय वित्त (अनटाईड फण्ड) | 5.99 | 500.00 | 12000.00 | 03 माह |
| 12. | ग्राम मूढ़ाहारिस में लिंक रोड से त्रिलोक सिंह के झाला तक खडन्जा निर्माण 470 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 9.89 | 500.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 13. | ग्राम पलिया में डा. रविन्द्र के मकान से रामदास के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 105 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 6.41 | 500.00 | 13000.00 | 03 माह |
| 14. | ग्राम रखिया बुजुर्ग में पश्चिम मन्दिर से राजीव पाण्डे के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 120 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 6.52 | 500.00 | 13000.00 | 03 माह |
| 15. | ग्राम दूल्हापुर से बछियानी तक खड़न्जा निर्माण 460 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 8.99 | 500.00 | 18000.00 | 03 माह |
| 16. | ग्राम मूढ़ाहारिस में होलिका स्थान से कम्पोटर सिंह के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 160 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 9.95 | 500.00 | 20000.00 | 03 माह |
| 17. | ग्राम मुजफफरपुर में जयवीर के घर से विश्राम के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 50 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 2.85 | 500.00 | 5700.00 | 03 माह |
| 18. | ग्राम मुजफफरपुर में होली स्थल से कुलदीप के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 50 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 2.85 | 500.00 | 5700.00 | 03 माह |
| 19. | ग्राम चन्दपाई में रहीश के मकान से सुभाष चन्द्र के मकान तक इन्टरलॉकिंग व एक ओर नाली निर्माण 147 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 7.93 | 500.00 | 16000.00 | 03 माह |
| 20. | ग्राम चड़ारी में गजेन्द्र सिंह के मकान से अवनीश प्रताप सिंह के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 152 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 7.92 | 500.00 | 16000.00 | 03 माह |
| 21. | विकास खण्ड परिसर की बाउंड्रीवाल का उच्चीकरण चव कटौली बाड का निर्माण 285 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 3.79 | 500.00 | 7600.00 | 03 माह |
| 22. | विकास खण्ड परिसर में प्रमुख कक्ष की मरम्मत व सौन्दर्यीकरण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 3.48 | 500.00 | 7000.00 | 03 माह |
| 23. | विकास खण्ड परिसर में कार्यालय कक्षों की मरम्मत व सौन्दर्यीकरण कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 7.14 | 500.00 | 14300.00 | 03 माह |
| 24. | विकास खण्ड कार्यालय में ख.वि.अ. कक्ष, मनरेगा कक्ष व लेखाकार कक्ष की मरम्मत व सौन्दर्यीकरण साज सज्जा कार्य। | पंचम राज्य वित्त | 3.60 | 500.00 | 7200.00 | 03 माह |
| 25. | विकास खण्ड परिसर में शौचालय निर्माण। | पंचम राज्य वित्त | 5.33 | 500.00 | 10700.00 | 03 माह |
| 26. | ग्राम महाऊदुर्ग में मेन चौराहा से नरेश चन्द्र के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 161 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 8.98 | 500.00 | 18000.00 | 03 माह |
| 27. | ग्राम बहादुरपुर बुजुर्ग में प्रदीप सिंह चौहान के मकान से पुलिया तक इन्टरलॉकिंग निर्माण 145 मी.। | पंचम राज्य वित्त | 7.94 | 500.00 | 16000.00 | 03 माह |

**मुख्य नियम व शर्तेः-**

1. प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि को एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में जो कि खण्ड विकास अधिकारी सिन्धौली-शाहजहांपुर के पक्ष में बन्धक हो को संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
2. जमानत धनराशि निविदा की 10 प्रतिशत होगी, जो कि निविदा स्वीकृति के उपरान्त धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत को समायोजित करते हुये शेष 8 प्रतिशत को एफ.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी सिन्धौली के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करना होगा।
3. धरोहर धनराशि एवं जमानत धनराशि को नगद व चेक के रूप में कदापि स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रेषित की जाने वाली निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
5. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त किये जाने का अधिकार क्षेत्र पंचायत सिन्धौली को होगा।
6. उपरोक्तानुसार निविदात्त कार्य उपलब्ध धनराशि के अनुसार ही कराये जायेंगे।
7. प्रकाशित निविदा के अनुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य को स्वीकृत निविदादाता द्वारा पूर्ण कराना होगा। निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण न कराये जाने पर सम्बन्धित निविदादाता को अपनी स्वीकृत निविदा का नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सिन्धौली-शाहजहांपुर**

# किसानों और इफको प्रबंधन के बीच नहीं बनी बात

## रोजगार के लिए इफको प्रबंधन के खिलाफ धरना दे रहे किसान

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** इफको में रोजगार पाने के लिए किसान धरना प्रदर्शन कर रहे है। भूदाता और इफको अधिकारियों के बीच सोमवार को हुई वार्ता असफल रही। किसानों का धरना प्रदर्शन 11वें दिन भी जारी है।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में भूदाता इफको में रोजगार पाने के लिए तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में एसडीएम की मध्यस्थता में इफको अधिकारियों और भूदाताओं के बीच हुई वार्ता असफल रही। धरना प्रदर्शन प्रबंधक ओमशंकर सक्सेना ने बताया कि पूर्व में 13 माह चले धरना प्रदर्शन के बाद इफको ने लिखित समझौता किया था। तीन माह में सभी 285 भूदाताओं को योग्यता के आधार पर रोजगार देंगे। अभी तक प्रबंधन टाल मटोल कर रहा हैं। अधिकारियों के निर्देश पर ठेकेदार माह में 24 दिन के स्थान पर जानबूझकर 5 से 14 दिन निम्न स्तर का रोजगार देने के लिए फोन कर रहे हैं। भूदाताओ ने इफको के लैटर पैड पर सूची देने की भी मांग की। इफको अधिकारियों ने सूची की पुनः जांच कर कमियां दूर करके 31 मार्च तक 60 भूदाताओं को रोजगार देने का आश्वासन दिया है। वहीं भूदाता इफको अधिकारियों के आश्वासन पर सहमत नहीं हुए और आगामी 22 फरवरी को पुनः महापंचायत करने की घोषणा कर धरना जारी रखने की बात कही। किसान संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी मांगे पूरी न होने तक धरना जारी रहेगा। एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि इफको अधिकारियों से किसान संगठन के साथ बैठकर आपसी सामंजस्य से सूची तैयार करने और भूदाताओं को जारी कार्ड में इफको की मोहर लगाकर योग्यता के आधार पर 24 दिन रोजगार देने को कहा है। इफको अधिकारियों ने 31 मार्च तक 60 भूदाताओ को रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। वार्ता में इफको की ओर से सत्यमूर्ति पोलराज जेजीएम, आर.पी.सिंह एच.आर, उज्जवल सिंह एडवोकेट और किसान संगठन की ओर से ओमशंकर सक्सेना, वीरसिंह, जसवीर, नेत्रपाल मौजूद रहे।


एसडीएम कार्यालय में इफको प्रबंधन से वार्ता करने पहुंचे किसान। ● अमृत विचार

**इफको प्रबंधन को 285 किसानों को देना है रोजगार**

# महिला रोगियों को प्राइवेट अस्पताल भेज रहीं आशा

संवाददाता, आंवला

**लाभ के चक्कर में गर्भवतियों के जीवन से कर रही खिलवाड़**

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में तैनात कुछ आशा कार्यकर्ता लाभ के लिए महिलाओं के जीवन से खिलवाड़ करते हुए सरकारी अस्पताल में इलाज न कराके प्राइवेट अस्पतालों में भेज देती हैं। अप्रशिक्षित स्टाफ के इलाज से महिलाओं की जिंदगी खतरे में पड़ है।

पिछले दिनों एक आशा कार्यकर्ता ने एक महिला को प्राइवेट नर्सिंग होम में भेज दिया जहां उसकी हालत बिगड़ गई और फिर उसे जिले के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के पति ने आशा कार्यकर्ता और प्राइवेट नर्सिंग होम के स्टॉफ के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। सरकार ने आशा कार्यकर्ताओं को गांव के बच्चों एवं शिशुओं का टीकाकरण करने, गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच करने, प्रसव सहायता प्रदान करने, मातृ और शिशु स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने, परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान करने आदि जिम्मेदारी सौंपी है। परंतु कुछ आशा सरकारी अस्पतालों के साथ प्राइवेट अस्पतालों के लिए काम कर रही हैं। आशा कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं की हालत बिगड़ने पर प्रसव के लिए प्राइवेट अस्पतालों के लिए भेज रहीं है। इसके पीछे मोटा कमिशन उन्हें मिलता है।। उरला गांव निवासी ताहिर ने बताया कि उसकी पत्नी अजरा वी गर्भवती थी। तबीयत खराब होने पर वह 5 फरवरी को उसे लेकर आंवला नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आया था।

अस्पताल की एक आशा ने सरकारी अस्पताल में इलाज न हो पाने की कहकर उसकी पत्नी को नगर के अब्दुल कलाम पार्क के समीप एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती करा दिया। उसने आरोप लगाया कि उस नर्सिंग होम के स्टाफ ने उसकी बगैर अनुमति के पत्नी का अबॉर्शन कर दिया। जिससे उसकी आंत फट गई। हालत बिगड़ने पर उसे बरेली ले जाना पड़ा। वहां डॉक्टर ने अबॉर्शन के दौरान आंत फटने जानकारी दी। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर आशा और प्राइवेट नर्सिंग होम के स्टाफ पर कार्रवाई की मांग की है।

> इसकी मुझे जानकारी नहीं है, आशा कार्यकर्ताओं के मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में भेजने के मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
> –**डॉ. इंतजार हुसैन** चिकित्सा प्रभारी सामुदायिक स्वाथ्य
>
> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। यदि पीड़ित ने शिकायत दी है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
> – **राजेश शर्मा**, इंस्पेक्टर

## एक नजर

### चार रोजा उर्स में उमड़ रही मुरीदों की भीड़

**रिठौरा, अमृत विचार :** अल्लाह की बारगाह में जो भी नेक नियत से आता है उसकी मुरादें जरूर पूरी होती हैं ।जनपद की नवाबगंज तहसील के थाना हाफिजगंज के गांव लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रहमतुल्लाह शाह बाबा की मजार पर लगने वाले चार रोजा उर्स में उनके मुरीदों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उर्स में रात को कव्वालों ने शमा बांधा। वहीं तमाम पकानों, खिलौनों आदि की , दुकानें बच्चों को लुभा रहीं हैं। मंगलवार दोपहर में कुल की रस्म अदायगी होगी ।मुताव्वली अख्तर अली ने बताया बाबा की मजार पर बरेली एवं आसपास के जिलों के अलावा, उत्तराखंड, दिल्ली, पंजाब , राजस्थान, बिहार आदि स्थानों से अकीदतमंद पहुंचते हैं ।ऐसी मान्यता है यहां मुह मांगी मुरादें पूरी होती हैं। लियाकत खां,उर्स के दौरान लियाकत खां, इमरान खान,शब्बीर,, मुनाजिर ,गुफ्तार,शाकिर अली,शमशाद अली,हाजी साबिर अली आदि का विशेष सहयोग रहा है।

### रैली निकालकर छात्रों ने लोगों को किया जागरूक

**मीरगंज, अमृत विचार :** राजेंद्र प्रसाद पीजी कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता पर रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। अनुज, पंकज, चांद हसन आर्यन,अयान, सुहेल गार्गी की टोलियों ने नुक्कड़ नाटक कर मतदान के प्रति जागरूक किया। शिविर के द्वितीय सत्र में रामकली पुनर्वास केंद्र में मतदान लोकतंत्र के लिए मजबूत प्रतिबद्धता विषय पर बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. संदीप तिवारी ने मतदान मेरी पहचान शीर्षक कविता का पाठ कर युवा पीढ़ी को मतदान के प्रति प्रतिबद्ध होने का पाठ पढ़ाया।

### चाचा ने भतीजी से की छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खमरिया क्षेत्र के एक गांव में चाचा की हरकत ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। चाचा पर आरोप है कि घर पर अकेली 16 वर्षीया भतीजी को गलत नीयत से दबोच लिया और छेड़छाड़ की। पीड़िता ने हरकत का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने आरोपी चाचा के विरुद्ध थाने में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इससे हताश होकर पीड़िता एसपी कार्यालय पहुंची और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। परिवार के लोगों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची पीड़िता ने बताया कि घटना चार दिन पहले की है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो की मौत,17 श्रद्धालु घायल

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर में फर्रुखाबाद-मुरादाबाद हाईवे पर ओवरटेक के चक्कर में फिर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और हादसे में गंगा स्नान को जा रहे श्रद्धालुओं में से तीन वर्षीया बच्ची समेत दो की मौत हो गई। जबकि 17 घायल हो गए।

रविवार रात हुए हादसे में बदायूं जिले के उझानी की महिला की भी मौत हुई। भीषण हादसा पीछे से आ रही आलू भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के ओवरटेक करने के दौरान कट मारने पर हुआ। हादसे के बाद आरोपी ट्रैक्टर का चालक मौके से भाग गया। परौर क्षेत्र के गांव गियूड़ी निवासी आशाराम ने गंगा मैया से मनौती मांगी थी। मनौती पूरी होने पर वह गंगा में स्नान करने और गंगा मैया को चुनरी चढ़ाने के लिए जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली में परिवार के लोगों व गांव के अन्य लोगों को बैठाकर रामनगरिया ढाई घाट मेला जाने के लिए रविवार देर शाम चालक निकला। देर रात करीब 11:30 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली फर्रुखाबाद-बदायूं हाईवे पर मिर्जापुर क्षेत्र में संतनपाल सिंह मेडिकल कॉलेज के आगे पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी पीछे आलू भरकर आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ओवरटेक करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को साइड से टक्कर मार दी। जिससे ट्रॉली असंतुलित होकर पलट गई थी। घटना के बाद श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई।

# सांसद के सामने बिफरे सभासद के परिजन

संवाददाता, नवाबगंज

**भाजपा के एक प्रभावी नेता पर लगाया सभासद की हत्या कराने का आरोप**

**सांसद से सभासद की पत्नी बोलीं, निष्पक्ष जांच नहीं होगी तो वह आत्मदाह कर लेंगी**

**अमृत विचार :** किराएदार ब्यूटी पार्लर संचालिका और उसके समर्थकों के हमले में घायल हुए सभासद भूपेन्द्र सिंह राठौर की मौत के बाद सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार उनके यहां सांत्वना देने गए थे, सभासद के परिजनों ने एक प्रभावी भाजपा नेता पर हत्या कराने का आरोप लगाते हुए उसके विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग

सांसद ने पुलिस को निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए । सभासद की पत्नी ने उनसे स्पष्ट शब्दों में कहा कि निष्पक्ष जांच न होने या आरोपियों को बचाने पर वह आत्मदाह कर लेंगी।पूर्व केंद्रीय मंत्री दोनों ब्लाकों के प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार और रवि गंगवार, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शुक्ला, रविन्द्र सिंह राठौर, केंद्रीय श्रम बोर्ड के सदस्य भुजेन्द्र गंगवार, पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, भाजपा नेता प्रदीप सूरी, विनोद गुप्ता, राजीव शुक्ला आदि के साथ दुखी परिजनों को सान्त्वना दी। उनके समक्ष ,सभासद की पत्नी नीलम राठौर व अनुज हरेन्द्र सिंह राठौर के साथ ही प्रदीप सूरी ने सत्ता पार्टी के ही एक नेता पर इस हमले का दोष मढ़ते हुए खासा आकोश व्यक्त किया । पूर्व मंत्री ने गलत टीका टिप्पणी पर नाराजगी भी व्यक्त की और मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है ।


सभासद के घर शोक जताने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्रीय संतोष गंगवार। ● अमृत विचार

# पुलिस अफसर बनने का था सपना... छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने दी जान

संवाददाता, आगरा

**आगरा के खंदौली क्षेत्र की निवासी थी बीए प्रथम वर्ष की छात्रा, तीन के विरुद्ध रिपोर्ट**

**मां बोली-मनचलों ने बेटी की जिंदगी छीन ली, बहुत परेशान कर रहे थे**

**अमृत विचार:** बीए प्रथम वर्ष की छात्रा पुलिस विभाग में अफसर बनना चाहती थी। खंदौली थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली छात्रा बीए की पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी कर रही थी लेकिन तीन मनचलों की हरकतों ने होनहार छात्रा की जिंदगी छीन ली। छात्रा जब भी घर से निकलती थी, तब रास्ते में तीन आरोपी गंदे कमेंट्स कर छेड़खानी करते थे। लंबे समय तक यह सब छात्रा सहती रही लेकिन मनचलों की हरकतें बढ़ती गईं। आरोपी दबंगई दिखाते हुए घर तक पीछा करते पहुंच जाते थे और आवाज लगाकर बुलाकर साथ चलने का दबाव बनाते थे। छेड़खानी से छात्रा का मन इतना छलनी हो गया कि उसने खुद की जिंदगी समाप्त करने की ठान ली। शनिवार की रात छात्रा ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की मौत से परिवार टूट गया है। मां की तहरीर पर पुलिस ने तीन मनचलों के विरुद्ध छेड़छाड़, आत्महत्या के लिए उकसाने समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। छात्रा की उम्र 18 साल थी। मां का कहना है कि बेटी पुलिस अफसर बनना चाहती थी। मोहल्ले के करूआ, बंटी और जीतू ने बेटी का जीना मुश्किल कर दिया था। बेटी का कभी रास्ता रोक लेते तो कभी उसका पीछा करते थे। घर के सामने आकर उसको बाहर बुलाते थे। साथ चलने के लिए बोलते थे। उसका मोबाइल नंबर पता कर बेटी को अलग-अलग नंबर से फोन कर गंदे मैसेज करते थे। बेटी हमेशा डरी रहती थी। एक बार हम लोग तीनों की शिकायत करने घर गए तो उसकी मां ने हम लोगों को बहुत पीटा। इसके बाद तीनों आरोपी घर में घुस आए और मुझे और मेरी बेटी को बहुत पीटा था। वहीं थाना प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि परिवार की ओर से तहरीर मिली है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सात वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश

**लखीमपुर खीरी,अमृत विचार:** छत पर गुब्बारा फुलाते समय खाली प्लाट में गिरे गुब्बारे को पांच वर्षीया चचेरी बहन के साथ उठाने गई सात वर्षीया बच्ची को दूसरे समुदाय के एक युवक ने दबोच लिया। दुष्कर्म की कोशिश की। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से आरोपी को पकड़कर जमकर पीटा और पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे की है। पलिया कोतवाली क्षेत्र की एक सात वर्षीय बच्ची अपनी पांच साल की चचेरी बहन के साथ छत पर गुब्बारे फुला रही थी। इस बीच गुब्बारा पड़ोस के प्लाट में गिर गया, जिसे उठाने के लिए वह बहन के साथ वहां गई। इसी बीच मोहल्ला माही गिरान निवासी यासीन पहुंच गया। उसने बच्ची को पकड़ लिया। यह देख उसकी चचेरी बहन घर पहुंची और जानकारी दी।

# पीलीभीत :खेत में बाघ ने युवक को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने युवक को मार डाला। करीब तीन घंटे तक वन विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे तो आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। ग्रामीणों के उग्र तेवर देख पीएसी बुला ली गई। क्षेत्रीय विधायक, पुलिस, प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों ने करीब डेढ़ घंटे मनुहार किया तब ग्रामीण शांत हुए। घटना न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव पंडरी में सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे हुई।

पंडरी गांव के छोटे लाल का बेटा पंकज (19) घर से करीब 300 मीटर दूर गन्ने के खेत में शौच करने गया था। जहां बाघ ने उस पर हमला कर दिया। आसपास काम रहे ग्रामीणों ने पंकज की चीख सुनी तो शोर मचाना शुरू कर दिया।



**तीन घंटे तक वन विभाग के अफसरों के न पहुंचने से बिफरे ग्रामीण**

> पंडरी गांव में एक युवक की बाघ हमले में मौत हुई है। उप प्रभागीय वनाधिकारी समेत टीम को भेजा था। जांच चल रही है। नियमानुसार मदद की जाएगी। ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है। – **समीर कुमार**, प्रभारी डीएफओ सामाजिक वानिकी प्रभाग

# पीसीएमई को नरमू ने दिया 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन


पीसीएमई को नरमू ने दिया 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर मनोज कुमार अग्रवाल के यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर आगमन पर एनई रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, केंद्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष वीएन सिंह, कारखाना मंडल मंत्री राम किशोर, मण्डल अध्यक्ष परवेज अहमद आदि ने मुलाकात की। बताया कि करीब 14 महीने में परमानेंट निगोसिएशन मैकेनिज्म (पीएनएम) की एक ही बैठक की गई है जबकि सात पीएनएम हो जानी चाहिए थी। नरमू के मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन ने बताया कि पीसीएमई को 15 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान धर्मपाल, अनुराग शुक्ला, अनिल सेठ, सचिन सक्सेना, मनजीत, ओम प्रकाश, आबिद, मालती , धर्मपाल, पवन सत्य प्रकाश, राजवीर सिंह, गोविंद, बाबू लाल मीना, ऋषि साजिद, सुरेन्द्र, विक्की राना, योगेश आदि मौजूद रहे।

# ट्रेन से कटकर 11 गोवंशों की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** बिलंदपुर गांव के सामने ट्रेन की चपेट में आने से 11 गोवंश की मौत हो गई। इससे यातायात रेल बाधित हो गया। राजधानी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रहीं। करीब पौन घंटे रेल संचालन ठप रहा। लखनऊ से सरयू यमुना एक्सप्रेस सोमवार की सुबह 6.30 बजे आ रही थी। रोजा और रामप्रसाद बिस्मिल स्टेशन के बीच अपलाइन पर बिलंदापुर गांव के सामने ट्रेन की चपेट में आकर 11 गोवंश की कटकर मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेन का इंजन फेल हो गया। रोजा से दूसरा इंजन मंगाया गया। ट्रेन को रोजा स्टेशन पर लाया गया था। इस दौरान अप लाइन पर पौन घंटे रेल संचालन ठप रहा था। राजधानी एक्सप्रेस व पोरबंदर एक्सप्रेस को विभिन्न स्टेशनों पर रोक दिया गया।

# आरटीएस कर्मचारियों ने मांगा इन्सेन्टिव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सोमवार को प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (पीसीएमई) गोरखपुर मनोज कुमार अग्रवाल यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर मंडल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों के लिए भोजनालय के नवीनीकरण व एयर ड्रायर टेस्ट बेंच का उद्घाटन किया। यूनियनों के पदाधिकारी मुख्य यांत्रिक इंजीनियर से मिले। पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ ने आरटी शाप के कर्मचारियों को इंसेंटिव देने की मांग उठाई।

पीआरएसएस के मंडल मंत्री कारखाना जेएस भदौरिया ने कहा कि जिस तरह कारखाना गोरखपुर में सभी कर्मचारियों को इंसेंटिव का लाभ दिया जा जाता है, उसी तरह इज्जतनगर कारखाना में भी सभी कर्मचारियों की तरह आरटीएस कर्मचारियों को भी इंसेंटिव दिया जाए। यूनियन पदाधिकारियों ने कारखाना में खेल गतिविधियों को दोबारा शुरू करने की मांग उठाई। कबाड़ की नियमित सफाई, बीजी शाप में स्प्रे पेन्टिग के लिये अलग शेड, समय से पीएफ भुगतान, जैसी मांगें उठाईं। पीसीएमई ने आश्वासन दिया और इंसेंटिव की मांग पर स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री नन्दन सागर, विवेक शर्मा, वसीम मियां, वीरेन्द्रपाल, धनकुमार पासवान, रोहित कुमार, चन्दन रावत, रुद्रप्रताप, विनोद शर्मा, देवानन्द, अरविन्द भदौरिया दलसिंगार यादव, जयप्रकाश सिंह, हरिहर प्रसाद, अजय कन्नौजिया, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।


यांत्रिक कारखाना का निरीक्षण करते पीसीएमई। ● अमृत विचार

**पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ ने की पीसीएमई से मुलाकात**

## सार-संक्षेप

### छात्रों को अच्छे अंक लाने के लिए किया प्रेरित



**दुनका, अमृत विचार :** नेतराम राठौर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्या राकेश कुमार गंगवार ने परीक्षा में छात्रों को अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इंटरमीडिएट के छात्रों के लिए आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए परीक्षा में सफलता के लिए तैयारी के टिप्स बताए। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। प्रधानाचार्य राकेश कुमार गंगवार और डायरेक्टर नंद किशोर ने छात्रों को सम्मानित कर उन्हें उपहार स्वरूप स्मृति चिन्ह दिए गए।

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हुआ व्यापारियों का स्वागत



**नवाबगंज, अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम नवाबगंज ब्लॉक सभागार में हुआ। इस आयोजन मे विधायक डॉ.एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. एके गंगवार, नगरपालिकाध्यक्ष प्रेमलता राठौर, एसडीएम एन राम, बीडीओ महेश चन्द्र शाक्य ने मौजूद व्यापारियों को व्यापार की प्रगति के लिए शासन से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एसडीएम एन राम, बीडीओ महेश चंद्र शाक्य ने बीडी व्यापारी नगर पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, शशि कपूर, विनोद गुप्ता, विपिन गुप्ता, आशीष गुप्ता, केशव गुप्ता, राजीव गंगवार, सोनू राठौर, हरि राठौर, नत्थू लाल गुप्ता आदि व्यापारियों का बुके व स्मृति चिन्ह देने के साथ ही माला पहनाकर स्वागत किया।

### शिविर में एचआईवी से बचने को किया जागरूक



**बहेड़ी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग के संपूर्ण सुरक्षा केंद्र के तत्वावधान में स्थानीय केसर अस्पताल में एचआईवी सतर्कता और जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 70 लोगों की जांच की गई। राहत की बात यह रही कि कोई भी व्यक्ति एचआईवी पॉजिटिव नहीं निकला। संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की मैनेजर छाया पांडेय ने बताया कि शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में एचआईवी के प्रति जागरूकता पैदा कर ऐसे लोगों, जैसे टीबी के मरीजों, ट्रक चालक तथा प्रवासियों से अपने को सावधान रहने की जानकारी देना था। इस मौके पर छाया पांडेय के साथ कंचन सक्सेना, शशांक , गौरव शर्मा, कंचन मौर्य, के अलावा केसर मिल के वाइस प्रेसिडेंट बी रंग नाथन, नीरज अग्रवाल, गुलज़ार सिंह आदि शामिल रहे।

### आंवला सांसद ने निवेशकों का किया सम्मान

**भमोरा, अमृत विचार :** जनपद स्तरीय विकास परियोजनाओं का आरंभ करने पहुंचे ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप पहुंचे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में पहुंचे वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रबंधक राजीव गौतम बुद्ध, गौतम बुद्ध महाविद्यालय की ओर से पहुंचे रोहित मौर्य को क्षेत्र में संस्थान खोलने के लिए और आगे विकास करने के लिए बुके भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लाइव संबोधन को उद्यमियों को दिखाया गया। ब्लॉक प्रमुख पति वेद प्रकाश यादव ने प्रदेश में होने वाले निवेश के बारे में बताया। दोनों कॉलेज से आए प्रबंधकों ने बताया कि हमार 5 से 6 करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य हैं। डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया आज देश-विदेश के लोग उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए तैयार है जिससे हमारे प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

### गांव बेहगलपुर में धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन




**कुआडंडा, अमृत विचार :** कुआडांडा के गांव बेहगलपुर में धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन जारी तंत्र से कनेक्शन जुड़े होने के कारण खनन करने वाले इन दिनों सक्रिय है। शिकायत पर जब भी टीम जाती है तो कोई पकड़ में नहीं आता। इससे कर्मचारियों के खनन करने वालों के साथ मिली भगल होने की आशंका जताई जा रही है। पूर्व में भी खनन पकड़ने गई टीम कई बार हाथ लौटी।

### बच्चों के मन से गणित का डर भगाएं



**शेरगढ़,अमृत विचार :** एसआरजी अनिल चौबे ने ब्लाक संसाधन केंद्र डेलपुर में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित चार दिवसीय आधारभूत शिक्षक प्रशिक्षण में शिक्षकों से प्रशिक्षण को लेकर सवाल जवाब किए। शिक्षकों को बच्चों को निपुण बनाने का पाठ पढ़ाया। सोमवार को शिक्षकों के प्रशिक्षण में पहुंचे एसआरजी अनिल चौबे ने शिक्षकों से प्रशिक्षण को लेकर विस्तृत चर्चा की । उन्होंने कहा कि भाषा एवं गणित में छात्र-छात्राओं का शैक्षिक स्तर कक्षा के अनुरूप होना जरूरी है, बच्चों के मन से भाषा के साथ ही गणित के उलझाने वाले सवालों का डर खत्म कर उन्हें वास्तविक ज्ञान से जोड़ने में आसानी हो सके। इस अवसर पर प्रथम संस्था के दुर्गेश कुमार मिश्रा,प्रशिक्षक ओम कुमार सक्सेना,राजीव शर्मा,योगेंद्र यादव,गौरव कुमार शर्मा,नीरज कुमार,येजेंद्र पाल सिंह,सुषमा कश्यप,बसंत कुमार, हरप्यारी, क्रांति,सपना,रेखा,ममता दीदी,कुंवरसेन,मोहम्मद ताहिर आदि समेत प्रशिक्षु शिक्षक मौजूद रहे।

### उद्यमियों ने लाइव प्रधानमंत्री का संबोधन सुना



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** ब्लाक कार्यालय भोजीपुरा में उद्यमियों और प्रधान बीडीसी सदस्यों ने ग्राउंड ओपनिंग सेरेमनी का लखनऊ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाइव संबोधन सुना। इस पर नोडल अधिकारी के रूप में बदायूं की सांसद संघमित्रा मौर्य ने कहा कि अब से पहले दवाएं तक विदेशों से आती थी, कोरोना काल में देश के वैज्ञानिकों ने दवाएं तैयार की। जिससे लोगों की जान बचीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की राह पर चल रहा है। उन्होंने उद्योग जगत अपार संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि एक आलू का यदि आप चिप्स बनायेंगे तो उस एक आलू की कीमत तीस रुपये हो जाएगी। सांसद ने कहा कि सरकार उद्योग जगत को बढ़ावा देने के लिए बहुत कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करा रही है।

### दबंग ने किसान की तीन बीघा भूमि पर किया कब्जा

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** दबंग ने एक किसान की तीन बीघा भूमि पर कब्जा कर लिया है, अब और जमीन पर कब्जा करने के लिए उस पर दबाव बना रहा हैं ।सोमवार सुबह आरोपी ने किसान पर और जमीन छोड़ने के लिए दबाव बनाया, जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपी कि खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। क्योलड़िया क्षेत्र के गांव अमीन नगर के किसान मुरारी लाल का गांव के करीब पुल के पास खेती की जमीन है, गांव का ही दबंग रामपाल ने उसकी तीन बीघा जमीन पर पहले ही जबरन कब्जा कर लिया। पीड़ित किसान ने ग्रामीणों के लिए रास्ता भी बीच खेत से आने-जाने के लिए छोड दिया। सोमवार सुबह जब वह खेत पर फसल की रखवाली करने गया तो दबंग भी खेत पर पहुंचा और बोला मेरे लिए भी अपने खेत में रास्ता दे दो उसके मना करने आरोपी ने मारपीट की। शोर सुनकर ग्रामीणों ने उसे बचाया, जाते समय आरोपी उसे कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे गया।

षड् दोषा : पुरुषेणेह हातव्या भूतिमिच्छिता।
निद्रा तन्द्रा भयं क्रोध आलस्यं दीर्घसूत्रता।।


ऐश्वर्य या उन्नति चाहने वाले पुरुषों को नींद, तन्द्रा (उंघना), डर, क्रोध,आलस्य तथा दीर्घसूत्रता (जल्दी हो जाने वाले कामों में अधिक समय लगाने की आदत)- इन छ: दुर्गुणों को त्याग देना चाहिए।

## संपादकीय

# सरकार के प्रस्ताव

केंद्र सरकार और आंदोलनरत किसान संगठनों के बीच हुई चौथे दौर की वार्ता बेनतीजा रही। किसान संगठनों और सरकार के बीच इससे पहले तीन बैठकें हो चुकी हैं। ये बैठकें 8, 12 और 15 फरवरी को चंडीगढ़ में ही हुई थीं। हालांकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार देर रात हुई इस बैठक को सकारात्मक बताया है। किसानों के साथ वार्ता के बाद तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव रखा है। किसान नेताओं का कहना है कि सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करके भविष्य की रणनीति तय करेंगे। फिलहाल दिल्ली चलो मार्च को स्थगित किया गया है। किसान एमएसपी के लिए कानून बनाने और स्वामीनाथन आयोग की सभी सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि पहले भी किसानों ने तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन किया था। किसानों के आंदोलन को देखते हुए केंद्र सरकार ने कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) क़ानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद कर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इस पर किसानों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया था। जानकारों के मुताबिक गेहूं, धान पर एमएसपी की गारंटी व्यावहारिक नहीं है। वैसे भी एमएसपी का फायदा तभी है, जब यह बाजार भाव से ज्यादा हो। संभावना जताई जा रही है कि उदारीकरण के इस दौर में निजी क्षेत्र में ज्यादा कीमत मिल सकती है। अब केंद्र सरकार ने किसानों के सामने फसलों के विविधीकरण का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत अलग-अलग फसलें उगाने पर उन्हें एमएसपी पर ख़रीदा जाएगा। फसलों के विविधीकरण का सरकार का यह प्रस्ताव अनूठा है। कपास, दलहन और मक्का अगर बहुतायत में उगाई जाएंगी तो इससे न केवल किसान अपितु देश की अर्थव्यवस्था को और बल मिलेगा। सरकार ने ए 2 प्लस एफएल फार्मूले पर भी जोर दिया है। इसके तहत बीज, खाद, सिंचाई एवं अन्य वस्तुओं की कीमतों और मजदूरी के आधार पर ही फसल की लागत तय होगी। वास्तव में इन प्रस्तावों में कोई बुराई नहीं है और प्रस्ताव किसान के हित में हैं। सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक संकेत दिए हैं, तो आंदोलनकारी किसानों को इस पर आगे बढ़ना चाहिए। आंदोलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य बनाने में सहयोग करना चाहिए।

# कृषि और पशुपालन में सिमुलेशन अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती, क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है।

भारतीय कृषि का आधार गाय ही है। हरित क्रांति के दौर के समाप्त होते ही एक विशाल परिवर्तन हुआ जिसमें खेती का आधार ही बदल गया और यह गाय आधारित कृषि से ट्रैक्टर और फार्म इम्प्लेमेंट्स आधारित खेती हो गई। इसी के साथ भारत के ग्राम्यांचलों में रहने वाले लोगों की आहार परंपरा और सेहत के पैमाने भी बदलने लगे। भारत के गांवों में कुपोषण जनित एनीमिया (रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी), पैराप्लेगिया और प्रोटीन एनर्जी मॉलन्यूट्रीशन, इन्फेक्शस डिजीजेज जैसे कि टीबी,स्त्री रोग -खासतौर से गर्भाशय का कैंसर और शिशु स्वास्थ्य तो पहले से ही एक चुनौती रहे हैं। अब डायबिटीज, कार्डियो वैस्कुलर डिजीजेज और कैंसर बढ़ गए हैं। इसमें जन्मजात बीमारियों की बात शामिल नहीं है।

शराब का चलन हद से अधिक होने के कारण लीवर,पित्ताशय और अग्नाशय का कैंसर के मामलों में बड़ा इजाफा हुआ है। लोग आराम तलब हो गए हैं और जिस्मानी मेहनत से जी चुराने लगे हैं। गाय के घी,लस्सी,दूध,बाजरा, जौ और चने की आहार में कमी हो गई है। हरी पत्तेदार सब्जियों की जगह मटर-पनीर, छोले-पूरी, चावल और बाजार से अर्द्ध-पके या अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड की खपत गांवों में बढ़ी है और तो और इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड थैली के पास्च्युराइज्ड मिल्क की मांग बढ़ी है। यह तो 'उलटे बांस बरेली को' वाली बात हो गई। चूल्हे पर जो खाना धीमी आंच पर पकता था उसे अब आनन-फानन में प्रेशर-कुकर और गैस स्टोव पर बना लिया जाता है, लेकिन मैंने देखा है कि अनेक घरों में खाना पकाने के लिए हाइब्रिड मेथड अपनाया जाता है अर्थात् सब्जी तो प्रेशर कुकर में बना लेते हैं और रोटी,चूल्हे पर।

गांवों में जो खराब बात हुई है वह है घरों का साइज छोटा हो जाना और 'घेर' का अर्थात् उस स्थान का खत्म हो जाना जहां पशु बांधे जाते थे। एक दो पेड़ होते थे और पशुओं का चारा संग्रह किया जाता था। इसके निकट ही मर्दों की बैठक भी हुआ करती,

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते, भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546 .35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655 .33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

क्योंकि पशु के पास इंसान का रहना जरूरी होता है। लाइफ-स्टाइल,होम इकोनॉमिक्स, किनशिप,एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स और इसके सामाजिक प्रभाव पर आज न्यूनतम अनुसंधान अध्ययन होते हैं। मीडिया के लोग ऐसी स्टडीज और इनकी रिपोर्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं रखते। गांव, खेती, पशु, जीवन शैली, पर्यावरण, आर्ट, आर्किटेक्चर, उन्नत वैज्ञानिक जानकारी स्वास्थ्य के अनुरूप घरों के डिजाइन बनाने, मैटेरियल साइंस आदि के बारे में कोई रिपोर्टिंग नहीं होती। गलियां पक्की करने, नलके लगवाने, पुरानी कलात्मक चौपाल को गिराकर नए तरीके की बदसूरत डिजाइन की चौपाल बनाकर और रिश्वत खाकर,खेत में पानी लेने वाला खाला पक्का करवाकर, बिजली से चलने वाले घरेलू यंत्र लगाकर विकास नहीं होता।

गांव में गाय की किसी को जरूरत नहीं। गाय गई तो इसके साथ बैल गया और बैल गया तो और 50 चीजें और इससे जुड़े हुए काम-धंधे और कारीगरी खत्म हो गई। अब गाय सिर्फ चमड़ा और अन्य बायोलॉजिकल उत्पाद प्राप्त करने का एक जरिया मात्र बन गया है। गाय अब एक पॉलिटिकल 'सूत्र' और टूल मात्र है। गाय पर इन दिनों यामिनी नारायणन की किताब 'मदर काऊ, मदर इंडिया' खूब चर्चित है। इस किताब में यामिनी ने गाय का स्लॉटर या वध करने वाले लोगों का जिक्र भी किया है। ये वे लोग हैं,जो देहातों से नकारा गाय को खरीदकर और 150-300 किलोमीटर दूर स्थित हत्थों में हांक कर ले जाया करते और फिर इनका वध करते थे। ये लोग गरीब और निम्न जाति के मुसलमान और हिन्दू दोनों ही हुए,लेकिन इन्हें गाय बेचने वाले तो अधिकतर हिंदू ही होते थे, चाहे मदुरै हो। रोहतक या बनारस या बहराइच और बरेली के गांव नकारा पशु हत्थे के लिए ले जाने वाले इन लोगों के हाथ ही बिका करती। कोई भाग्यवान घर होता था जिसके घर में गाय-बैल सिधार जाता तो उसे सम्मानपूर्वक खेत में या घर में दबा दिया करते।

हरित क्रांति के दौरान सरकारी अमले और कृषि वैज्ञानिकों की बात छोड़िए,पशुगणना विभाग और खुद किसान ने नहीं सोचा कि अगले 45 साल बाद अर्थात् दो पीढ़ी बाद गाय का क्या हश्र होगा और अगर गाय न रही तो घर कैसे चलेगा? सन् 2021 और वर्तमान किसान आंदोलन से गाय को जोड़ें और समझ लें कि 50 प्रतिशत क्राइसिस सिर्फ गाय के त्याग के कारण ही बनी है,मुनासिब होगा। उधर देखें तो जिन मुसलमानों को हम गाय-भक्षी कहते नहीं थकते,भारत के उस हिस्से अर्थात् पाकिस्तान पंजाब में आज भी हल-बैल से खेती की जाती है और 'रहट' में बैल को जोड़कर इसकी मदद से कुएं से पानी निकालकर फसल की सिंचाई की जाती है या कोल्हू में जोड़कर, गन्ना पेरकर गुड़ बनाया जाता है। दूसरी बात पाकिस्तान में सन् 2021 के फसली मौसम से पहले गेहूं का एमएसपी रुपये 1950 तय किया गया था। यह भारतीय रुपये में 6546.35 के बराबर है। अगर हमारे यहां यह अब 2200 रुपये प्रति क्विंटल है तो पाकिस्तान में इसके बदले सिर्फ रुपये 655.33 ही मिलेंगे। क्या पाकिस्तान के किसान हमारे देश जैसा आंदोलन करते हैं? वहां भी हुए हैं और एक बार नहीं अनेक बार।

प्रधानमंत्री इमरान खान के समय में भी रासायनिक खाद और मंहगी बिजली को लेकर जबरदस्त आंदोलन हुआ। अभी कुछ ही सप्ताह पहले फ्रांस में जबरदस्त आंदोलन हुआ था। यह विश्वव्यापी है,लेकिन भारत उपमहाद्वीप या दक्षिण-एशिया के मुल्कों की तरह यूरोप या अमेरिका में बैल से खेती नहीं की जाती, बल्कि अफ्रीका में जरूर की जाती रही है। फार्म टेक्नोलॉजी और केमिकल फर्टिलाइजर से हम उपज तो बढ़ा सकते हैं,लेकिन यह गारंटी नहीं दे सकते कि इसके उपयोग से मनुष्य,पशु-पक्षी,जीव-जंतुओं और पर्यावरण की सेहत ठीक रहेगी। एक समस्या से निजात पाने के लिए दस समस्याएं और खड़ी हुई ही हैं। लोगों को जरा देर से अक्ल आती है,लेकिन जब तक आती है,तब तक देर हो चुकी होती है। गहरी चिंता इसी बात को लेकर है कि कृषि को लेकर 'सिमुलेशन स्टडीज' क्यों नहीं की जाती? यह तो कम से कम देखना चाहिए कि ऐसा करना संभव है भी या नहीं। वैज्ञानिक लोग इसे कैसे करेंगे, यह तो उन्हें ही डिजाइन करना होगा।

## प्रसंगवश

# भारत - नेपाल संबंध निरंतरता और परिवर्तन



डॉ.सुधाकर मिश्र
दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने विगत महीने नेपाल की यात्रा पर थे। भारत और नेपाल वैश्विक स्तर पर सहयोगी राष्ट्र हिंदुत्व की विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों के उन्नयन के लिए पड़ोसी देश हैं। भारत और नेपाल के मध्य साझा हितों के मुद्दे के समाधान के त्वरित कदम उठाने के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों के मध्य सद्भाव, माधुर्य, कूटनीतिक और सफल राजनीतिक संबंध उत्तरोत्तर गुणात्मक उन्नयन कर रहे हैं। दोनों सभ्य राष्ट्रों के बीच भारतीय रॉकेट से नेपाली सैटेलाइट "मुनाल" को प्रक्षेपित करना, सीमा पर ट्रांसमिशन लाइन और भूकंप के पश्चात राहत सामग्री के लिए 1000 करोड़ रुपए अनुदानित की बात हुई है।

भारत अगले 10 साल के भीतर नेपाल से 10000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा और नेपाल के भीतर जल विद्युत यानी हाइड्रोइलेक्ट्रिक सिटी के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इस समझौते का उपादेयता आर्थिक,राजनीतिक और कूटनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान भी है। इस समझौते के द्वारा चीन को नेपाल में सामरिक और राजनीतिक उपादेयता को न्यून करना है। विगत 2015 की कथित नाकेबंदी,नक्शा संबंधी विवाद (भौगोलिक सीमाओं की स्थिति को लेकर) संबंधित घटनाएं हुई थी जिससे भारत और नेपाल के बीच संबंधों में दूरियां बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में चीन ने मौके का फायदा उठाकर नेपाल में निवेश किया। शासकीय व्यवस्थाओं को सहयोग किया था जिससे भारत अपने आपको असहज महसूस करने लगा था। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई कहते थे कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में मित्र बदले जा सकते हैं,लेकिन पड़ोसी नहीं।

वैश्विक स्तर पर क्षेत्र नीति का अध्ययन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावहारिक अध्ययन के तथ्यों एवं आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि अंतर्राष्ट्रीय वैदेशिक संबंध स्थिर नहीं होते हैं,क्योंकि राष्ट्र के संबंध परस्पर राष्ट्रीय हितों और बहुपक्षीय संबंधों पर आधारित होता है। इसके अतिरिक्त भारत और नेपाल के संबंध परिवर्तनों के साथ भी प्रगतिशील और सद्भावना पर आधारित हैं। 2016 से नेपाल के सांसदों की भारत यात्रा की बारंबारता से दोनों देशों के मध्य आपसी संबंधों में मधुरता आई है। जून 2023 में नेपाली प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान आर्थिक और विकास पर सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

भारत और नेपाल के रिश्ते इतिहास और भूगोल के चलते,कई विभिन्न वास्तविकताओं से जूझते आएं हैं। उनका सुदूर और निकट अतीत का संदर्भ,आधुनिक इतिहास और समकालीन राजनीति उनकी प्रतिरूपी किंतु भिन्न प्रगति और उनका उभरता हुआ भविष्य कुल मिलाकर एक ऐसे कठिन मैट्रिक्स की रचना करते हैं जिसमें वैश्विक शक्ति संपन्न राष्ट्रों के उत्सुकता बढ़ जाती है। इस रिश्ते के विभिन्न पक्षों के बीच संतुलन ही इसका समग्र चरित्र को निर्धारित कर रहा है। सदियों की संपन्न बौद्धिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों ने भारत और नेपाल के आपसी शासकीय और नागरिक संबंधों को सामिप्य लाने में मजबूत कारक है। इनकी प्रेरक प्रत्यय दोनों देशों के विचारों और व्यापार का सशक्त समीश्रण है।

भारत और नेपाल के संबंधों की ऊर्जावान क्रियाशीलता,भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता और पर्यटन के प्रोत्साहन के साथ घनिष्ठता की ओर उन्नयन हो रहे हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध में गोरखा रेजीमेंट द्वारा दुर्गम हिमालय में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला को सैनिकों के लिए जीवन रेखा के समान था। हालांकि 2015 के पश्चात इसकी उपादेयता कम हो गई है। बंधुत्व को संजोए रखना भारत और नेपाल के लिए लाभदायक सिद्ध होने वाला है। भारतीय वैदेशिक मंत्री की यात्रा के दौरान सफलता का प्रबल उपादेयता इस तथ्य में है कि नेपाली प्रधानमंत्री से 10 सालों में 10000 मेगावाट बिजली खरीदने के लक्ष्य को दोनों देशों के शासनाध्यक्ष के मध्य औपचारिक अनुसमर्थन था जिसको विदेश मंत्री के कूटनीतिक कौशल से सफल कर दिया। यह समझौता भारत और नेपाल के मध्य कूटनीतिक उपादेयता का प्रबल संकेत है।

# मौद्रिक समीक्षा पर हावी रही महंगाई



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर केआईटी, कानपुर

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकारात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है।

भारत से इतर वैश्विक स्तर पर खाद्य पदार्थों की कीमत में गिरावट का सिलसिला 2023 से जारी है और यह 2024 के जनवरी महीने में 35 माह के सबसे निचले स्तर 118 अंक पर पहुंच गया है, जो मार्च 2022 में 160.3 अंक पर था। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संस्थान (एफएओ) के मुताबिक दुनिया के अधिकांश देशों में गेहूं मक्का के साथ मांस की कीमत में आई गिरावट के कारण वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक में गिरावट दर्ज की गई है। एफएओ के अनुसार अनाज मूल्य सूचकांक जनवरी 2024 में घटकर 120.1 अंक पर पहुंच गया। चूंकि भारत में कृषि क्षेत्र अभी भी कमजोर है और आर्थिक मानकों के तय करने के पैमाने दुनिया के दूसरे देशों से थोड़े अलग हैं। इसलिए भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंकों द्वारा तय की गई सहनशीलता के अंदर रहने के बावजूद मध्यम स्तर पर है। इसलिए रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है,क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 12 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार था। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रहा था। फिर 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर चार प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बना रहा था। जनवरी महीने में पीएमआई के आंकड़े जारी किये गए थे जिसके अनुसार सेवा क्षेत्र की गतिविधियां विगत छह महीनों में सबसे अधिक बढ़ी हैं और सेवा क्षेत्र का पीएमआई विगत 30 महीनों से लगातार आगे बढ़ रहा है।

सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज हुआ है और भविष्य को लेकर सकारात्मक माहौल बना है। सेवा क्षेत्र से जुड़े निर्यात में भी तेजी आई है। विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई सूचकांक भी दिसंबर महीने में 54.9 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 56.5 अंक पर पहुंच गया,जो विगत तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई का कंपोजिट सूचकांक भी दिसंबर महीने में 58.5 अंक से बढ़कर जनवरी महीने में 61.2 अंक पर पहुंच गया,जो दुनिया में सबसे अधिक है। पीएमआई कंपोजिट सूचकांक में 52.5 अंक के साथ चीन दूसरे स्थान पर और 52.3 अंक के साथ अमेरिका तीसरे स्थान पर है।

पीएमआई सूचकांक के 50 अंक से कम रहने पर यह माना जाता है कि संबंधित क्षेत्र में संकुचन आ रहा है, जबकि सूचकांक के 50 अंक से ऊपर रहने पर यह माना जाता है कि वह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है। वहीं वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है।

महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है,लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी 'इक्रा' के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अभी रिजर्व बैंक का लक्ष्य विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाना है ताकि आम आदमी को परेशानी नहीं हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे।

भारत की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से बढ़ रही है और अब दुनिया भी इसे मानने लगी है। आने वाले सालों में अर्थव्यवस्था का जो रुझान रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय दिखा रहा है उसके बाद मानना होगा कि भारत अर्थव्यवस्था के मामले में तीसरे नंबर पर आ जाएगा तथा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना साकार होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी चीजें भविष्य में सही रास्ते पर होंगी।

## सोशल फोरम

# जिंदगी का हेल्थ कार्ड

यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए।



संजय वर्मा
इंदौर

एक दोस्त अरसे बाद मिलने आया। देर तक अपनी रंग-बिरंगी जिंदगी के किस्से सुनाता रहा। यहां पार्टी,वहां अवार्ड ऐसे कपड़े,वैसी कार... ! मुझे अपनी उदास जिंदगी और भी टूटी-फूटी लगने लगी।

एक रूसी उपन्यास में पढ़ा किस्सा,धुंधला याद आ रहा है। एक लड़की है। बदसूरत और कम अक्ल। एक बड़े घर में नौकरानी है। मगर वह खुशमिजाज है उसे किसी ने उदास या रोते नहीं देखा। सारा दिन दौड़-दौड़ कर काम करती है। फिर एक दिन मालकिन की बेटी जो नौकरानी की हम उम्र है,उसकी शादी होती है। शादी के जोड़े में गहने श्रृंगार के साथ दुल्हन को देखकर अचानक वह नौकरानी फूट-फूट कर रोने लगती है। अजीब बात है न! हम अपनी बेरंग बेमजा जिंदगी को इस हद तक स्वीकार कर लेते हैं कि उसे भूल जाते हैं। फिर अचानक कोई दृश्य, कोई वाकया होता है और हमारी जिंदगी की सारी कुरूपता हमारे सामने वैसे ही जाहिर हो जाती है। जैसे उस नौकरानी को शादी वाली रात हुई थी। हम इस आईने से भागने बचने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से मिलने से कतराते हैं पर जिंदगी बेरहम है।

हम इंसान ऐसे ही हैं। हम अपने जीवन की क्वालिटी को अपने भाई,पड़ोसी, दोस्त की लेबोरेटरी में टेस्ट करते हैं और रिजल्ट्स की तुलना से पता लगाते हैं कि हमारी जिंदगी का हेल्थ कार्ड कैसा है। यारों आप किसी ऐसे इंसान से मिलने जाएं,जो आपसे कमतर हो, तकलीफ में हो तो अपने सुंदर पंख छुपा लीजिए। अपनी उड़ान के किस्से मत सुनाइए। किस्से प्रेरणा नहीं देते,क्षोभ पैदा करते हैं जिसका कड़वा स्वाद मुलाकात के कई दिनों बाद तक जबान पर बना रहता है।

-फेसबुक वॉल से

# देखने में पास लगती कुर्सी है बहुत दूर



डॉ.बीएन सिंह
वाराणसी

लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया।

मैंने पिछले चुनाव के समय कहा था कि जब तक नीतीश कुमार हैं तेजस्वी यादव कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। फिर दुहरा रहा हूं कि जब तक नीतीश कुमार राजनीति में हैं,तेजस्वी कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। तेजस्वी स्थापित हो चुके हैं,लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी देखने में बहुत पास लगती है,किंतु है बहुत दूर। देश में नीतीश कुमार की बहुत चर्चा है।

बीजेपी समर्थित सवर्ण और लालू समर्थित पिछड़े भी उनको पलटू चाचा कहकर ट्रोल करने में सबसे आगे हैं। नीतीश लालू को जानना है तो 90 के दशक में चलते हैं। लालू-नीतीश दोनों जेपी आंदोलन की पैदाइश हैं। दोनों दोस्त रहे और आज भी दोस्ती है,लेकिन मिर्चा-गुड़ की तरह। कभी दोनों के थाली में मिर्चा की तो कभी गुड़ की मात्रा घटती-बढ़ती रहती है। सबसे बड़ी दोनों की खूबी है कि आपसी वार्ता कभी दोनों ने बंद नहीं की। दोनों एक दूसरे से मिलते,बिछुड़ते हैं,लेकिन बिहार की कुर्सी तीसरे को न जाए,इसका बराबर ख्याल रखते हैं।

बिहार में एक से एक बढ़कर बाहरी नेता जार्ज, शरद, रामविलास पासवान जैसे लोग आए,लेकिन दोनों ने मिलकर जार्ज-शरद को पलिहर का बानर बनने पर मजबूर कर दिया। दोनों को अस्तित्व की रक्षा के लिए बीजेपी की शरण में जाना पड़ा। लालू-नीतीश दोनों ने मिलकर रामविलास पासवान को मरते अंत तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं फटकने दिया। जब लालू से नीतीश अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े तो नीतीश मात्र आठ सीट पाए,जिसमें तीन रातों-रात लालू के खेमें में लौट गए। बीजेपी ने नीतीश पर दांव लगाया,राबड़ी देवी के बाद नीतीश के बीजेपी के समर्थन से हल्दी लग गई। फिर तो नीतीश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। लालू जब कमजोर हुए ,उन्हें बिहार में मात्र चार सीट मिलीं,तब वक्त पर नीतीश से हाथ मिला लिया। ये वह समय था जब नीतीश ने मोदी के गुजरात से दिए सहयोग राशि को लौटाकर,मोदी को अपने घर पर दी दावत रद्द कर दी। लालू ने विधायक ज्यादा होने पर भी समझौते के अनुसार नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया। अपने बड़े बेटे को मंत्री तथा छोटे तेजस्वी को उप मुख्यमंत्री बनाया। नीतीश को लालू यादव अरदब में रखना शुरू किए,तब नीतीश बिदक गए। नीतीश अरदब में आने वाले न तब थे,न आज हैं। तेजस्वी बाबू के लड़कपन और महत्वाकांक्षा के चलते लालू यादव पहली बार तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए साजिश करने लगे तब सुशासन बाबू लालू से बिदककर बीजेपी की गोद में चले गए। फिर वक्त आया साथ आए, इस बार भी लालू यादव ने वही साजिश शुरू की तो नीतीश कुमार पुनः बिदक गए। इधर सुशासन बाबू बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में विकास में लगे थे। उधर रोज लालू यादव कांग्रेस से मिलकर तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने में लगे रहे।

कांग्रेस लालू के कंधे पर बंदूक रखकर नीतीश को इंडिया गठबंधन में कमजोर करने लगी। जब लालू यादव को लगने लगा कि इंडिया सुशासन बाबू को प्रधानमंत्री प्रत्याशी नहीं बनाएगी तो किसी बहाने से नीतीश से चुनाव पहले सत्ता छीनने की साजिश करने लगे,जो अब पर्दाफाश हो रहा है। लालू यादव को धैर्य नहीं रहा। बीजेपी को अपने तीन-तीन एजेंसियों के सर्वेक्षण में पता चल गया था कि नीतीश के न रहते बीजेपी की 14 लोकसभा में जमानत जब्त हो जाएगी। तभी लालू ने मौका दे दिया,पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लोभ के कारण। नीतीश ने पुनः बीजेपी की गोद में जाकर पिछड़ों की ताकत को कमजोर कर दिया। नीतीश सामने से दोषी दिखाई दे रहे हैं ,लेकिन लालू भी कम दोषी नहीं हैं। तेजस्वी का बड़बोलापन कि 'लड़ाई नीतीश कुमार जी शुरू किए हैं, अंत हम करेंगे'। युवा नेता अभी मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे ही नहीं कि विधायकों की खरीद फरोख्त मामले में बुरे फंस गए। विधायक खरीद रिश्वत कांड में एक की गिरफ्तारी हो चुकी है। कई लिप्त बिचौलियों की होने वाली है। जब पता है कि केंद्र में हमारे विरोधी की सरकार है तो विधायक रिश्वत कांड की ऊब क्या थी? भविष्य के बिहार के नेता तो अब आप बन ही चुके थे। अब जब आप पर सोरेन की तरह कार्रवाई हो जाएगी तो निश्चित मानिए कि कांग्रेस भी तमाशा देखेगी। आपके इस भीतरघात की स्थिति में तो पिछड़े आरक्षण वृद्धि वाले जनता दल यू को तो अस्तित्व रक्षा हेतु सरकारी पार्टी के शरण में जाना ही था और चले गए।

इसमें आप सिर्फ नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहकर अपनी नादानी को नहीं छिपा पाएंगे। भाजपा आपकी ताकत को तहस-नहस करने को सुशासन बाबू से तो गृह विभाग छीनना ही चाहता है,मगर अभी भी नीतीश कुमार इस पक्ष में नहीं हैं कि आप व आपकी पार्टी ज्यादा कमजोर होकर भाजपा भस्मासुर बन जाए। आगे आपकी या आपके पिताश्री (जो 10 मार्च 1990 को 'नीतीश फार्मूला' से मुख्यमंत्री बन पाए थे) की इच्छा। हम लोगों की तो इच्छा यहीं है कि मामा द्वय के चक्कर में मत रहें,जिनसे फिर सक्रिय मदद आप ले रहे थे। मिथलेश जी का आंकलन कि लालू यादव , नीतीश से कम दोषी नहीं। नीतीश के साथ आने पर नई पीढ़ी लालू यादव के जंगल राज को भूलकर तेजस्वी को स्वीकार करने लगी थी,जो लालू ने पुत्र मोह में सब गुड़-गोबर कर दिया।

# मोदी ने विकास के रोडमैप की ली जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदेश में औद्योगिक समेत विभिन्न सेक्टर्स में जारी विकास की बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आदि भी मौजूद रहे।

पीएम ने ऑल्ट स्वानटेक्स के टेक्सटाइल्स पवेलियन में जाकर ऐपरल व लेदर तकनीक से संबंधित स्लाइड्स देखी और चमड़ा व वस्त्रोद्योग क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम की जानकारी ली। ईटीएच एआई सेंटर में देश व उत्तर प्रदेश में एआई के बढ़ते परिदृश्य के बारे में जानकारी ली। एआई के बड़े हब के रूप में उत्तर प्रदेश विकसित हो रहा है। ऐसे में लखनऊ में भी एआई सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स सेक्शन के स्टॉल भी लगे थे, जिसमें अडवांस इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स आर्म तथा ड्राइड रोबोट की जानकारी लेने आमजन भी पहुंचे।

### डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका का हुआ प्रदर्शन

डिफेंस सेक्टर से संबंधित लगे पवेलियन में भी पीएम ने जानकारी ली। यहां पर डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका आदि को भी प्रदर्शित किया गया था। डिफेंस सेक्टर का मुख्य आकर्षण एडवांस बुलेट प्रूफ मिलिट्री व्हीकल रहा। जिसके वर्किंग प्रोटोटाइप को प्रदर्शनी में शोकेस किया गया था।

### 26 को योगी करेंगे एम्यूनिशन फैसिलिटी का उद्घाटन

डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत क्रियान्वित हुई परियोजनाओं में में खासतौर पर साउथ एशिया के सबसे बड़े एम्यूनिशन फैसिलिटी के बारे में जानकारी देते हुए अडाणी डिफेंस व एरोस्पेस के सीनियर मैनेजर, बिजनेस डपलपमेंट वरुण दुग्गल ने कहा कि 26 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका उद्घाटन होगा। इस फैसिलिटी में 400 राउंड प्रति मिनट (छोटा कैलिबर) की एम्यूनिशन का उत्पादन हो सकेगा।



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के निवेश प्रस्तावों के प्रस्तुतिकरण को देखते प्रधानमंत्री मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य। अमृत विचार



लखनऊ आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में रक्षा मंत्री व लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी। अमृत विचार




ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में अन्य। अमृत विचार



प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री योगी व अन्य। अमृत विचार



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुनते अतिथि। अमृत विचार



सेरेमनी के दौरान मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते उद्यमी। अमृत विचार



इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मार्ग के किनारे बनाए गए मंच पर लोक नृत्य टेढ़िया की प्रस्तुति देते प्रयागराज के कलाकार। अमृत विचार

# देश का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा यूपी: योगी

## मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को दी सुरक्षित निवेश की गारंटी, कहा- सुरक्षा, सुशासन और विकास प्रदेश की पहचान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ रिमोट दबाकर भूमिपूजन के मेगा शो में खासे उत्साहित नजर आए। योगी ने उद्यमियों को सुरक्षित निवेश की गारंटी देते हुए कहा कि उप्र अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। भारत का अर्थशक्ति पुंज राज्य बन रहा है।– यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है, न मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को जीबीसी-4 में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और निवेशकों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि

पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा।

**थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। अपने लैंड लॉक स्टेट के बंधन को समाप्त कर चुका है। वाराणसी से हल्दिया तक यूपी पूर्वी बंदरगाह से जलमार्ग से जुड़ चुका है। उत्तर प्रदेश ने इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी का भी गठन किया है। ईज ऑफ बिजनेस और लीड्स रैंकिंग में हम अचीवर स्टेट हैं। यहां लैंड भी पर्याप्त है, बिजली भी भरपूर है। न मैन पावर की कमी है और न विल पावर का अभाव है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, निवेश मित्र पोर्टल, निवेश सारथी पोर्टल, इन्सेंटिव मॉनीटरिंग सिस्टम के साथ ही प्रदेश की इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली पॉलिसी का परिणाम है कि हर निवेशक यहां आना चाहता है। इसमें हर एक व्यक्ति की जवाबदेही है और पारदर्शिता है। हर निवेशक का सम्मान करता है। अब तो लोग कहने लग गए हैं कि सुरक्षित निवेश यानि उत्तर प्रदेश। इस अवसर पर पीएम मोदी के साथ ही राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्चायुक्त, केंद्रीय मंत्रिमंडल के मंत्रीगण, शासन और प्रशासन के अधिकारी, प्रतिष्ठित निवेशक और उद्यमी बंधु उपस्थित रहे।

### यूपी ने वैल्यूज के साथ वैल्यू एडिशन को भी जोड़ा

योगी ने कहा कि वर्ष 2018 के प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कहा था कि यूपी में वैल्यूज है, वर्च्युज है, लेकिन इस बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की ज्यादा आवश्यकता है। सिर्फ वर्क कल्चर से नहीं, सिर्फ बिजनेस कल्चर से ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में यूपी की जो स्ट्रेंथ है उसमें वैल्यू एडिशन की बहुत जरूरत है। आज 6 वर्ष बाद यह कहने में प्रसन्नता हो रही है कि इन शब्दों को आत्मसात कर प्रदेश ने अपनी नीतियां बनाईं, जिसके परिणामस्वरूप 6 वर्ष के भीतर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का यह चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2018 से अबतक हुए इन्वेस्टर्स समिट और जीबीसी की चर्चा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं आगे बढ़ीं।

**यूपी में लैंड भी पर्याप्त, बिजली भी भरपूर, मैन पावर की कमी है न विल पावर का अभाव**

### धरातल पर उतारने का उत्सव

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि 10–12 फरवरी 2023 के बीच आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता से देश और दुनिया के उद्योग जगत ने हम पर विश्वास जताया। यह ट्रांसफॉर्मेशन, ये बदलाव, ये स्पीड विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। जीबीसी 4 में न केवल औद्योगिकीकरण को गति मिलेगी बल्कि प्रदेश के 34 लाख से अधिक युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अवसर उपलब्ध करने का अद्भुत अवसर होगा।

## चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से लेकर प्रस्थान तक इंदिरागांधी प्रतिष्ठान और आसपास का एरिया छावनी में तब्दील नजर आया। पुलिस महकमे के आला अफसर और पुलिसकर्मी पूरे इलाके में मुस्तैद रहे। हर आने जाने वाले पर उनकी कड़ी नजर रही।

कार्यक्रम के पहले दिन प्रधानमंत्री को शामिल होना था। इसके चलते उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस महकमा ने पहले से ही खाका खींच दिया था। 13 पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में करीब 33 सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी थी। रविवार सुबह से ही पुलिस कर्मी अपनी-अपनी ड्यूटी पर तैनात नजर आये। इसके अलावा पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर, जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि, जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल, सभी डीसीपी व एडीसीपी भी कार्यक्रम स्थल व आसपास लगातार मातहतों को निर्देशित करते रहे।

# पहले उद्योगपति से मिलने पर राजनेता की छवि होती थी खराब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**रक्षा मंत्री ने कहा-मोदी ने बदली तस्वीर, अब राजनेता और उद्योगपति मिलकर कर रहे देश का विकास**

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4-0 के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि एक समय था, जब जनप्रतिनिधियों व उद्योगपतियों की मुलाकात को बड़े संदेहास्पद दृष्टि से देखा जाता था। किसी भी जनप्रतिनिधि का उद्योगपतियों से मिलना राजनैतिक खतरे की घंटी से कम नहीं माना जाता था। माना जाता था कि राजनेता व उद्योगपतियों का गठजोड़ राष्ट्र के विकास के लिए अच्छा नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री ने साफ नीयत से इस धारणा को पहले गुजरात में फिर देश में बदल कर विकसित भारत की नींव रखी है।

श्री सिंह ने कहा कि राजनेता और उद्योगपति साफ नीयत के साथ मिलकर काम करें तो राष्ट्र प्रगति करेगा। जब प्रधानमंत्री जी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे, तबसे यह देश देख रहा है कि किस प्रकार उद्योगपतियों के साथ मिलकर गुजरात में वे बदलाव की ऐसी बयार लेकर आए हैं, जिसकी सुगंध भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया में दूर-दूर तक फैली है। देश के अनेक राज्यों के साथ ही गैर भाजपा शासित राज्य भी विकास के गुजरात मॉडल के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आपने उद्योगपतियों व राजनेताओं के बीच के संबंध को संकल्प व राजनीतिक शुचिता के माध्यम से देश के विकास की अनिवार्य शर्त बना दिया है। प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में लाकर खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है।

### मोदी को तीसरी ही नहीं चौथी बार भी पीएम बनने का जताया विश्वास

रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना के साथ प्रगति कर रहा है। समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है, जो खुद को अकेला नहीं पाता हो या किसी क्षेत्र में खुद को पीछे छूटा मानता हो। दस वर्ष में आपने भारत के विकास भवन की जो मजबूत नींव रखी है, उससे जनता को पूर्ण विश्वास है कि आपके तीसरे व चौथे कार्यकाल तक इस विकास भवन का शिखर आसमां की बुलंदियों को छूएगा।

### प्रदेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं योगी

रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उप्र आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है। योगी आदित्यनाथ ने सात वर्षों में प्रदेश में इंवेस्टमेंट फ्रेंडली इनवायरमेंट क्रिएट करने की दिशा में जो प्रयास किए हैं, उसकी परिणीति है कि आज प्रदेश में यह जीबीसी हो रही है। यह तो सिर्फ शुरुआत है, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। यह जीसीबी निवेश लाने की दिशा में पॉथ ब्रेकिंग सेरेमनी साबित होगी।

## स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सव: भूपेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण में 10 लाख करोड़ से ज़्यादा की 14 हजार परियोजनाएं धरातल पर उतारी हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उद्यमशीलता, स्वरोजगार और नौकरियों का महोत्सव है।

कहा कि इसके माध्यम से यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के भव्य आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एक वर्ष की छोटी अवधि में लगभग 33.50 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन भी सुनिश्चित करेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म-ट्रांसफॉर्म को आत्मसात करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावी शासकीय सुधारों, बेहतर कानून-व्यवस्था, प्रगतिशील नीतियों से चालित औद्योगिक विकास पर बल देते हुए अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड, बुनियादी ढांचे, विकास के एजेंडे को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया है, जिसमें हवाई अड्डे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल, औद्योगिक गलियारे, औद्योगिक पार्क आदि शामिल हैं।

उन्होंने कहा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए अनुबंधों को धरातल पर उतारकर हमने यह साबित भी किया है कि हम केवल वादा करने वाले दल नहीं हैं, भाजपा जो कहती है वो करती है।

# छह बायोगैस प्लांट की होगी शुरुआत रोजाना मिलेगी 200 टन सीएनजी

## जीबीसी: बुलंदशहर, मेरठ समेत आधा दर्जन जिलों में शुरू होंगे गैस प्लांट

पदमाकर पांडेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 (जीबीसी) में पहले दिन सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बुलंद बायोगैस कंपनी के छह बायोगैस प्लांट का उद्घाटन किया गया। लगभग 21 करोड़ रुपये के निवेश से विभिन्न शहरों में स्थापित होने वाले इन प्लांटों से रोजाना 200 टन सीएनसी गैस प्रदेश को मिलेगी।

इंडियन ऑयल से लाइसेंस मिल चुका है, गैस का वितरण भी इंडियन ऑयल कंपनी द्वारा ही किया जायेगा। साथ ही, इसकी सहयोगी भारत जैविक कंपनी उप्र में अपने 37 प्रोजेक्ट स्थापित करने जा रही है।

बुलंदशहर की बुलंद बायो गैस के चेयरमैन अतहर महमूद ने बताया कि विभिन्न शहरों में अलग-अलग उत्पादन क्षमता के गैस प्लांट बन रहे हैं। बुलंदशहर के ग्राम लौहगला तहसील में गैस प्लांट निर्माणाधीन है, बुलंद बायो गैस प्लांट में अप्रैल माह में उत्पादन शुरू हो जाएगा। इससे रोजाना तीन टन सीएनजी का उत्पादन होगा, जिससे प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होगी। वहीं, 80 से 100 लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

इसके अलावा कुशल और अकुशल दोनों तरह के लोगों को भी रोजगार मिलेगा।

**पराली ही नहीं, गन्ने की खुईया का भी होगा निस्तारण :** गैस उत्पादन के लिए उपयोगी सामग्री की उपलब्धता के संबंध में भारत जैविक की तीशा कटारिया ने बताया कि प्लांट में सिर्फ पराली ही नहीं, बल्कि पुआल, गोबर, भूसा, गन्ने की मैली, म्युनिसिपल वेस्ट जैसे डिग्रेडेबल वेस्ट से कंप्रेस्ड बायोगैस या कहें कि सभी गैसों का मिश्रण बनता है। इसको अत्याधुनिक तकनीक से सीएनजी को प्यूरीफाई किया जाता है।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दौरान बुलंद बायो गैस के चेयरमैन अतहर महमूद, साथ में तीशा कटियार, अभिनव अग्रवाल व अन्य। अमृत विचार

**जैविक खाद बनेगी:** कंपनी के अभिनव अग्रवाल ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में बड़ी मात्रा में जैविक खाद का उत्पादन होगा। कंप्रेस्ड गैस के उत्पादन में जो वेस्ट निकलेगा वो 100 फीसदी जैविक होगा। यह वेस्ट सॉलिड और लिक्विड, दोनों ही फार्म में होगा। कंपनी द्वारा लिक्विड जैविक खाद तीन साल तक किसानों को मुफ्त दी जायेगी, किसानों का चयन जिलाधिकारी या मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा। इससे किसानों को फर्टिलाइजर, डीएपी, यूरिया नहीं खरीदनी पड़ेगी।

### शुरू होने वाले गैस प्लांट

- बुलंद बायो गैस (बुलंदशहर)
- सुल्तान बायो एनर्जी (रामपुर)
- एफ बी जे (अमरोहा)
- बायोग्रीन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (मेरठ)
- प्रिमिटिव बायो एनर्जी एलएलपी (बुलन्दशहर)
- नगीना बायो एनर्जी (बिजनौर)

# ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है यूपी: नंदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास को दे रहे दोगुनी रफ्तार**

**लखनऊ:** प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने जीसीबी 4.0 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री समेत समस्त अतिथियों, आगंतुकों व निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की यात्रा के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बन रहे हैं।

प्रदेश की यह चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का स्वर्णिम आयोजन भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल व सुनहरा बनाएगी। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार के दो मजबूत पहिए हैं, जो यूपी के विकास की यात्रा की गाड़ी को दोगुनी रफ्तार प्रदान कर रहे हैं। एक पहिया विकास का है तो दूसरा विरासत का। अभी 22 जनवरी को पूरी दुनिया ने भारतीय संस्कृति के उत्थान का महापर्व देखा है और आज 19 फरवरी को औद्योगिक प्रगति का महाकुंभ संपन्न हो रहा है। नंदी ने कहा कि उद्योग की स्थापना व निवेश को आकर्षित करने के लिए सबसे बुनियादी आवश्यकता होती है विश्वसनीयता। जब कथनी व करनी एक हो, तभी निवेशकों का भरोसा अर्जित किया जा सकता है।




ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, उप कुलाधिपति डॉ. लता अग्रवाल और हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमित जायसवाल। अमृत विचार

# एयरपोर्ट पर रहा चार्टर्ड विमानों का जमावड़ा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी में शामिल होने के लिए आए देश के दिग्गज उद्यमियों के चार्टर्ड विमानों का चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर जमावड़ा रहा। इसके अलावा सैकड़ों उद्यमी साधारण उड़ानें से एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट प्रशासन द्वारा यहां बनाए गये वीवीआईपी लाउंज में सुबह का नाश्ता करने के बाद कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। इस दौरान उद्यमियों ने सांस्कृतिक पंडालों के पास रुककर उनका आनंद उठाया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुतबिक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी शामिल होने के लिए अपने चार्टर्ड विमान से यहां पहुंचने वालों में अड़ानी ग्रुप के करन अडानी, हिंदुजा समूह के प्रकाश हिदुजा, रविकांत जयपुरिया, जीन मेहता, अनिल सिंह, माधव कृष्ण सिंघानिया, युसूफ अली शामिल है। जबकि सामान्य उड़ानां से आने वालों में हल्दीराम ग्रुप के संजय सिंघानियां, बीकानेर ग्रुप के सुरेश कुमार गोयल व भांगुर सीमेंट गुरप के एचएन भांगुर सहित सैकड़ों उद्यमी शामिल है। वहीं चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आगमन हाल के बाहर दो सांस्कृतिक पंडाल लगाए गये थे। एयरपोर्ट से निकलते ही इन उद्यमियों ने सांस्कृतिक पड़ाल के पास रूककर अपना मनोरंजन करने के साथ ही कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जबकि तीसरा एयरपोर्ट महानिदेशालय के सामने व चौथा एयरपोर्ट से शहीद पथ को जोड़ने वाले फ्लावर पर तथा पांचवां शहीदों की मूर्ति के सामने है।

# नोएडा में किसानों ने 23 को दिल्ली मार्च की फिर दी चेतावनी

## विकसित भूखंड, अतीत में अधिग्रहीत जमीन को अधिक मुआवजे की मांग

एजेंसी



**नोएडा :** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रदर्शन कर रहे किसान समूहों ने सोमवार को कहा कि वे विकसित भूखंड और अतीत में अधिग्रहीत उनकी जमीन के लिए अधिक मुआवजे सहित अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए 23 फरवरी को दिल्ली मार्च करेंगे।

महिलाओं सहित हजारों ग्रामीणों ने आठ फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी के साथ लगती नोएडा की सीमाओं पर कड़ी सुरक्षा के बीच दिल्ली जाने का प्रयास किया था, जिससे शहर में यातायात अवरूद्ध हो गया था। प्रदर्शनकारियों ने उस दिन मार्च वापस ले लिया था और वे पुलिस द्वारा स्थानीय अधिकारियों और उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक का आश्वासन दिए जाने के बाद शांत हो गए थे। बड़ी संख्या में किसान विरोध प्रदर्शन के लिए सोमवार को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनआईडीए) के कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और एक प्रमुख स्थानीय समूह भारतीय किसान परिषद (बीकेपी) ने 23 फरवरी को दिल्ली मार्च का आह्वान किया। बीकेपी ने एक बयान में कहा, 13 फरवरी को सरकारी अधिकारियों द्वारा एक बैठक की गई थी और वहां यह निर्णय लिया गया था कि किसानों के मुद्दों को हल करने के लिए 18 फरवरी तक एक उच्च-अधिकार प्राप्त समिति का गठन किया जाएगा, लेकिन आज तक कुछ भी नहीं हुआ है।

किसान समूह ने चेतावनी देते हुए कहा, अब प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से तीन दिन का समय और मांगा गया है, जिसे किसानों ने स्वीकार कर लिया है और कहा है कि अगर तब तक समाधान नहीं निकला तो किसान 23 फरवरी को दिल्ली मार्च करेंगे।

# बेटी और देवर ने की थी मुतवल्ली की हत्या

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव परचई में चार दिन पहले इमामबाड़े में मुतवल्ली की हत्या उनकी सगी बेटी हमशीरन और उसके प्रेमी देवर गुड्डू ने ही की थी। दोनों ने अवैध संबंधों का राज खुलने के डर से घटना को अंजाम दिया था। सोमवार को पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। गांव परचई निवासी तस्वीर मियां (60) इमामबाड़े में रहकर झाड़ फूंक का काम करते थे। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे इमामबाड़े में धारदार हथियार से उनकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सोमवार दोपहर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मुतवल्ली हत्याकांड का खुलासा किया।

# अफजाल को गाजीपुर से उतारने से तीखा होगा चुनावी संघर्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गाजीपुर से ही मुख्तार के कट्टर दुश्मन ब्रजेश सिंह के भी चुनावी मैदान में उतारने की संभावना

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की ओर से माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को गाजीपुर संसदीय सीट से उतारने से इस क्षेत्र की चुनावी लड़ाई तीखी होने वाली है। दरअसल, गाजीपुर से ही मुख्तार अंसारी के कट्टर दुश्मन माफिया ब्रजेश सिंह के भी चुनावी मैदान में उतारने की संभावना है। सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर इसकी घोषणा कर चुके हैं। ओपी राजभर गाजीपुर की ही जहूराबाद सीट से विधायक भी हैं।

**अफजाल के मुकाबले ब्रजेश सिंह हो सकते हैं मैदान में :** माना जा रहा है कि भाजपा भी ब्रजेश सिंह को मैदान में लाना तो चाहती है लेकिन अपना सिंबल नहीं देना चाहती। भाजपा राजभर की पार्टी से ब्रजेश सिंह को उतार कर एक तीर से दो निशाने लगा सकती है। सुभासपा के टिकट पर ब्रजेश सिंह को उतारने से जहां राजभर की इच्छा पूरी होगी वहीं, अफजाल को कड़ी टक्कर देने वाला उम्मीदवार भी मिल जाएगा।

हालांकि अखिलेश ने उम्मीदवारों के चयन में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूले का ध्यान रखने का प्रयास किया है। मोहनलालगंज संसदीय सीट से उम्मीदवार अनुसूचित जाति से हैं। वहीं, मिश्रिख से पासी बिरादरी के पूर्व विधायक रामपाल राजवंशी को उम्मीदवार बनाया गया है। हरदोई से पासी बिरादरी की ही ऊषा वर्मा को टिकट दिया गया है। चंदौली से उम्मीदवार पूर्वमंत्री वीरेंद्र सिंह क्षत्रिय हैं। बहराइच से पूर्व विधायक रमेश गौतम को उम्मीदवार बनाया गया है।

## सार-संक्षेप

### बाराबंकी में लगी देश की पहली मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री

बाराबंकी, अमृत विचार : बाराबंकी में एक ऐसी मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री की शुरुआत हुई है जो देश में कहीं नहीं है। इस फैक्ट्री में बायोप्सी निडिल व कोरोनरी स्टंट का निर्माण करेगी। बायोप्सी निडिल कैंसर और ट्यूमर के डिटेक्शन में काम आती है। जबकि कोरोनरी स्टंट (छल्ला) हृदय रोग के ऑपरेशन में प्रयुक्त किया जाता है। अभी तक यह मेडिकल डिवाइस अमेरिका व अन्य देशों से आयात की जाती रही है। कुर्सी रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में डिवाइस का ट्रायल 15 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है। जल्द ही इसके कामर्शियल उत्पादन की अनुमति मिल जाएगी। इस डिवाइस इंडस्ट्री के लिए डीआइजीसी ने 15 नवंबर को ही ट्रायल लाइसेंस दे दिया था। कमर्शियल लाइसेंस जल्द ही जारी हो जाने की संभावना है। इसके बाद भारत उस डिवाइस के निर्माण में आत्मनिर्भर बन जाएगा। जिस पर अभी तक हयात में करोड़ों रुपए खर्च किए जाते रहे हैं। अमृत विचार से खास बातचीत में उद्योग के संस्थापक चिकित्सक डॉ प्रताप ने बताया कि वह एक मल्टी स्पेशलिटी सरकारी अस्पताल में काम कर रहे थे। वहीं से उन्हें इसके उत्पादन की प्रेरणा मिली। और उन्होंने इसके लिए एक रिसर्च टीम गठित की। स्वयं के प्रयास से मॉडल तैयार किया। अभी तक का ट्रायल्स प्रतिशत सफल रहा है। ट्रायल के लिए उन्होंने अपोलो बायोसेंस सेंटर से करार किया है।

### कांग्रेस ने जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संदीप तिवारी के नेतृत्व में दबरई स्थित आयकर भवन पर कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने लोकतंत्र की मूल भावना को खतरे में डाला है। सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार ने बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और युवक कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करके असंवैधानिक और क्रूर कदम उठाया है। खातों को फ्रीज करना न केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वित्तीय स्थिति पर हमला है, बल्कि हमारे महान लोकतांत्रिक मूल्यों पर जबरदस्त प्रहार है। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर मुख्य विपक्षी पार्टी के कामकाज में बाधा डालना है। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। प्रदर्शन के दौरान धर्म सिंह यादव, मनोज भटेले, महेश पिप्पल, यश दुबे, संत कुमार, जहीर खाकसार, रामशंकर राजौरिया, खजांची दिवाकर, मानसिंह दिवाकर, आरिफ खान, राजेश दिवाकर आदि लोग उपस्थित रहे।

### सॉल्वर गैंग के आठ सदस्य किए गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाले सॉल्वर गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार करने का अभियान रविवार को परीक्षा होने के बाद भी जारी रहा। फिरोजाबाद पुलिस ने अलग-अलग थानों से आठ सॉल्वर गिरफ्तार किए। एसपी सिटी सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में उत्तर पुलिस ने 18 फरवरी को सॉल्वर गैंग के अवधपाल सिंह पुत्र अमरपाल सिंह निवासी अखेपुर फरिहा को एसआरके इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र से गिरफ्तार किया। दूसरा सदस्य शिवकेश कुमार पुत्र कमलेश कुमार निवासी अब्बासपुर नसीरपुर को गौरीशंकर कॉलेज के गेट के बाहर से गिरफ्तार किया। दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े युवक के कब्जे से आधार कार्ड, एडमिट कार्ड उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ का मिला है। वहीं रविवार को हुई परीक्षा में थाना दक्षिण पुलिस ने दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है। थाना दक्षिण पुलिस ने पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग के विरुद्ध चलाये अभियान के क्रम में केंद्र व्यवस्थापकों के सहयोग से रविवार को हुई प्रथम पाली में अमन कुमार निवासी ग्राम आमरी शिकोहाबाद अभ्यर्थी मोहित कुमार के स्थान पर और द्वितीय पाली में आरोपी जौनी बघेल निवासी ग्राम सलेमपुर वरियार मऊ मख्खनपुर अभ्यर्थी जैदेव बघेल के स्थान पर परीक्षा दे रहा था।

### रेलवे के लिए भी उत्पाद बनाएगी आयुध वस्त्र निर्माणी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आर्डनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री (ओसीएफ) ने सेना के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी विस्तार करना शुरू कर दिया है। अब रेलवे बोर्ड से भी दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में काम कर रहे अपने कर्मचारियों के लिए कोट, ट्राउजर, कैप जैसे उत्पाद मिलने शुरू हो गए हैं। इस संबंध में सोमवार को फैक्ट्री के वरिष्ठ महाप्रबंधक अखिलेश कुमार ने मीडिया को उपयोगी जानकारी साझा की। निर्माणी के निरीक्षण भवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में वरिष्ठ महाप्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत की मुहिम को गति देने के लिए फैक्ट्री सैन्यकर्मियों के साथ अब रेलवे समेत अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रही है। निर्माणी के उत्पादों का वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही निर्माणी क्षेत्र में आउटलेट शॉप भी खोली गई हैं, जिनमें फैक्ट्री के चुनिंदा उत्पादों को आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे ने निर्माणी को कोट, ट्राउजर, कैप आदि का आर्डर दिया है। रेलवे को समय-समय पर गुणवत्ता से डिमांड पूरी की जाती रही है, इसलिए अब मांग बढ़ भी रही है, जो गर्व की बात है। रेलवे के उत्पाद लाइन असेंबली सिस्टम से तैयार कराए जा रहे हैं। जीएम ने बताया कि निर्माणी में कैप ग्लेशियर, बैग किट यूनिवर्सल का काम हो रहा है। इसके अलावा निर्माणी को तीन प्रोडक्ट का पेटेंट भी मिला है। जिनमें एक्सटर्म कोल्ड वेदर क्लोदिंग सिस्टम इंसुलेशन, ब्लेंकेट पाइपिंग स्टीचिंग फोल्डर और कोट एक्सटर्म कोल्ड क्लाइमेट डबल लेयर शामिल हैं। इसके अलावा निर्माणी के उत्पाद ई-मार्केट में भी उपलब्ध हैं।

# फिल्म सिटी की छवि देख मोदी गदगद, योगी के प्रयासों को सराहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के शुभारंभ के अवसर पर पीएम मोदी ने यहां प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान वे योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी के काउंटर पर भी पहुंचे और पूरे प्रोजेक्ट की जानकारी ली और संतुष्ट होने के बाद प्रयासों की प्रशंसा भी की।

उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) क्षेत्र में प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी बनने जा रही है। दिग्गज बॉलीवुड डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप मिलकर इसका निर्माण करने जा रहे हैं। जब पीएम फिल्म सिटी के स्टाल पर पहुंचे तो खुद बोनी कपूर ने उन्हें फिल्म सिटी की खासियत के विषय में पूरी जानकारी दी। पीएम मोदी इस स्टाल पर 3 से 4 मिनट तक रहे। उनके साथ सीएम योगी भी मौजूद थे। बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि पीएम मोदी ने चुनिंदा स्टाल पर ही समय दिया। इस दौरान वो फिल्म सिटी के स्टाल पर भी आए, जहां उन्हें बोनी कपूर ने फिल्म सिटी के हर पहलू के विषय में जानकारी ली।

# प्राण-प्रतिष्ठा के साथ रामराज्य की स्थापना : साक्षी महाराज

**अयोध्या, अमृत विचार :** देश 1947 में जरूर आजाद हुआ लेकिन आत्मा का संचार रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद हुआ। 22 जनवरी को रामराज्य की स्थापना हो गई। यह बातें सोमवार को उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने कहीं। वे यहां रामलला का दर्शन-पूजन करने आए थे। दर्शन-पूजन से भावुक हुए साक्षी महाराज ने कहा कि वह राम मंदिर आंदोलन से होकर आज राजनीति में आए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मुक्ति आंदोलन को लेकर वे संघर्ष में शामिल हुए। उन्होंने कोठारी बंधु को गोली लगने के बाद अपने हाथों से उठाया था।

# योगी को औद्योगिकरण के महागुरु का भी तमगा

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

▸▸ योगी में महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरु बनने की क्षमता

**अमृत विचार:** किसी योगी के अपने तपोबल से महायोगी बनने की तमाम कहानियां है, मगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तम से उद्यम का माहौल बनाकर औद्योगीकरण के महागुरु होने की उपाधि पर हासिल कर ली। अवसर था ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन कर देश-दुनिया को यूपी का दम बता रहे थे। वे योगी की क्षमता के इतने कायल हो उठे कि महाराष्ट्र, गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों का भी गुरू बनने की क्षमता का सर्टिफिकेट देने से नहीं चुके।

यही फरवरी महीना था, जब पिछले साल ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आए प्रधानमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कर्मयोगी की उपाधि दी, लेकिन मुख्यमंत्री की तारीफ में खामोश रहे। अच्छे अभिभावक का यही बड़ा गुण होता है कि परीक्षा की तैयारी में मेहनत के बजाय परिणाम आने पर गौरवान्वित महसूस करता है।

ऐसा ही दृश्य सजीव हुआ प्रधानमंत्री को संबोधन के लिए छोटे-बड़े उद्योगपतियों के लिए बने खास स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर हाल में। मुख्यमंत्री के चेहरे पर प्रदेश को उद्यम प्रदेश की पहचान दिलाने की रात-दिन तैयारी के बाद सोमवार को परीक्षा देने की थकान जरूर थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने जब उनकी एक साल ही नहीं, बल्कि सात साल की मेहनत के परिणाम सुनाने शुरू किए तो एक परीक्षार्थी की तरह मुख्यमंत्री योगी आगे की चुनौतियों के लिए और दृढ़ प्रतिज्ञ दिख रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक-एक शब्द योगी की कर्मनिष्ठता की मिशाल दे रहा था। राजनीति के जानकार कहते हैं कि यह पहली बार था, जब मोदी ने योगी की इतनी जबरदस्त तारीफ तथ्यों के साथ किसी मंच से की हो। शुरूआत में ही मोदी बोले कि 'मैं योगी जी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा।

# ताजनगरी में गूंजी शिवाजी की शौर्य गाथा

**आगरा, अमृत विचार :** आगरा किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की शौर्य गाथा सुनाई गई। सोमवार देर शाम महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस ने शिरकत की। रेलवे और कोयला विभाग के राज्यमंत्री राव साहब पाटील दानवे, महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य विभाग के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, छत्रपति उदयन राजे भोसले सहित कई मंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज गीत, छत्रपति शिवराय के जीवन पर सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए।


# कई ऐसे अच्छे काम हैं जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ कर गए हैं : मोदी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल जनपद के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे भरोसा है कि यह मंदिर इस बात का प्रमाण होगा कि हम हम बेहतर भविष्य को लेकर कितने सकारात्मक रहने वाले लोग हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पराभव से भी विजय को खींच करके लाने वाला राष्ट्र है। हम पर सैकड़ों वर्षों तक इतने आक्रमण हुए। कोई और देश होता, कोई और समाज होता तो लगातार इतने आक्रमणों की चोट से पूरी तरह नष्ट हो गया होता। फिर भी हम न केवल डटे रहे बल्कि और भी ज्यादा मजबूत होकर सामने आए। आज सदियों के वह बलिदान फलीभूत हो रहे हैं। जैसे कोई बीज वर्षों के अकाल में पड़ा रहा हो लेकिन जब वर्षा काल आता है तो वह बीज अंकुरित हो उठता है।

वैसे ही आज भारत के अमृत काल में भारत के गौरव, भारत के उत्कर्ष और भारत के समर्थ का बीज अंकुरित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया कि कल्कि धाम निर्माण के लिए पिछली सरकारों से लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी, कहा जा रहा था कि मंदिर बनने से शांति व्यवस्था बिगड़ जाएगी। आज हमारी सरकार में निश्चिंत होकर यह काम को शुरू पाया है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मैंने एक और बात कही थी कि 22 जनवरी से अब नए कालचक्र की शुरुआत हो चुकी है। इस प्रकार रामलला के विराजमान होने से अगले हजार वर्षों तक भारत के लिए एक नई यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। भगवान राम की तरह ही कल्कि का अवतार भी हजारों वर्षों की रूपरेखा तय करेगा। हम यह कह सकते हैं कि कल्कि कालचक्र के परिवर्तन के प्रणेता भी हैं और प्रेरणा स्रोत भी हैं।



संभल के ऐंचौड़ा कम्बोह में कल्कि धाम शिलान्यास के अवसर पर शिला पूजन कार्यक्रम में हाथ जोड़े बैठे प्रधानमंत्री मोदी। साथ में मुख्यमंत्री योगी व आचार्य प्रमोद कृष्णम।

## उत्तराखंड

# बंदूकों के साए में स्कूल पहुंच रहे बच्चे

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज ढेला के पटरानी निवासी बच्चों को बंदूकधारी वनकर्मियों की सुरक्षा में स्कूल लाया गया। दो दिन पहले ढेला में जंगल लकड़ी बीनने गई महिला कलादेवी को बाघ ने मार दिया। तब से ही ढेला ग्रामवासियों के साथ पटरानी से ढेला इंटर कॉलेज पढ़ने आने वाले 80 से अधिक बच्चों को भी पूर्ण सुरक्षा देने की मांग उठ रही है। महिला को मारने की घटना उसी जंगल में हुई है जहां से पटरानी के बच्चे ढेला आते-जाते हैं।

ढेला इंटर कॉलेज के शिक्षक नवेंदु मठपाल ने बताया कि वह लगातार ढेला रेंजर अजय ध्यानी के संपर्क में हैं ताकि बच्चों को पूर्ण सुरक्षा में पटरानी से ढेला ले जाया जाए। उन्होंने बच्चों को लाने-ले जाने के लिए वाहन लगाए जाने की मांग की। सोमवार को बच्चों को लाने वालों में कार्बेट टाइगर रिजर्व के गोधन सिंह, वन आरक्षी तेजपाल रावत कुबेर बंगारी शामिल रहे।

**बाघ पकड़ने के लिए वन कर्मी अलर्ट :** कार्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला क्षेत्र में महिलाओं को मौत के घाट उतारने वाले बाघ को पकड़ने के लिए महकमा पूरी तरह से जुट चुका है। ढेला के वन क्षेत्राधिकारी अजय ध्यानी ने बताया कि बाघ को रेस्क्यू करने के लिए दो पशु चिकित्सक कैंप कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त शस्त्रों से लैस 14 वन कर्मियों की टीम बाघ की तलाश में लगी हुई है।

### आदमखोर बाघ से निजात दिलाने की मांग उठाई

**भीमताल, अमृत विचार :** सरकार द्वारा भीमताल के विकास भवन में आयोजित किसान बंधु मीटिंग में रामनगर से पहुंचे किसानों ने क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए आतंक का पर्याय बने बाघ से ग्रामीणों की सुरक्षा के मुद्दे को उठाया। शिष्ट मंडल ने इसके अतिरिक्त मीटिंग में पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों को कीटाणु नाशक दवाओं की गुणवत्ता, गन्ने का समय पर भुगतान, बिजली की सुचारु आपूर्ति, ग्रामीण संपर्क मार्गों एवं सिंचाई गूलों की मरम्मत, आदमखोर बाघ को मारने और आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को बचाने के संदर्भ में मांग पत्र दिया। मीटिंग में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह रौतेला, ब्लॉक अध्यक्ष नवजोत सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में जीपी ध्यानी, हरप्रीत धालीवाल, दर्शन सिंह, निर्मल सिंह, हिमाचल मोमी, पूरन भट्ट, नैतिक करगेती, सीडीओ अशोक कुमार पांडे, मुख्य कृषि अधिकारी बीके यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीसी जोशी, ऋतु कुकरेती मौजूद रहे।

# हल्द्वानी में शाम को हुई हल्की बूंदाबांदी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चुका है। सोमवार की रात से ही भारी बारिश होने का भी अनुमान है। अगले दो से तीन दिनों तक मौसम इसी तरह रहेगा। ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। हल्द्वानी में सुबह के समय धूप निकली लेकिन अपरान्ह से ही बादल छा गए। साथ ही हवाएं भी चलने लगीं। पहाड़ों में भी इसी तरह का मौसम बना हुआ है। बादल छा रहे हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मौसम में बदलाव हो चुका है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। अगले तीन से चार दिनों तक मौसम इसी तरह से बदला रहेगा। मैदानी इलाकों में मंगलवार और बुधवार तक 15 से 20 मिमी तक बारिश होने का अनुमान है। पहाड़ों में गुरुवार तक 30 मिमी तक बारिश हो सकती है।

# दंगाई के घर से मिले पेट्रोल बम और पीएसी से लूटे कारतूस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे में पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। दंगे के 12वें दिन पुलिस ने 10 और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो नामजद आरोपी भी हैं और दो ऐसे, जिन्होंने दंगे के दौरान पेट्रोल बम सप्लाई किया। पुलिस ने पीएसी से लूटे गए कारतूस भी एक आरोपी के पास से बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस अब तक 68 दंगाइयों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में जानकारी देते हुए एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में भड़के दंगे के मामले में बनभूलपुरा थाना, मुखानी थाना और नगर निगम की ओर से तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। इस मामले में रविवार तक 58 उपद्रवियों की गिरफ्तारी की जा चुकी थी और सोमवार को 10 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन्हें भी सीसीटीवी व अन्य साक्ष्यों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। पहले मुकदमे में नामजद मलिक का बगीचा वार्ड 31 बनभूलपुरा निवासी तस्लीम कुरैशी पुत्र साबिर कुरेशी और लाइन नंबर 18 वार्ड 24 कारी बाबा मदरसा के पास बनभूलपुरा निवासी वसीम सिद्दीकी उर्फ हप्पा पुत्र अनीश अहमद को भी पकड़ा गया है। इसके अलावा पीएसी जवान से एसएलआर के कारतूस लूटने वाले लाइन नंबर 14 गफ्फारी मस्जिद के पीछे पाकड़ के पेड़ के पास बनभूलपुरा निवासी मो.शुऐब पुत्र सईद अहमद को पकड़ा, जिसकी निशानदेही पर दो कारतूस भी बरामद हुए। एसएसपी ने बताया कि दंगे में पेट्रोल बम का इस्तेमाल करने वाले शहजाद और फैजान को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है, लेकिन अब इन दोनों को पेट्रोल बम मुहैया कराने वाला लाइन नंबर 17 शराफत अंडे वाली गली बनभूलपुरा निवासी अरबाज पुत्र हसीन अहमद भी पकड़ा गया है। इसके घर से 9 लीटर पेट्रोल बरामद हुआ है। गिरफ्त में आए अन्य आरोपियों में लाइन नंबर 16 बनभूलपुरा निवासी अनस पुत्र यासीन, लाइन नंबर 16 आजादनगर बनभूलपुरा निवासी अयान, शहराज हुसैन, नई बस्ती ताज मस्जिद बनभूलपुरा निवासी मो.वसीम आदि पकड़े गए।



पुलिस टीम के साथ पकड़े गए बनभूलपुरा बलवे के आरोपी। ● अमृत विचार

# वन आरक्षी-सहायक लेखाकारों को दिए गए नियुक्ति पत्र

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जन सेवाओं को आसान बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र गढ़ी कैंट में वन विभाग की ओर से आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने चयनित 892 वन आरक्षी और 104 सहायक लेखाकारों को नियुक्ति पत्र दिए। नियुक्ति पाने वाले 104 सहायक लेखाकारों में 59 वन तथा 45 तकनीकी शिक्षा विभाग में शामिल हैं। वन विभाग के अधीन अप्रैल 2017 से अब तक समूह ग के विभिन्न 4406 पदों पर नियुक्ति की गई है, जिसमें जुलाई 2021 से अब तक 2,528 नियुक्तियां शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सभी कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा अब वे उत्तराखंड शासन, प्रशासन का हिस्सा बनने जा रहे हैं, वन व तकनीकि शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा युवाओं की तकनीकि दक्षता के लिए पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई कॉलेजों को अवस्थापना सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है।

# सचिवालय कार्मिकों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू हुई

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सोमवार को सचिवालय कार्मिकों के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारम्भ किया। यह बस सेवा नियमित रूप से सुबह कार्मिकों को सचिवालय कॉलोनी केदारपुरम से सुभाष रोड सचिवालय पहुंचायेगी और शाम को वापस केदारपुरम छोड़ेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि इलेक्ट्रिक बस सेवा से ट्रैफिक समस्या को कम करने में भी सहायता मिलेगी। सार्वजनिक परिवहन को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

# भांजा व मौसेरा भाई बन 4.50 लाख रुपये ठगे

संवाददाता, खटीमा

▸▸ अलग-अलग मामलों में दो लोग हुए ठगी के शिकार

▸▸ पीड़ितों ने पुलिस से की धनराशि वापस दिलाने की मांग

**अमृत विचार:** साइबर क्राइम की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। अब तो साइबर क्राइम करने वाले रिश्तेदार बनकर चूना लगाने लगे हैं। कॉल कर एक व्यक्ति ने मौसेरा भाई बनकर 3.5 लाख तो दूसरे ने भांजा बन मामा को एक लाख का चूना लगा दिया।

विकासखंड में पूरनापुर निवासी मलकीत सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आई और कॉल करने वाले ने स्वयं को उसका भांजा युवराज सिंह बताते हुए घर का हाल चाल पूछा। फिर उसने कहा कि मैं आपके खाते में एक लाख रुपए भेज रहा हूं। एक नंबर देते हुए कहा कि आप इस नंबर पर दिल्ली पैसे भेज दें। पीड़ित ने बताया कि मैंने दिए नंबर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के खाते में एक लाख रुपए भेज दिए। पीड़ित ने यह भी कहा है कि उस व्यक्ति ने उसके खाते में पैसे भेजने की बात कही लेकिन यह रकम आज दिन तक उसके खाते में नहीं आई है। पीड़ित ने उक्त साइबर ठक के खिलाफ कार्रवाई कर पैसे वापस दिलाने की गुहार की है। पुलिस ने कथित आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।

एक अन्य मामले में सुनपहार निवासी जसविंदर सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया है कि बीते 29 मई 2023 को उन्हें एक कॉल आती और कॉल करने वाला खुद को मेरी मौसी का लड़का बताता है। आवाज मिलने के कारण मुझे लगा कि यह मेरा रिश्तेदार ही है। जिस पर मैने उसके द्वारा दिए गए नंबरों पर 3.5 लाख रुपये भेज दिए। पीड़ित ने कार्रवाई कर पैसे दिलाने की गुहार की है।

# नैनीताल बैंक के बॉब में विलय को लेकर कर्मचारी लामबंद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल बैंक के कर्मचारियों ने सेक्टर 62 नोएडा स्थित नैनीताल बैंक के दिल्ली कार्यालय में बैंक प्रबंधन की ओर से मीटिंग का आयोजन किया।

बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) के नैनीताल बैंक में अपनी अंशधारिता को बेचने के लिए किए गए विरोध का सामाधान तलाशने पर चर्चा की। पिछले कई महीनों में हुए घटनाक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा ने नैनीताल बैंक में अपनी अंशधारिता को बेचने पर कर्मचारियों और अधिकारियों ने उग्र विरोध किया था। कार्यक्रम के दौरान सभी बैंक यूनियंस ने बॉब प्रबंधन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि आरबीआई और संसदीय कार्यकारिणी समिति की ओर से प्रस्तावित और अनुमोदित नैनीताल बैंक के बॉब में विलय संबंधी प्रस्ताव का पालन नहीं किया गया तो यूनियन हड़ताल, धरना प्रदर्शन और संसद से लेकर सड़क तक विरोध करने को लामबंद होगी। बॉब प्रबंधन से विनय कुमार ने 10 दिन के भीतर उच्च्य अधिकारियों से यूनियन की मुलाकात कराने का भरोसा दिलाया।

### कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक रखने के लिए निडर संघर्ष रखूंगा जारी

# आदिवासी, दलित व पिछड़ी जाति का हक मार रही सरकार : राहुल

संवाददाता, प्रतापगढ़



प्रतापगढ़ में जनसभा के दौरान बिल्ली को पुचकारते राहुल व विधायक आराधना मिश्रा मोना।

**अमृत विचार :** प्रयागराज से होते हुए सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देल्हूपुर से प्रतापगढ़ सीमा में पहुंची। शहर से होते हुए जिले के रामपुरखास विधानसभा के लालगंज पहुंची। लालगंज में उन्होंने लोगों को सम्बोधित किया।

राहुल गांधी ने मोदी सरकार की राष्ट्रीय नीतियों की कमियों को गिनाते हुए हमला बोला। कहा कि देश में 50 फीसदी पिछड़ी जाति और 15 फीसदी दलित लोग रहते हैं। भारत में आदिवासियों की संख्या आठ प्रतिशत है। मोदी सरकार आदिवासी, दलित और पिछड़ी जाति के लोगों का हक मारने का कार्य कर रही है। 73 प्रतिशत आबादी के हक के साथ नाइंसाफी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि श्रीरामोत्सव में आदिवासी, दलित, पिछड़ों की भागीदारी में उपेक्षा की गई। कहा कि वहां एक भी किसान, गरीब नहीं दिखा। यह भी कहा कि भारत के प्रधानमंत्री धर्म, जाति के नाम पर देश को तोड़ रहे हैं। जनता से सीधा संवाद करते हुए कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत को एक रखने के लिए निडर संघर्ष जारी रखूंगा। ईडी व अन्य एजेंसियों को सरकार की कठपुतली बताते हुए कहा कि हक और अधिकार की आवाज उठाने पर सरकार ईडी, सीबीआई,प्रवर्तन दल के द्वारा देश मे भय का माहौल बनाये हुए है। चंद पूंजीपतियों ने मीडिया सेक्टर के साथ अस्पताल, विश्वविद्यालय,स्कूल -कालेज में भी आर्थिक आय पर कब्जा कर लिया है। पीएम मोदी खुद को पिछड़ी जाति से जोड़ रहे हैं जबकि उनका जन्म सामान्य वर्ग में हुआ है। राहुल गांधी लालगंज में 40 मिनट रहे और खुली जीप में सवार होकर 32 मिनट सम्बोधित किया। उनके साथ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी,रामपुरखास विधायक आराधना मिश्रा मोना,विधायक वीरेंद्र चौधरी,पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत,प्रदेश महासचिव मुकुन्द तिवारी समेत कांग्रेसी मौजूद रहे।

### राहुल आज लखनऊ में

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 20 फरवरी को रायबरेली होते हुए राजधानी में प्रवेश करेगी। राहुल गांधी चौक में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने बताया कि यात्रा रायबरेली रोड स्थित निगोंहा टोल से शुरू होकर मदाखेड़ा मंदिर, मोहनलालगंज, कल्ली बाजार, कालिंदी पार्क मोड़ उतरठिया, तेलीबाग शनि मंदिर होते हुए चारबाग स्थित केकेसी कॉलेज अपरान्ह लगभग ढाई बजे पहुंचेगी।

### स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को दी सिर्फ अमेठी सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती



अमेठी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर अमेठी आये पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को सिर्फ अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। उन्होंने राहुल गांधी की न्याय यात्रा को फ्लाप शो बताते हुए दावा किया कि आज खुद कांग्रेस के कार्यकर्ता ही राहुल गांधी की यात्रा में शामिल नहीं हुए, ऐसे में सवाल यह है कि जिसे खुद सहारे की जरूरत है वह दूसरों के लिए सहारा कैसे बन सकता है।

अमेठी के चार दिन के दौरे पर आयीं ईरानी ने संवाददाताओं से बातचीत में राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने अमेठी को सत्ता का केंद्र तो माना मगर उसकी सेवा नहीं की। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी को चुनौती देती हूं कि वह केवल अमेठी लोकसभा सीट से ही चुनाव लड़कर दिखायें। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में ईरानी ने 2004 से 2019 तक तक अमेठी से सांसद रहे राहुल को पराजित किया था।

# पुलिस भर्ती: पेपर लीक की खबरों की जांच को बनी आंतरिक कमेटी

## जांच में मिली जानकारी के आधार पर बोर्ड करेगा कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ पेपर छपाई में गड़बड़ी, सनी लियोनी के एडमिट कार्ड मामले आदि की भी होगी जांच

**अमृत विचार :** उप्र में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में सोशल मीडिया पर पेपर लीक की खबरों को लेकर बवाल मचा हुआ है। सपा मुखिया अखिलेश यादव, पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और कांग्रेस नेता राहुल गांधी तक ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया है।

हालांकि उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड इसे लगातार खारिज करता रहा है, लेकिन इन बीच सोमवार को इस मामले की जांच के लिए भर्ती बोर्ड ने आंतरिक जांच कमेटी गठित करने का फैसला किया है। एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आंतरिक जांच समिति बनाई गई है। भर्ती बोर्ड का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जाएगी। 48 लाख बच्चों के भविष्य का सवाल है।

भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा ने बताया कि अभ्यर्थियों के द्वारा सोशल मीडिया पर जो समस्याएं बताई जा रही हैं उन समस्याओं को देखते हुए बोर्ड ने आंतरिक कमेटी गठित की है। वायरल प्रश्न-पत्र और उत्तर पुस्तिका को लेकर जांच की जाएगी। उनका कहना है कि उनके पास भी सभी वायरल चीज़ें हैं। जो सवाल वायरल हुए हैं वह प्रश्न-पत्र में कितने आए हैं? और वह परीक्षा से पहले, बाद में या उसके दौरान वायरल हुए हैं? इनकी भी जांच की जाएगी।

पुलिस भर्ती बोर्ड के सूत्रों के मुताबकि एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बनी आंतरिक जांच समिति पेपर लीक की शिकायत, पेपर छपाई में गड़बड़ी, पेपर देर से पहुंचने, सनी लियोनी के एडमिट कार्ड मामले की भी जांच करेगी। जांच रिपोर्ट में मिली जानकारियों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## बसपा अकेले ही लड़ेगी चुनावः माया

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने एक बार फिर से स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी आने वाले लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि लोकसभा चुनाव में बसपा के किसी भी दल से गठबंधन नहीं करने की बार-बार स्पष्ट घोषणा के बावजूद आए-दिन गठबंधन संबंधी अफवाह फैलाई जा रही है। इससे साबित होता है कि बसपा के बिना कुछ पार्टियों की सही से दाल गलने वाली नहीं है। बसपा के लिए अपने लोगों का हित ही सर्वोपरि है। लिहाजा सर्वसमाज के खासकर गरीबों, शोषितों व उपेक्षितों के हित व कल्याण के मद्देनजर बसपा का देश भर में अपने लोगों के तन, मन, धन के सहारे अकेले अपने बलबूते पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला अटल है।



# स्वामी प्रसाद बनाएंगे नई पार्टी, 22 को होगी घोषणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पार्टी के लिए नाम व झंडा तैयार औपचारिक घोषणा अभी नहीं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा से अलग होकर नई पार्टी बनाने के साफ संकेत दिये हैं। पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी होगा। नीला, लाल व हरे रंग की पट्टी वाले पार्टी के झंडे में बीच में 'आरएसएसपी' लिखा हुआ है। पार्टी की औपचारिक घोषणा 22 फरवरी को होना तय है। इस बीच, पूर्व मंत्री मौर्य ने कहा कि 22 फरवरी को दिल्ली में बैठक के बाद नई रणनीति की घोषणा की जाएगी। उधर, नाराज चल रहे मौर्य को मनाने का प्रयास भी जारी रहा। सपा नेता पूर्व मंत्री राम गोविंद चैधरी मौर्य के आवास पर पहुंचे।

22 फरवरी को स्वामी प्रसाद मौर्य दिल्ली के तालकटोरा मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। इसी दौरान नई पार्टी की घोषणा होगी। मौर्य पिछले कई दिनों से सपा के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए हुए थे। उन्होंने 13 फरवरी को राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### स्वामी फायदे के लिए सपा में आये थेः अखिलेश

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य फायदे के लिए सपा में आये थे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लाभ लेने के लिए हर कोई आता है, लेकिन मौके पर कौन टिकता है? किसी के मन में क्या है, यह कौन बताएगा? सपा प्रमुख ने कहा कि क्या ऐसी कोई मशीन है जिससे पता चल पाए कि किसके मन में क्या चल रहा है? लाभ लेकर तो हर कोई चला ही जाता है।

# इमराना और जावेद को रिमांड पर लेगी पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ दोनों को आमने-सामने बैठाकर होगी पूछताछ

▸▸ टाइमर बम बनाने की असल मंशा तक पहुंचने की होगी कोशिश

**अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर पुलिस टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना और उसे बनाने वाले जावेद को एक साथ रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। पुलिस यह पता करेगी कि कितने टाइमर बम बनवाए गए और उसके पीछे क्या योजना थी। पुलिस का मामना है कि इसके पीछे कोई बड़ी साजिश हो सकती है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

दरअसल, शनिवार और रविवार को पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने इमराना से लगातार कई घंटे तक पूछताछ की, लेकिन बम बनवाने के पीछे के असल 'राज' से परदा नहीं उठ सका है। इमराना ने सिर्फ इतना बताया है कि झगड़ा व दंगा में काम आने के लिए टाइमर बम बनवाया गया। हालांकि खुफिया एजेंसियों पर उसकी कहानी पर भरोसा नहीं हो रहा है।

एसटीएफ और खुफिया एजेसियां अब इमराना और जावेद से जुड़े लोगों की भी तलाश कर रही है। एजेसियां अब मुजफ्फनगर के मीरापुर के उस व्यक्ति की तलाश में जुटी है, जिससे बारूद लाकर जावेद बम बनाता रहा है। उससे यह पता किया जाएगा कि बारूद बेचने का उसके पास लाइसेंस है या नहीं। उधर, एक टीम इमराना के बैंक खाते भी खंगाल रही है। ताकि यह पता चल सके है कि उसे कहीं से फंडिंग तो नहीं हो रही थी।

## इंडिया गठबंधन में सपा ने कांग्रेस को दिया 17 सीटों का ऑफर

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस को प्रदेश में 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का 'ऑफर' दिया है। फिलहाल सपा ने सीटों की जानकारी नहीं दी है। इससे पहले सपा ने 11 सीटों का ऑफर दिया था। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि सपा की ओर से कांग्रेस को 17 लोकसभा सीट की अंतिम पेशकश की गई है। उन्होंने कहा कि इस पेशकश पर कांग्रेस की स्वीकृति के आधार पर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होना निर्भर करेगा। मालूम हो कि इससे पूर्व सपा ने कांग्रेस को प्रदेश में 11 सीटों की पेशकश की थी, जबकि कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने अधिक सीट की मांग की थी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय कहना था कि उनकी पार्टी को करीब दो दर्जन सीट दी जानी चाहिए।

# फावड़े से पत्नी को काट डाला खुद भी फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ वारदात के पीछे पति पत्नी के बीच आपसी कलह बताई जा रही है पति को था जेल जाने का डर

**अमृत विचार :** अटरिया थाना इलाके में सोमवार को एक पति ने पत्नी की फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति स्वयं के जेल जाने के डर से घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तफ्तीश शुरू कर दी है। दंपत्ति की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस वारदात के पीछे पति पत्नी के बीच आपसी कलह बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार,क्षेत्र के ग्राम गुलरिया निवासी अजय सिंह ने अपने ही परिवार की खुशियों को उजाड़ कर स्वयं को भी मौत के गले लगा लिया। बताया जाता है कि अजय सिंह की पत्नी मोहिनी रविवार की शाम मायके से ससुराल आई थी। सोमवार की सुबह पति अजय और पत्नी मोहिनी के बीच किसी बात को लेकर आपस मे विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि पति अजय ने पत्नी के सर पर फावड़े से वारकर मौत के घाट उतार दिया। पत्नी की मौत के बाद जेल जाने के डर से पति अजय ने भी घर के अदंर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों ने कमरे में दोनो के शवों को देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची अटरिया पुलिस सहित सीओ सिधौली ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य भी संकलित किये है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सार-संक्षेप

### पीडब्लूडी का कार्यकारी अभियंता और क्लर्क एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) के एक कार्यकारी अभियंता और एक लिपिक को एक ठेकेदार से एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए सतर्कता टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) इंदु सिद्धार्थ ने सोमवार को यहां पत्रकारों को बताया कि पीडब्लूडी के कार्यकारी अभियंता नीरज सिंह और लिपिक अजय कुमार को एक ठेकेदार से रिश्वत लेते हुए सतर्कता टीम द्वारा सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि ठेकेदार देवव्रत तोमर ने शिकायत की थी कि इन अधिकारियों ने उनसे दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। उन्होंने बताया कि सतर्कता टीम ने इनके कार्यालय पर दबिश देकर एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुए इन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इन अधिकारियों ने सड़क मरम्मत के काम का ठेका देने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी जिसमें पहली किस्त में एक लाख रुपये देने को कहा था। पुलिस ने आरोपी नीरज सिंह और अजय कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### सुलतानपुर की अदालत में पेश होंगे राहुल गांधी

**सुलतानपुर, एजेंसी :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष अदालत में पेश होंगे। न्याय विभाग के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कांग्रेस सांसद राहुल गाँधी के खिलाफ मानहानि परिवाद के केस में 20 फरवरी की तारीख नियत थी। पांच वर्ष पूर्व दाखिल परिवाद में राहुल में हाजिर नहीं हो रहे थे।राहुस के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने पिछली पेशी में राहुल के भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदर्भ दिया था कि वह नागालैंड और असम के बीच में व्यस्त हैं। लिहाजा उन्होंने अदालत से गुजारिश किया की थी कि उन्हें समय दिया जाए और वे नियत तारीख पर पहुंचकर जमानत करा सके।, जिस पर न्यायालय ने 20 फरवरी को तिथि नियत की थी। इस दौरान राहुल गांधी की न्याय यात्रा 19 फरवरी सोमवार को रायबरेली पहुंची है। मंगलवार को राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में छोड़कर प्लेन से अमहट एयरपोर्ट पर उतर कर सड़क के रास्ते सुलतानपुर दीवानी न्यायालत स्थित एमपी/एमएएल कोर्ट में पेश होंगे।

### राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक मंगलवार से शुरू होगी। बैठक में शामिल होने के लिए राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र सोमवार शाम अयोध्या पहुंचे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते 15 जनवरी से बंद चल रहा राममंदिर निर्माण का काम प्रारंभ हो चुका है। निर्माण सामग्री आनी शुरू हो गई है। प्रथम तल का 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद राममंदिर के दूसरे तल का काम शुरू होगा। नृपेंद्र मिश्र मंगलवार की सुबह रामजन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद बैठक का सिलसिला शुरू होगा।

### 140 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर को पकड़ा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर थाने की पुलिस टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर एक करोड रुपये से अधिक कीमत वाली एक किलो 140 ग्राम स्मैक बरामद की। उसके द्वारा स्मैक कहां से ओर किससे लेकर वह आ रहा था। इसकी जांच की तस्करी के नेटवर्क को खंगाल कर उसको ध्वस्त किया जाएगा। इसमें संलिप्त सभी की संपत्तियों की जांच कर उसके जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इसकी जानकारी सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा. अखिलेश नारायण सिंह ने पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। एएसपी ने बताया कि रामनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पाण्डेय की टीम ने थाना क्षेत्र के बरियारपुर के पास रविवार को एक संदिग्ध को पकड़ा। उसके पास से एक किलो 140 ग्राम स्मैक बरामद की। पकडे.गए तस्कर रंजीत ने पूछताछ में बताया कि वह एक व्यक्ति से बरामद स्मैक को ग्राहक तक पहुचांने जा रहा था। इसके बदले उसे रुपये देने की बात कही थी।


## वर्ग पहेली-348

**बाएं से दाएं**

1. पापों का नाश करने वाला।
4. फाड़ना, विदीर्ण करना, नष्ट-भ्रष्ट करना।
6. 1. एकाधिक व्यक्तियों का साथ चलना 2. साथ, संग, सोहबत 3. विभिन्न व्यक्तियों के विचारों में बिसराना, भुलाना, भुला देना, विस्मृत करना।
7. 1. कठोर आवरण वाले और बहुत खट्टे फलों का एक वृक्ष, कैथ 2. उक्त वृक्ष का फल, कपित्य।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाप से मुक्त होने की क्रिया या भाव 2. पाप निवारण 2. पाप निवारण करने का स्थान, तीर्थस्थान।
2. शव को जलाने हेतु निर्मित गृह, श्मशान।
3. पुरानी दीवारों या खारवाली ज़मीन में ऊपर से निकल आने वाला क्षार अथवा नमक।
5. दे. तीर्थ।



### वर्ग पहेली - 347 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कँ | ग | ला | | 2 अ | |
| टि | | | | व | |
| या | | 3 की | | स | |
| | 4 फ | ट | का | र | ना |
| | | ना | | वा | |
| 5 सु | दे | श | | दि | |
| धि | | 6 क | र | ता | ल |

## सुडोकू -65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

### सुडोकू - 64 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 09 .55 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-आर्द्रा 12 .13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** – आज सामाजिक संस्थाओं द्वारा आपकी प्रशंसा हो सकती है। किसी बुरी आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे। आप अनेक लोगों की करियर में सहायता करने का प्रयास करेंगे। कार्य के विस्तार की रणनीति सफल रहेगी।

**वृष** – आज स्वयं को भ्रमित होने से बचाएं। व्यर्थ की बातों को करने से बचें। कीमती वस्तुओं को संभाल कर रखें। परिवार के लोग आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं। लिहाज से दिन शुभ रहेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन** – आज परिवार का माहौल अच्छा रहने वाला है। किसी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। अवसरों का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। नौकरी में आपको उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। वैवाहिक संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**कर्क** – आज धन की कमी के कारण कुछ चलते हुए कार्यों में गतिरोध उत्पन्न हो सकता है। परिवार का सहयोग नहीं मिलेगा। अपने काम पर फोकस नहीं कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है।

**सिंह** – आज अपनी सकारात्मक सोच से परिस्थितियों का सही लाभ उठा पायेंगे। मित्रों से सही सलाह मिलेगी। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। व्यापार में तरक्की होने के योग बन रहे हैं। कोई अच्छा समाचार मिलेगा।

**कन्या** – आज लव लाइफ काफी अच्छी रहेगी। कार्य की व्यस्तता के बीच स्वजनों के लिए समय अवश्य निकालें। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक धन लाभ मिलने की संभावना बन रही है। कई तरह की परेशानियों का अंत होगा।

**तुला** – आज जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। आवेश में आकर कोई निर्णय न लें। कार्यक्षेत्र में परेशानियां बढ़ सकती हैं। आध्यात्मिक अभिरुचियों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – आज किसी अनजानी गलती के कारण आप आत्मग्लानि से पीड़ित हो सकते हैं। जिद्दी रवैये से आपको ही नुकसान झेलना पड़ेगा। दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपके स्वास्थ्य सुख में बाधा आ सकती है।

**धनु** – आज नया निवेश करने के लिए समय अनुकूल है। आय बढ़ने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यापार में धन की कमी दूर होगी। कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**मकर** – आज कर्मचारियों का व्यवहार चिन्तित कर सकता है। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा। अनजाने में हुई गलती परेशानी खड़ी कर सकती है। व्यवसाय में जोखिम लेने के लिए दिन उचित नहीं है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज अपनी प्रतिभा और योग्यता पर संदेह न करें। कला और साहित्य आदि में विशेष रुचि लेंगे। धैर्य और संयम से कार्य करें। किसी निकटस्थ व्यक्ति के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मीन** – आज विवादास्पद मामलों से दूर रहने में ही उत्तम है। किसी को धन उधार न दें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपके आसपास कई तरह की चीजें बदल रही हैं जिसके कारण उचित निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
होते होते प्यार हो गया – सुबह : 10 .00
कर्तव्य – रात : 07 .00


**Sony Max**
कोई जाने ना – सुबह : 09 .00
नहले पे दहला – रात : 09 .00

**Sony Pix**
एनाकोंडा – सुबह : 10 .17
मॉन्स्टर हंटर – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
बादल – सुबह : 10 .30
लव शुदा – रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
तो बात पक्की – सुबह : 11 .04
हीरोज – रात : 09 .48

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह-10 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

# रोज 500 गेंद खेल स्पिन पर सरफराज ने बनाई पकड़

## पिता के मार्गदर्शन में 15 साल तक की कड़ी मेहनत, राजकोट टेस्ट में दो अर्धशतक जड़े



नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के आई काम
- मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की गेंद खेलते थे

सरफराज खान का अपने पदार्पण टेस्ट में इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ दबदबा बनाना संयोग नहीं है बल्कि यह अपने पिता नौशाद खान के मार्गदर्शन में 15 साल तक हर दिन 500 गेंद खेलने की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

सरफराज ने राजकोट में अपने पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जड़कर दिखा दिया कि भारतीय टीम में उनका भविष्य उज्ज्वल है। इस क्रिकेटर को अपने पिता के 'माचो क्रिकेट क्लब' में कौशल निखारने और घरेलू क्रिकेट में वर्षों तक ढेरों रन बनाने के बाद पदार्पण का मौका मिला। कुछ वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित योजना राजकोट में टॉम हार्टले, जो रूट और रेहान अहमद जैसे स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के काफी काम आई। उन्होंने विशेष रूप से कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान कड़ी मेहनत की। मुंबई के सरफराज की प्रगति को करीब से देखने वाले कोच ने कहा, मुंबई में ओवल, क्रॉस और आजाद मैदान पर प्रतिदिन ऑफ, लेग और बाएं हाथ के स्पिनरों की 500 गेंद खेलने से ऐसा हो पाया।

उन्होंने कहा कि (कोविड) लॉकडाउन के दौरान उसने कार से 1600 किमी की यात्रा की। मुंबई से अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, कानपुर, मथुरा और देहरादून। उसने यात्रा की और ऐसी जगहों पर खेला जहां गेंद बहुत अधिक टर्न करती है, कुछ गेंद काफी उछाल लेती हैं और कुछ नीची रहती हैं। स्पिनरों के खिलाफ आसानी से कदमों का इस्तेमाल करने वाले सरफराज ने अपने कौशल को निखारने के लिए कड़ी मेहनत की है। सरफराज को तैयार करने का श्रेय हालांकि सिर्फ नौशाद को नहीं जाता।

भुवनेश्वर कुमार के कोच संजय रस्तोगी, मोहम्मद शमी के कोच बदरूद्दीन शेख, कुलदीप यादव के कोच कपिल देव पांडे, गौतम गंभीर के कोच संजय भारद्वाज और भारत ए के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के पिता आरपी ईश्वरन ने भी सरफराज को निखारने में कुछ ना कुछ योगदान दिया है। इन सभी ने स्पिनरों के खिलाफ सरफराज के नेट सत्र का आयोजन किया विशेषकर लॉकडाउन के दौरान। कपिल पांडे ने बताया, लॉकडाउन के दौरान नौशाद ने मुझे फोन किया क्योंकि हम दोनों आजमगढ़ के हैं और जब मैं भारतीय नौसेना का कर्मचारी था तो मुंबई में हमने क्लब क्रिकेट खेला है। इसलिए जब वह चाहता था कि उसके बेटे को अभ्यास का मौका मिले तो मुझे लगा कि यह मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान सरफराज ने हमारी कानपुर अकादमी में कुलदीप का सामना किया। उन्होंने एक साथ काफी नेट सत्र किए।

# पूर्व कप्तानों ने 'बैजबॉल' को बनाया निशाना

लंदन, एजेंसी



- नासिर और माइकल ने कहा-मेहमान टीम को मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत

इंग्लैंड के पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वान ने भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में 'बैजबॉल' (बेहद आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये की आलोचना करते हुए कहा है कि मेहमान टीम को हमेशा आक्रामक होकर खेलने की रणनीति की जगह मैच की स्थिति के अनुसार खेलने की जरूरत है। भारत ने रविवार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से हराकर टेस्ट क्रिकेट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारत के 557 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ढेर हो गई। मेजबान टीम 5 मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रही है। अंतिम दो टेस्ट रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे। वॉन ने कहा, यह स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के नेतृत्व में सबसे खराब हार थी और इसने उनकी रणनीति को उजागर किया। वे हर मौके पर आक्रामक नहीं हो सकते, उन्हें अपने लम्हों को चुनना होगा। हुसैन भी वॉन से सहमत दिखे।

हुसैन ने कहा, बैजबॉल आक्रामक होने के बारे में है लेकिन यह दबाव झेलने के बारे में भी है। इसके विपरीत अब तक श्रृंखला में दो दोहरे शतक लगाने वाले भारत के यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल और पदार्पण कर रहे सरफराज खान ने राजकोट में परिपक्व पारियां खेलीं और शॉट खेलने से पहले क्रीज पर समय बिताया। वॉन ने कहा कि उन्हें यह देखने की जरूरत है कि तीसरे दिन जायसवाल और शुभमन गिल ने कैसा प्रदर्शन किया। उन्होंने 30 या 40 गेंदों तक दबाव झेला और फिर उन्होंने बाउंड्री लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि टेस्ट बल्लेबाजी यही है। भारत ने 228.5 ओवर में 875 रन बनाए। कोई भी मुझे यह नहीं कह सकता कि भारत को यहां बल्लेबाजी करते देखना उबाऊ था। हैदराबाद में सीरीज का शुरुआती मैच जीतने के बाद से इंग्लैंड के लिए चीजें खराब होती गईं। मेहमान टीम के बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेले जिससे मेजबान टीम को फायदा मिला।

## खेल डायरी

### घरेलू क्रिकेट के 5 खिलाड़ियों ने कहा अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी। घरेलू क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ने वाले पांच दिग्गज खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी के इस सत्र के समापन के साथ ही खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है। इन खिलाड़ियों में बंगाल के दिग्गज मनोज तिवारी, झारखंड के बल्लेबाज सौरभ तिवारी और तेज गेंदबाज वरुण आरोन, मुंबई के धवल कुलकर्णी और विदर्भ के रणजी ट्रॉफी विजेता कप्तान फैज फजल हैं। इन खिलाड़ियों ने संन्यास लेने के अलग-अलग कारण बताए हैं जिनमें इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध नहीं होना तथा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त होना है। इन कारणों से ये खिलाड़ी दूसरे काम या फिर राजनीति से जुड़ना चाहते हैं। आरोन, मनोज और फजल ने उसी मैदान पर अपने करियर को अलविदा कहा जिसमें उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत की थी। इन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट में निश्चित तौर पर कमी खलेगी। बंगाल के मनोज तिवारी ने सोमवार को बिहार के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाकर अलविदा कहा।

### केकेआर ने किया दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन के विकल्प के तौर पर सोमवार को श्रीलंका के दुष्मंता चमीरा को टीम में शामिल किया। आईपीएल आयोजकों ने बयान में कहा कि चमीरा 50 लाख की आधार कीमत पर केकेआर से जुड़े हैं। श्रीलंका का यह तेज गेंदबाज 2018 और 2021 सत्र में क्रमश: राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का हिस्सा रह चुका है। चमीरा ने 2022 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स का प्रतिनिधित्व किया और 12 मैच में नौ विकेट चटकाए।

### बायर्न म्यूनिख की तीसरी हार, बोकुम ने हराया

बर्लिन, एजेंसी। बायर्न म्यूनिख को रविवार को यहां लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा जब बोकुम ने बुंदेसलीगा फुटबॉल मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 11 बार के गत चैंपियन को 3-2 से हराया। इस हार के बाद बायर्न म्यूनिख की टीम शीर्ष पर चल रहे बायर्न लीवरकुसेन से आठ अंक पीछे है जबकि 12 दौर का खेल बाकी है। बायर्न म्यूनिख को पिछले सप्ताहांत लीवरकुसेन में 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि चैंपियन्स लीग में लाजियो ने भी उसे हराया। इस प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में थामस टचेल के भविष्य को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।



### रीयाल मैड्रिड को रेयो वालेकानो ने बराबरी पर रोका

मैड्रिड, एजेंसी। रीयाल मैड्रिड को स्पेनिश फुटबॉल लीग में रेयो वालेकानो ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया जबकि अंतिम स्थान पर चल रहे अल्मेरिया ने अनचाहा रिकॉर्ड बनाया जब वह ला लीगा में 28 मैच जीतने में नाकाम रहने वाली पहली टीम बना। अल्मेरिया ने ग्रेनाडा से 1-1 से ड्रॉ खेला। टीम मौजूदा सत्र में 25वां मैच जीतने में नाकाम रही जबकि पिछले सत्र में भी अपने अंतिम तीन मुकाबले नहीं जीत पाई थी। रीयाल मैड्रिड को जोसेलु ने तीसरे ही मिनट में बढ़त दिला दी थी लेकिन मेजबान टीम ने 27वें मिनट में पेनल्टी पर राल डि टॉम्स के गोल की बदौलत बराबरी हासिल की। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ड्रॉ से मैड्रिड की दूसरे स्थान पर गिरोना पर बढ़त छह अंक की रह गई है। रीयाल मैड्रिड के 25 मैच में 62 अंक हैं। गिरोना की टीम सोमवार को पांचवें स्थान पर चल रहे एथलेटिक बिलबाओ से खेलेगी। गिरोना के 24 मैच में 56 अंक हैं। बार्सीलोना 54 अंक के साथ तीसरे जबकि एटलेटिको मैड्रिड 51 अंक के साथ चौथे पायदान पर है। अन्य मुकाबलों में छठे स्थान पर चल रहे रीयाल सोसीदाद ने मालोर्का को 2-1 से हराया जबकि सातवें स्थान पर चल रहे रीयाल बेटिस को 12वें स्थान पर चल रहे अलावेस ने गोल रहित बराकरी पर रोका।

# बुमराह को रांची टेस्ट में मिल सकता है विश्राम, राहुल की वापसी संभव

## पांच मैचों की श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह ने 80.5 ओवर फेंके और 17 विकेट

राजकोट, एजेंसी



भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है जबकि 'क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहल टीम में वापसी कर सकते हैं। पांच मैचों की इस श्रृंखला में बुमराह सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम 3 मैचों में 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई थी। भारत इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा कि टीम कल रांची के लिए रवाना होगी और बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि पहले 3 टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था। भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी। राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। श्रृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट के कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।


### हम रांची में जीतने के इरादे से उतरेंगे : बेन स्टोक्स



राजकोट। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि टीम जल्द तीसरे टेस्ट मैच में मिली हार के सदमे से उबरते हुए रांची में चौथे मैच को जीतने के इरादे से उतरेगी। स्टोक्स ने हो रही आलोचनाओं पर कहा कि हमें हार की हताशा को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। स्टोक्स भी पहली पारी में रवींद्र जाडेजा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में 41 के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे। स्टोक्स ने कहा कि हर किसी के पास किसी चीज को लेकर अपनी राय है लेकिन वास्तव में ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के विचार ही हमारे लिए मायने रखते हैं। हमें पता है कि नतीजा हमेशा आपके पक्ष में नहीं आता लेकिन अभी भी हमारे पास इस श्रृंखला को 3-2 से जीतने का मौका है। हम अगले मैच की ओर बढ़ने से पहले इस हार की हताशा को यहीं छोड़ देंगे।

# नए खिलाड़ियों ने दिखाया कि अनुभव सब कुछ नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- श्रृंखला में यशस्वी ने दो दोहरे शतक जड़कर खुद को आक्रामक बल्लेबाज के तौर पर किया स्थापित

इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारत की हार के बाद टीम की बल्लेबाजी पर सवाल उठे थे लेकिन दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में टीम के युवा बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली है।

श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल ने खुद को आक्रामक सलामी बल्लेबाज के तौर पर स्थापित किया और लगातार दो दोहरे शतक जड़कर इस खिलाड़ी ने साबित किया कि वह लंबी रेस का घोड़ा हैं। जायसवाल के खेल में रनों की भूख दिखती है। राजकोट में उन्होंने धैर्य से बल्लेबाजी की और क्रीज पर समय बिताने के बाद बेखौफ बड़े शॉट लगाए। अनुभवी जेम्स एंडरसन के खिलाफ 3 छक्के उनके आत्मविश्वास की कहानी बयां करते हैं। उन्होंने दिखाया कि वह जरूरत के मुताबिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों शैली में खेल सकते है। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने भी अपने खेल से प्रभावित किया। सरफराज ने दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ा तो जुरेल ने पहली पारी में 46 रन बनाकर बेहतर बल्लेबाजी का सबूत दिया।

जुरेल को हालांकि स्पिनरों की पिचों पर विकेटकीपिंग कौशल को थोड़ा और निखारने पर काम करना होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी इन तीनों युवा खिलाड़ियों से प्रभावित दिखे। उन्होंने इनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, ये आजकल के बच्चे। लंबे समय से राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे सरफराज को विराट कोहली और लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पारी की पहली ही गेंद से पूरा आत्मविश्वास दिखाया।

# भारतीय महिलाओं ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम हारी

बुसान, एजेंसी

### विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप



भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को हराया लेकिन पुरुष टीम को मेजबान द. कोरिया के खिलाफ लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को हराया। दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को हराकर भारत की जीत की।

# छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश का रणजी मुकाबला ड्रा

- कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के बीच इकाना स्टेडियम में खेला गया रणजी मुकाबला सोमवार को ड्रा हो गया। मैच के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के प्रियम गर्ग ने नाबाद शतकीय पारी खेली। आखिरी दिन यूपी को जीत के लिए 376 रन का लक्ष्य मिला। चाय के समय तक टीम ने तीन विकेट खोकर 201 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। बाद में दोनों टीमों के कप्तानों की सहमति से मुकाबले को ड्रॉ घोषित किया गया। मुकाबले में पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर छत्तीसगढ़ ने तीन अंक अर्जित किए, जबकि उत्तर प्रदेश को महज एक अंक से संतोष करना पड़ा। अंकों से अब दोनों टीमों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। दोनों ही टीमें पहले ही नॉकआउट राउंड से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने आज पांच विकेट खोकर 124 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने करीब 45 मिनट बल्लेबाजी की और आठ विकेट पर 199 रन पर पारी घोषित कर दी। अजय ने 51 रनों की नाबाद पारी खेली। उत्तर प्रदेश से शिवम शर्मा ने 34 पर तीन और सौरभ कुमार ने 72 पर दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश को 72 ओवर में 376 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश टीम को पहला झटका 44 रन पर लगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी 14 रन पर आउट हो गए। उन्होंने जीवेश की गेंद पर अनुज तिवारी को आसान कैच थमा दिया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे शिवम ने प्रियम गर्ग के साथ पारी को संभला। लेकिन शिवम शर्मा ज्यादा देर नहीं टिक सके। उन्हें रिटायर हर्ट करार दिया गया। कप्तान नितीश राणा 20 और करन शर्मा 10 रन बनाकर आउट हो गए।



शतकीय पारी खेलने वाले प्रियम।

## बॉलीवुड हलचल

### बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक जारी



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' के टाइटल ट्रैक को अनिरुद्ध रविचंदर और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे है, जबकि विशाल मिश्रा ने इसे कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ शामिल हैं। बड़े मियां छोटे मियां ईद के मौके पर इस वर्ष रिलीज की जाएगी।

### अरविंद और पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री पारुल ठाकुर का गाना करेजा करीना नियन रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत गाना करेजा करीना नियन को अरविंद अकेला कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है। गाना करेजा करीना नियन को लेकर कल्लू ने कहा कि यह गाना भोजपुरी के तमाम लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेगा इसमें वह पूरी क्षमता है। गाने का निर्माण भव्य पैमाने पर हुआ है, जो किसी को भी अपना दीवाना बना लेने वाला है। शिल्पी राज एक बेहतरीन सिंगर है और पारुल ठाकुर उतनी ही बेहतरीन अभिनेत्री है। दोनों के साथ मिलकर हमने एक मजेदार गाना बनाया है। उम्मीद करता हूं कि सभी को पसंद आयेगा और आप खूब आशीर्वाद से नवाजेंगे साथ ही इस गाने को चार्टबस्टर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी गाने अपने दर्शकों के लिए बनाते हैं और यह गाना भी उन्हीं को समर्पित है। अक्सर लड़कियों की ख्वाहिश आम जिंदगी में बॉलीवुड स्टार जैसे दिखने की होती है।

### माही और गोल्डी का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज



मुंबई, एजेंसी। माही श्रीवास्तव और गोल्डी यादव का गाना रंग डाला रंगदार रिलीज हो गया है। 'रंग डाला रंगदार' होली सांग वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में गोल्डी यादव के साथ माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को होली में रंग गुलाल लगाने की हिदायत दे रही है और उसे होली खेलने का ऑफर भी कर रही है। गाने की वीडियो में दिखाया गया है कि माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को ऑफर देते हुए कहती है कि... रंग छोटा लगाइएगा गाल को कवर मत करिएगा लेकिन दिल से मोहब्बत को जता के जाईएगा। इस बात को माही श्रीवास्तव शानदार ठुमका लगाते हुए रंग से सराबोर और सखी सहेलियां के साथ नाचते, गाते हुए कहती है कि... 'होली में तोहरा के देत बानी ऑफर, छोटा लगाइहा गाल करब ना काभर, दिल के मोहब्बत तू जता के जइहा हो, ये इयार रंगदार रंग लगा के जइहा हो...' इस गाने को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फागुन का महीन अब बस शुरू होने ही वाला है। जिसमे हर तरफ रंग और गुलाल उड़ता हुआ नजर आएगा। ऐसे में लोगों को फागुन के गीत सुनना बहुत पसंद आते हैं इसी त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमने होली के गीत रिलीज करने शुरू कर दिए हैं जिससे दर्शकों की होली इस बार और भी रंगीन हो जाए। गाने को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। जो दर्शकों को अभी से पसंद भी आ रहा है। वही माही श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे गाने में काम करके बहुत मजा आया है क्योंकि होली मेरा फेवरेट त्योहार है। इस गाने में मैंने होली आने से पहले ही होली का आनंद ले लिए। वन में सभी एक दूसरे को रंग लगा रहे हैं। गाना परफॉर्म करते समय पता ही नहीं चला कि हम शूट पर हैं।

### छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाएंगे रितेश देशमुख



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता रितेश देशमुख, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। रितेश देशमुख फिल्म 'राजा शिवाजी' का निर्देशन करने जा रहे हैं, जबकि जेनेलिया देशमुख, ज्योति देशपांडे फिल्म की प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा प्रस्तुत किया गया है। रितेश देशमुख ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म 'राजा शिवाजी' की अनाउंसमेंट की। साथ ही कैप्शन में मराठी में लिखा गया है, इतिहास के गर्भ में एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया जिसका अस्तित्व नश्वरता से भी आगे निकल गया। एक छवि, एक किंवदंती, जो ज्वलंत प्रेरणा की एक शाश्वत भट्टी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज.. सिर्फ एक ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं हैं। ये साढ़े तीन सौ साल की एक अनुभूति है, असाधारण वीरता की एक चिंगारी है.. हर किसी के दिल में उगता हुआ आशा का एक महान सूरज है। शिव राय की महागाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करना हमारी प्रबल महत्वाकांक्षा थी। एक शानदार बेटे की महाकाव्य यात्रा जिसने एक विशाल शक्ति को उखाड़ फेंका और स्वराज्य की लौ जलाई. एक योद्धा, जहां बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती. जिन्होंने ज़मीन पर नहीं बल्कि रैयतों के दिमाग पर शासन किया...और इसलिए सभी के मुखी का नाम...'राजा शिवाजी।


### निरहुआ-आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की वेब सीरीज पूर्वांचल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पूर्वांचल वेब सीरीज का निर्माण यशी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से हुआ है। यह फिल्म 21 फरवरी को ओटीटी ऐप चौपाल पर रिलीज की जाएगी। इसे लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व वेब सीरीज है जिसकी कहानी सत्य घटनाओं से प्रेरित कहा जा सकता है। यह पूर्वांचल के लोगों की अपनी कहानी है। इसलिए हम पूर्वांचल की जनता से आग्रह करेंगे की विशेष कर अपनी इस कहानी को जरूर देखें और अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि अभय सिन्हा की पहल पर इस वेब सीरीज का निर्माण हुआ है और हम इसकी सराहना भी करते हैं कि उन्होंने भोजपुरी में भी एक शानदार शुरुआत की है, क्योंकि जिस दौर में दुनिया भर में सिनेमा आ चुकी है, उसे दौर में अब भोजपुरी काफी पदार्पण इस सीरीज के माध्यम से हो रहा है यह हम सबों के लिए गर्व की बात है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## मनमोहक



गुवाहाटी में सोमवार को आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते कलाकार। ● एजेंसी

## ब्रिटेन के स्कूलों में मोबाइल प्रतिबंधित

**लंदन, एजेंसीः** ब्रिटेन सरकार ने अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने तथा बच्चों को साइबरबुलिंग और चिंता से बचाने के लिए हर स्कूल में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए दिशानिर्देश जारी हुआ है, जिसमें स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश हैं। स्कूल को मोबाइल फोन के प्रयोग पर रोक लगानी चाहिए, न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी।

### कटरा से बारामूला तक विद्युतीकरण का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# कश्मीर घाटी में आज चलेगी पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

**श्रीनगर, एजेंसी**

- परियोजना पूरा होने से जम्मू से श्रीनगर साढ़े 4 घंटे में जा सकेंगे
- संगलदान से बनिहाल तक 16 पुल, जिनमें 11 प्रमुख

कश्मीर में पहली विद्युत चालित ट्रेन मंगलवार से शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू में एक जनसभा में कश्मीर घाटी को भारत से जोड़ने वाली परियोजना का शुभारंभ करेंगे।

परियोजना श्री माता वैष्णो देवी कटरा से बनिहाल के बीच के 111 किमी के निर्माणाधीन खंड में बनिहाल से खड़ी, सुंबड़ के रास्ते संगलदान तक 48 किलोमीटर के खंड के साथ ही संगलदान से बारामूला तक करीब 185 किमी की लाइन के विद्युतीकरण का लोकार्पण और घाटी की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन का संचालन होगा। नई लाइन के चालू होने और विद्युतीकृत ट्रैक के उद्घाटन के साथ ही अब कश्मीर घाटी में बारामूला से संगलदान तक 20 स्टेशनों वाले इस सेक्शन में स्वच्छ ईंधन से रेल परिवहन का नया इतिहास लिखा जाएगा। श्रीनगर होते हुए बारामूला तक लगभग 138 किलोमीटर का खंड तथा ऊधमपुर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक 23 किमी का खंड पहले ही बन चुका है।

रामबन जिला मुख्यालय के पास स्थित शहर संगलदान से बनिहाल के खंड में कुल 16 पुल हैं, जिनमें 11 प्रमुख पुल, 4 छोटे पुल और 1 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) शामिल हैं। इस खंड का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सुरंगों में है, जिसमें कुल 11 सुरंगें हैं जो 43.37 किलोमीटर की लंबाई में हैं, जिसमें देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग, टी -50 भी शामिल है, जो खड़ी-सुम्बर खंड में 12.77 किलोमीटर लंबी है।

सुरक्षा और बचाव के लिए, 3 एस्केप सुरंगें हैं, जिनकी कुल लंबाई 30.1 किमी है। इस खंड में 23.72 किमी तक फैले 30 मोड़ शामिल हैं। यात्री सुरक्षा और आराम को और बढ़ाने के लिए, कई उन्नत सुविधाओं को शामिल किया गया है।

## एक नजर

### पूर्वी अफगानिस्तान में भूस्खलन से 5 की मौत

**इस्लामाबाद।** पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण हुए भूस्खलन के चलते दूरदराज के एक गांव में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 25 लोग लापता हैं। नूरिस्तान प्रांत में तालिबान द्वारा नियुक्त सूचना एवं संस्कृति निदेशक समीउलहक हकबयान के अनुसार, रविवार रात हुए भूस्खलन के कारण नूरग्राम जिले में दो दर्जन से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए।

### धार्मिक टिप्पणी की आरोपी शिक्षिका के खिलाफ प्रदर्शन

**मंगलुरु।** विहिप और बजरंग दल ने सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को घंटाघर के पास विरोध-प्रदर्शन किया। शिक्षिका ने पढ़ाने के दौरान हिंदू धर्म के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी की थी। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन करने के लिए भाजपा विधायकों, वेदव्यास कामत और वाई. भरत शेट्टी, विहिप नेता शरण पंपवेल और पार्षदों भरत और संदीप गरोड़ी के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की। आरोप है कि सेंट गेरोसा स्कूल की शिक्षिका प्रभा ने रवींद्रनाथ टैगोर की कविता 'कार्य ही पूजा है' पढ़ाते समय हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने जांच लंबित रहने तक उनके पद से हटा दिया था।

### लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र बने थल सेना उप प्रमुख

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को थल सेना के उपप्रमुख का पदभार संभाला। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार से यह जिम्मेदारी ली है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें सैनिक सलामी दी गई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार द्विवेदी 2022 से उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे। सैनिक स्कूल, रीवा (मध्य प्रदेश) से शिक्षित-प्रशिक्षित जनरल द्विवेदी को 1984 में 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में नियुक्त किया गया था और तरक्की करते करते एक दिन उन्होंने इस इकाई की कमान संभाली।


### पकिस्तान में संगीत कार्यक्रम में पथराव

**लाहौर।** पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान कट्टरपंथी छात्र संगठन ने इस्लामी नारे लगाते हुए प्रतिभागियों पर पथराव किया। घटना रविवार शाम पत्रकारिता विभाग के बाहर हुई, जहां 180 से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक रात्रिभोज के लिए एकत्र हुए थे। एक छात्र पंविवि के संचार अध्ययन विद्यालय में अपने हार्मोनियम के साथ प्रख्यात गायक नुसरत फतेह अली खान के गीत पर प्रस्तुति दे रहा था, तभी कट्टरपंथी इस्लामी जमीयत तुलेबा (आईजेटी) के करीब 10 सदस्यों का समूह वहां पहुंचा और प्रतिभागियों पर पथराव कर दिया उन्होंने कहा कि हमलावरों ने इस्लामी नारे लगाए।

# पीटीआई ने कहा- सुन्नी इत्तेहाद में निर्दलीय होंगे शामिल

### चुनावी परिणाम से पाकिस्तान में त्रिशंकु संसद की स्थिति, निर्दलियों को अधिसूचना के 3 दिन में पार्टी में शामिल होना था

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सोमवार को कहा कि 8 फरवरी को हुए चुनाव में जीत हासिल करने वाले पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। मुस्लिम बहुल देश में सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का गठबंधन है जो सुन्नी इस्लाम के मत के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर खान ने कहा कि नेशनल असेंबली, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा विधानसभाओं में हमारे उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल होंगे। पीटीआई द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने संसद में अधिकतम सीटें जीती हैं लेकिन पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा की है कि वे 8 फरवरी के चुनावों के परिणाम के बाद गठबंधन सरकार बनाएंगे। चुनाव के परिणाम के बाद देश में त्रिशंकु संसद की स्थिति बन गई। चुनाव में जीत दर्ज करने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों को परिणामों की अधिसूचना के 3 दिनों में एक पार्टी में शामिल होना था। पीएमएल-एन और पीपीपी द्वारा चुनाव के बाद गठबंधन का मतलब यह हो सकता है कि पीटीआई अगली संघीय सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी। खान की पार्टी ने आरोप लगाया कि दोनों प्रतिद्वंद्वी दल जनादेश को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। खान की संकटग्रस्त पार्टी को शनिवार को उस समय बड़ा हौसला मिला जब रावलपिंडी में चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि चुनाव में धांधली हुई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव रद करने की याचिका लगाने वाले को फटकारा

**इस्लामाबाद।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कथित धांधली के कारण चुनावों को अमान्य घोषित करने की अपील करने वाले याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी को सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित नहीं रहने पर कड़ी फटकार लगाई और तलब किया। डान अखबार की खबर के मुताबिक प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अगुवाई वाली शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अली खान की याचिका पर सुनवाई की लेकिन याचिकाकर्ता अदालत के सामने पेश नहीं हुए। पीठ में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली भी शामिल थे। अदालत ने कहा, "क्या याचिका केवल प्रचार के लिए दायर की गई थी? इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। हम उच्चतम न्यायालय का गलत तरीके से इस्तेमाल नहीं होने देंगे।" पीठ ने यह भी कहा कि याचिका 12 फरवरी को दायर की गई थी लेकिन मीडिया में इसकी रिपोर्ट पहले ही आ गई थी।

### 3 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव परिणाम निलंबित

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने तीन उम्मीदवारों की जीत को चुनौती देने के बाद राजधानी के तीन निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव परिणाम को सोमवार को निलंबित कर दिया। जेल में बंद इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित तीन उम्मीदवारों आमिर मुगल, शोएब शाहीन और मोहम्मद अली बुखारी ने चुनाव हारने के बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर करके चुनाव परिणाम में धांधली का आरोप लगाया था। इस मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) द्वारा एनए-46, एनए-47 और एनए-48 सीट के लिए जारी चुनाव परिणाम अधिसूचनाओं को निलंबित कर दिया। अदालत ने अंजुम अकील खान, तारिक फजल चौधरी और राजा खुर्रम नवाज की जीत पर रोक लग दी जिन्होंने उक्त तीन सीट पर क्रमशः जीत हासिल की थी।

## पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत में तलब

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- लापता बलोच छात्रों के मामले में इस्लामाबाद हाईकोर्ट के निर्देश
- दूसरी बार पेश नहीं होने पर न्यायाधीश ने जताई नाराजगी

पाकिस्तान की अदालत ने सोमवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ को कई लापता बलोच छात्रों से संबंधित मामले में दूसरी बार पेश होने में विफल रहने पर नाखुशी जताई और कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहसिन अख्तर कयानी ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अदालत में आने को अपमान नहीं समझना चाहिए। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, न्यायाधीश ने कहा कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अगली सुनवाई के लिए कराची नहीं जाना चाहिए, बल्कि इस अदालत के सामने पेश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। प्रधानमंत्री को इसलिए बुलाया गया क्योंकि वह जवाबदेह हैं। उच्च न्यायालय ने सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित करते हुए काकड़ को फिर से तलब किया। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत के सामने पेश होने में विफल रहे हैं। पिछले साल नवंबर में अदालत ने सरकार को लापता छात्रों को सात दिन के भीतर बरामद करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि यदि अधिकारी आदेश का पालन करने में विफल रहे तो काकड़ अपने मंत्रियों और संबंधित मंत्रालयों के सचिवों के साथ 29 नवंबर को अदालत में पेश होंगे।

## हूती विद्रोहियों के हमले से बेलिजे ध्वज वाले जहाज को भारी क्षति

**दुबई, एजेंसी**

- अमेरिका के एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा भी किया

लाल सागर और अदन की खाड़ी को जोड़ने वाले बाब अल-मनदेब जलडमरूमध्य में हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में मध्य अमेरिकी देश बेलिजे के ध्वज वाले जहाज को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते चालक दल के सदस्यों को जहाज खाली करना पड़ा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने बताया कि रविवार को हूती विद्रोहियों के हमले की चपेट में आए जहाज को काफी नुकसान हुआ है। केंद्र ने कहा, सैन्य अधिकारियों ने बताया है कि चालक दल ने जहाज खाली कर दिया है। जहाज को किनारे लाकर खड़ा कर दिया गया है और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। हूती ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने एक बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि जहाज पर अब डूबने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा, जहाज को भीषण नुकसान हुआ है और उसे पूरी तरह से रोक दिया गया है। अभियान के दौरान हमने चालक दल की जहाज से सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की।

## दिल्ली दंगेः हत्या के 4 आरोपी कोर्ट से बरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगों में हुई दो की हत्या के 4 आरोपियों को बरी करते हुए कहा है कि कोई सबूत नहीं पेश किया गया कि आरोपी दंगाई भीड़ का हिस्सा थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रामचला यहां अशोक, अजय, शुभम और जितेंद्र कुमार नाम के व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज दो मामलों की सुनवाई कर रहे थे। इन पर, संप्रदायिक हिंसा के दौरान 25 फरवरी 2020 को बृजपुरी में अशफाक हुसैन और जाकिर की हत्या का आरोप है। अदालत ने पिछले हफ्ते जारी किये दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि कोई भी आरोपी व्यक्ति हुसैन और जाकिर की हत्या में संलिप्त था।

# महिलाओं से निष्पक्ष बर्ताव की नीति होः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- तटरक्षक महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने से इनकार पर जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय तटरक्षक की महिला अधिकारियों को 'स्थायी कमीशन' (सेवानिवृत्ति तक सेना में बने रहने की अनुमति) प्रदान करने से इनकार किए जाने पर नाराजगी जताते हुए सोमवार को कहा कि समुद्री बल को महिलाओं के साथ निष्पक्ष बर्ताव करने वाली नीति अवश्य लानी चाहिए।

शीर्ष अदालत महिला अधिकारी प्रियंका त्यागी की याचिका पर सुनवाई कर रही है जिन्होंने तटरक्षक में पात्र महिला 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' (एसएससी) अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने का अनुरोध किया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि आप नारी शक्ति की बात करते हैं। अब यहां दिखाइए। आपको अवश्य ऐसी नीति लानी होगी, जिसमें महिलाओं के साथ निष्पक्ष बर्ताव किया जाए। पीठ ने पूछा कि क्या केंद्र तीनों सशस्त्र बलों-थलसेना, वायुसेना और नौसेना-में महिलाओं को स्थाई कमीशन प्रदान करने के शीर्ष अदालत के फैसलों के बावजूद अब भी 'पितृसत्तामक रवैया' अपना रही है। पीठ ने तटरक्षक की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी से पूछा कि आप इतने पितृसत्तात्मक क्यों हो रहे हैं? क्या आप तटरक्षक में महिलाओं का चेहरा नहीं देखना चाहते? पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता एकमात्र एसएससी महिला अधिकारी हैं जो स्थायी कमीशन चुन रही हैं, और सवाल किया किया कि उनके मामले पर विचार क्यों नहीं किया गया।

न्यायालय ने कहा कि अब, तटरक्षक को अवश्य ही एक नीति लानी होगी। पीठ ने यह भी पूछा कि क्या तटरक्षक में महिला अधिकारियों के लिए स्थाई कमीशन का प्रावधान है।

### सेना में महिलाओं को उच्च पद देने से जुड़ी नीति 31 मार्च तक

**नई दिल्ली।** केंद्र ने उच्चतम न्यायालय को सोमवार को बताया कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों को उच्चतर पद दिये जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमण्यन की दलील पर गौर किया और निर्देश दिया कि एक अप्रैल तक एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। बालासुब्रमण्यन ने पीठ से कहा कि महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति और नियमित बड़ी इकाई में कमान सौंपे जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी।

## भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामदगी पर जमानत में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिएः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतों को ऐसे मामले में आरोपी को नियमित जमानत देने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए, जिसमें भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया हो और खासकर तब जब आरोपी का कथित तौर पर आपराधिक इतिहास हो। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें 232.5 किलोग्राम गांजा की कथित जब्ती से संबंधित एक मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय इस बात पर विचार करने में विफल रहा कि आरोपी का आपराधिक इतिहास था और उसे पहले से ही स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दो मामलों में दोषी ठहराया गया था। पीठ ने 12 फरवरी को पारित अपने आदेश में कहा कि इतनी भारी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी के मामले में, अग्रिम जमानत की तो बात छोड़िए, अदालतों को आरोपी को नियमित जमानत देने में धीमी गति से काम करना चाहिए, खासकर तब जब आरोपी का आपराधिक इतिहास हो। अदालत उच्च न्यायालय के जनवरी 2022 के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु राज्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसने एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामले में आरोपी को अग्रिम जमानत दी थी।

## इजराइल-हमास युद्ध में अब तक 29 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत

**रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

- गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया खुलासा, मरने वालों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र में 29 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास के शासन वाले गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीते 24 घंटे में 107 शव अस्पतालों में लाए गए हैं, जिसके बाद युद्ध शुरू होने से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 29,092 हो गई है। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितने आम लोग और कितने लड़ाके मारे गए हैं। हालांकि उसने बताया कि मारे गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि 69 हजार से अधिक फलस्तीनी घायल हुए हैं। सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने दक्षिण इजराइल पर हमला कर दिया था, जिसमें 1,200 के आसपास लोग मारे गए थे, जबकि करीब 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया था।

## अट्टुकल पोंगाला उत्सव



तिरुवनंतपुरम में सोमवार को अट्टुकल पोंगाला उत्सव से पहले बच्चे अटुकल भगवती मंदिर में कुथियोट्टम अनुष्ठान करते हुए। ● एजेंसी

**नई खोज** एक अदृश्य चंद्रमा क्षुद्रग्रह के छल्लों की रचना करता है, शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने

# क्षुद्रग्रह के भी हो सकते हैं शनिग्रह के समान छल्ले

**संवाददाता, नैनीताल**



**अमृत विचार :** किसी क्षुद्रग्रह के शनिग्रह के समान छल्ले (वलय) भी हो सकते हैं। यह हैरान करने वाली खबर है। वैज्ञानिकों को इस क्षुद्रग्रह पता 2013 में चल गया था। मगर इसके छल्लों का रहस्य अब उजागर हो पाया है। नई खोज के अनुसार एक अदृश्य चंद्रमा इस क्षुद्रग्रह के छल्ले बनाने में मदद कर रहा है।

चारिक्लो एक छोटी सी दुनिया है, जो मात्र 320 किमी से भी कम चौड़ी है। यह अन्य क्षुद्रग्रह की तरह ही है और शनि व यूरेनस के बीच परिक्रमा करता है। चारिक्लो के दो पतले छल्ले हैं, जिनकी चौड़ाई केवल कुछ मील की है। वर्ष 2013 में इसे खोजा गया था। तब से वैज्ञानिक इस बात पर हैरान थे कि इस

क्षुद्रग्रह के छल्ले कैसे बने होंगे और वह किस तरह का व्यवहार करते हैं। इसका पता लगाने के लिए टक्सन, एरिज़ोना में प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट और सैन एंटोनियो, टेक्सास ट्रिनिटी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दाफाश किया है। उनका कहना है कि इसका एक छोटे से आकर का अदृश्य चंद्रमा है। शनि के छल्लों की तरह चारिक्लो के वलय लाखों कणों से बने हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वे संभवतः पानी की बर्फ से बने हैं। लाखों वलय कणों का मॉडलिंग करके निर्धारित किया कि एक छोटा सा चंद्रमा उन्हें बनाए रखने में मदद कर सकता है।

शनि ग्रह की पतली एफ रिंग भी इसी तरह की है। चारिक्लो के चारों ओर दो पतले छल्लों की खोज अपनी तरह की पहली आश्चर्यजनक खोज है। नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए यह रहस्य उजागर हो सका। पिछले साल वेब को इसकी जांच को लगाया गया था और जो डेटा हासिल प्राप्त हुआ, उसीसे वैज्ञानिक इस निष्कर्ष तक पहुच पाए।

### 1600 के दशक में पहली बार दूरबीन से देखे गए थे शनिग्रह के छल्ले

**नैनीताल :** हमारे सौर मंडल में गैस के विशाल ग्रहों में रिंग सिस्टम हैं। जिनमें शनि की वलय प्रणाली को 1600 के दशक में दूरबीन से पहली बार देखा गया था। 1970 और 80 के दशक में नासा के वोयाजर अंतरिक्ष यान ने बृहस्पति और नेपच्यून के छल्ले देखे। 1977 में यूरेनस के छल्ले देखे गए थे। हमारे सौर मंडल में सभी चार गैस विशाल ग्रह को वलय के रूप में जाना जाता है।

# अनुच्छेद 370 से संबंधित दावे के लिए नेशनल कांफ्रेंस आजाद पर भड़की

**श्रीनगर, एजेंसी**

नेशनल कांफ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद पर यह दावा करने के लिए सोमवार को निशाना साधा कि अनुच्छेद 370 हटाने से पहले पार्टी के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला से विचार-विमर्श हुआ था। आजाद ने आरोप लगाया कि ऐसी अफवाह थी कि फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बारे में पहले से पता था और सार्वजनिक रूप से उन्होंने सरकार से उन्हें जेल में रखने के लिए कहा था। श्री आजाद ने यह भी कहा कि एनसी नेता अक्सर केंद्रीय नेताओं के साथ देर रात का समय मांग रहे थे। श्रीनगर से लोकसभा सदस्य फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि बहुत दुख की बात है कि "राजनीतिक हल्के में बने रहने के लिए आजाद ने इतने निचले स्तर का बयान दिया है। उनके जैसे नेता को ये बातें नहीं करनी चाहिए, जिन्हें वह खुद गपशप कहते हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस हमेशा धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी रही है, खड़ी रहेगी और अब समय आ गया है कि आजाद कांग्रेस से अलग होने व जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी बनाने का असली कारण बताएं।

### आजाद 2015 में राज्यसभा सीट के लिए मांग रहे थे भीख



**श्रीनगर।** एनसी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुलाम नबी आजाद पर निशाना साधा और कहा कि पूर्व कांग्रेस नेता 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट के लिए उनसे भीख मांग रहे थे। एनसी उपाध्यक्ष ने आजाद के दावों का मजाक उड़ाते हुये कहा, "वाह भाई वाह गुलाम नबी आज़ाद, आज इतना गुस्सा। वह गुलाम कहां है जो हाल ही में 2015 में जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा सीट के लिए हमसे भीख मांग रहा था? अब्दुल्ला को 370 के बारे में पता था। फिर भी हमें पीएसए सहित आठ महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया और आप आज़ाद थे, पांच अगस्त के बाद जम्मू-कश्मीर में एकमात्र पूर्व मुख्यमंत्री आज़ाद थे।